
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-252 ❐ मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



कांग्रेस का लगातार चुनाव हारना और उसके बाद आंदोलन के जरिए अपनी नाराजगी सड़कों पर जाहिर करना उसकी राजनीतिक कार्यशैली बन गई है।
शिवराज सिंह चौहान

देशों को एक-दूसरे की सीमाओं में दखल नहीं देना चाहिए : उपराष्ट्रपति 11

हरिद्वार में कैबिनेट के 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर, ऋषिकुल में बनेगा प्राच्य शोध संस्थान 12

संक्षेप

सर्वे के बाद कुकरैल नाइट सफारी के 3000 पेड़ कटने से बचे

लखनऊ। पर्यावरण की सुरक्षा के खातिर सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को तीन माह में अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में वन विभाग, पीडब्ल्यूडी और नियोजन विभाग मिलकर कुकरैल नाइट सफारी का पर्यावरणीय के लिहाज से सर्वे किया। जहां कुकरैल नाइट सफारी में पूर्व के सर्वे में 4600 से ज्यादा पेड़ कटने की अनुमति मांगी गई थी। वहीं कोर्ट के आदेश पर परियोजना में बदलाव के बाद सर्वे किया गया, जिसमें करीब 3000 पेड़ कटने से बच गए। इस संबंध में वन विभाग अनुपालन रिपोर्ट जल्द ही कोर्ट में दाखिल करेगा।डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि कोर्ट के दिशा निर्देश पर जू का ट्रांसफर, दो लेन सड़क निर्माण, एडवेंचर जोन और जलधाराओं पर छेड़छाड़ नहीं होगा। ऐसी स्थिति में परियोजना से कई प्रमुख निर्माणों को हटा दिया गया। ऐसे में कोर्ट के दिशा निर्देश पर दोबारा सर्वे कराकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसी रिपोर्ट में कुकरैल नाइट सफारी की नई डिजाइन बनेगी, जोकि कोर्ट की मंजूरी के बाद राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। प्रस्ताव पर अनुमति मिलने के बाद कुकरैल नाइट सफारी के शिलान्यास की तारीख तय की जाएगी।

सऊदी- हूती विद्रोहियों के बीच तनाव घटाने को ईरान तैयार

तेहरान। ईरान ने सऊदी अरब और यमन के बीच जारी संघर्ष को बातचीत के जरिये खत्म कराने में मदद की पेशकश की है। उसने कहा कि क्षेत्र में जारी हमले और तनाव किसी भी तरह से इस्लामी देशों और पूरे क्षेत्र के हित में नहीं हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका देश क्षेत्र के हालात को लेकर बेहद चिंतित है। ईरान दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इस संकट का वास्तविक समाधान बातचीत और आपसी सहमति से ही निकल सकता है। बघाई ने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने हालात बिगड़ने के बीच सऊदी अरब के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि ईरान और क्षेत्र के अन्य देशों के बीच लगातार संपर्क और विचार-विमर्श जारी है। तेहरान दोनों पक्षों के बीच संवाद को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ईरानी प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि तनाव बढ़ने से क्षेत्र में बाहरी ताकतों को फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि दो इस्लामी देशों के बीच संघर्ष और युद्ध जारी रहना किसी के हित में नहीं है। बघाई के मुताबिक अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों के कारण पहले ही क्षेत्र में काफी तनाव है। यमन के हालात पर उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और यमन के बीच पहले ही एक समझौता और रोडमैप तैयार किया गया था। इस समझौते के तहत उठाए जाने वाले कदमों को लागू करने का ईरान ने समर्थन किया था। उनका मानना है कि इस विवाद का समाधान पहले ही हो जाना चाहिए था।

हर दवा का मूल्य तय क्यों नहीं करती सरकार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देश में दवाओं और मेडिकल डिवाइस की कीमतों में भारी मुनाफाखोरी पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने व्यापारिक लाभ सीमा सिर्फ कैंसर की दवाओं पर लागू करने पर भी अदालत ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार हर दवा की कीमत क्यों नहीं तय करती? कोर्ट ने नियमन का दायरा बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्र सरकार से दवा कीमतों की व्यापक समीक्षा के लिए कहा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ में इस मामले पर सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि केंद्र ने कैंसर की कुछ खास दवाओं पर 30 प्रतिशत लाभ सीमा लगाने का निर्णय लिया है। पीठ ने पूछा, 'लेकिन यह सिर्फ कैंसर की दवाओं से जुड़ा हुआ है। बाकी दवाओं और पूरे



फार्मा बाजार के लिए ऐसा क्यों नहीं किया जाता?' इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार कैंसर की उन दवाओं की एक सूची जारी करेगी, जिन पर प्रस्तावित लाभ सीमा लागू होगी। इस सूची को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा।

पीठ ने स्पष्ट किया कि मरीजों को अनुचित दामों से बचाना जरूरी है और सरकार को पूरी व्यवस्था पर नियंत्रण रखने की पहल करनी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह जांचना जरूरी है कि क्या मौजूदा कीमत तय करने के तरीके मरीजों को मुनाफाखोरी से बचाते हैं, खासकर तब जब खरीद और बिक्री मूल्य में बहुत अधिक अंतर हो।' यह सुनवाई किशन चंद जैन की याचिका पर हो रही थी, जिसमें कहा गया है कि ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (2013) के तहत 82 प्रतिशत दवाएं गैर-अनुसूचित श्रेणी में आती हैं, जिससे कंपनियों को मनमानी एमआरपी तय करने की छूट मिलती है। मामले की अगली सुनवाई 27 अक्तूबर को होगी।

फॉर्म-6 अब तक न तो मंजूर, न ही नामंजूर किया गया : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसने नए फॉर्म-6 को न तो मंजूरी दी है, न ही इसे नामंजूर किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बिहार में मतदाता सूचियों के एसआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया गया था। यह टिप्पणी सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ ने एसआईआर से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में उठाए गए मुख्य मुद्दों में से एक 'फॉर्म-6' में बदलाव का है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग ने हाल में कहा कि फॉर्म-6 में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पांच अक्तूबर को कहा था कि फॉर्म-6 को मंजूरी नहीं दी गई है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, 'नए फॉर्म-6 पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। हमने बस इतना ही कहा है। मुख्य न्यायाधीश ने यही कहा था कि जब बिहार में एसआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई हुई थी, तब नए फॉर्म-6 मौजूद नहीं था। इसका अर्थ यह नहीं है कि सुप्रीम ● शेष पेज 11 पर

पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के पक्ष में नहीं शीर्ष अदालत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि वह दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंधात्मक आदेश के पक्ष में नहीं है। इसके बजाय अदालत ने आम जनता से अपील की है कि वे खुद ही कम से कम प्रदूषण वाले तरीकों को अपनाएं। इसके लिए कोर्ट ने जागरूकता की अपील करते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की पीठ दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर स्वतः संज्ञानात्मक कार्यवाही पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने कहा, 'हम धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगे, लेकिन लोगों को खुद आगे आकर इसे अपनाना चाहिए। पूरी प्रक्रिया में संतुलन बनाने वाला दृष्टिकोण होना चाहिए। नागरिकों को पटाखों से होने वाले स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है।'पीठ ने कहा कि वे ऐसे प्रतिबंधात्मक आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं हैं जिन्हें लागू करना मुश्किल हो। सीजेआई ने कहा, 'हमें आदेश पारित करते समय बहुत सावधान रहना होगा, जब तक कि हम उसे सही ढंग से लागू करने और संभालने की स्थिति में नहीं हों।' इससे पहले एमिकस ● शेष पेज 11 पर

देश में अराजकता-अव्यवस्था का पर्याय बनी कांग्रेस : योगी

यूपी की जनता ने 1985 से कांग्रेस को नकारा, देशभर में जनाधार खो चुकी है कांग्रेस

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से देश की राजधानी दिल्ली में लगातार देखा जा रहा है कि कांग्रेस व इंडिया गठबंधन न केवल आम जन को परेशान, बल्कि अव्यवस्था व अराजकता पैदा कर देश की संवैधानिक संस्थाओं को भी कठघरे में खड़ा करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। पहचान का संकट खड़ा करने और भ्रष्ट मंसूबों के कारण कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपनी साख पूरी तरह खो चुके हैं और उनके इस गैर-राजनीतिक व्यवहार को देश की जनता भली-भांति देख रही है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत में सीएम योगी ने कहा, आश्चर्य है कि चुनाव जीतने पर इनका पुरुषार्थ और हारने पर ईवीएम और इलेक्शन कमीशन दोषी हो जाता है। न्यायालय अगर मेरिट के आधार पर कोई फैसला देता है, तो माननीय न्यायालय को भी कठघरे में खड़ा करने का कुत्सित प्रयास किया जाता है। तमाम प्रकार की धमकियां देने का प्रयास होता है। ऐसे ही तमाम अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना, गाली-गलौच करना और अव्यवस्था फैलाना कांग्रेस की नियति का हिस्सा बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि जनता उन्हें हर बार क्यों ठुकरा रही है। 1985 के बाद से यूपी में कांग्रेस फिर नहीं आ पाई। यूपी की जनता ने कांग्रेस को 41 वर्ष पहले ही विदा कर दिया था। देश के अन्य राज्यों में भी लोगों का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है



- ❐ हार छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं व न्यायपालिका को भी कठघरे में खड़ा कर रही कांग्रेस
- ❐ चुनाव जीत जाएं तो पुरुषार्थ, हार जाएं तो ईवीएम दोषी, भारत की जागरूक जनता स्वीकार नहीं करेगी अराजकता

और वे इससे मुक्ति पा चुके हैं। कांग्रेस के लोगों को चाहिए कि वे अपने अकर्मण्य, भ्रष्टाचारी और जनता का विश्वास खो चुके नेतृत्व को बदलें। भारत में अराजकता न फैलाने और भारत की संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने का कुत्सित प्रयास न करें। सीएम योगी ने कहा कि भारत की जनता लोकतांत्रिक दृष्टि से बड़ी जागरूक है। वह इस अराजकता को स्वीकार नहीं करेगी। ऐसा नहीं है कि जनता बहुत दिनों और बहुत देर तक यह सब बर्दाश्त करेगी। अगर कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों ने अपने असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कृत्य बंद नहीं किए तो उन्हें बचा-खुचा जनाधार भी गंवाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता फैलाने से बाज आए। जनता-जनार्दन और युवाओं को गुमराह करने से बाज आए। मेरिट के आधार पर और मुद्दों पर चर्चा कर के स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा बने। यह देश के लोकतंत्र और जनता के हित में भी होगा।

सपा और शिक्षा कभी न मिलने वाले नदी के दो छोर

- ❐ गोरखपुर में शिक्षक मतदाता संवाद में बोले सीएम योगी, चार बार सपा के मुख्यमंत्री बने, शिक्षकों क्यों नहीं दे पाए कैशलेश इलाज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर उसके शासनकाल के दौरान शिक्षा व्यवस्था की चौपट करने का तंज कसते हुए कहा कि सपा और शिक्षा नदी के दो छोर हैं जो कभी मिलते नहीं हैं। समाजवादी पार्टी शिक्षा की धुर विरोधी है और जो शिक्षा का विरोधी होगा वह शिक्षक का हितैषी कभी नहीं हो सकता है। सीएम योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित शिक्षक मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड विधान परिषद सदस्य (शिक्षक एमएलसी) चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के पक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ भाजपा है जो शिक्षा, शिक्षण संस्थान, शिक्षक, सुरक्षा सबके लिए कार्य कर रही है और दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में शिक्षक तक सुरक्षित नहीं थे, कई शिक्षकों को तो अपनी सुरक्षा के लिए बंदूक लेकर विद्यालय जाना पड़ता था। उनके सपा के आचरण को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो धुर शिक्षा विरोधी हैं, वे आज शिक्षा के कायाकल्प की बात कर रहे हैं। जिनको शिक्षा से लेना-देना नहीं, वे शिक्षा के बारे में बोल रहे हैं, शिक्षकों को उपदेश दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एक वह समय भी था जब प्रदेश और यहां के युवाओं के सामने पहचान का संकट। छात्र चिंतित रहता था, कोई दिशा नहीं थी। नकल यहां की पहचान बन गई थी। विद्यालयों के भवन जर्जर थे, कोई पुरसाहाल नहीं था। युवा के सामने भविष्य का संकट था और समाजवादी पार्टी की उस समय की सरकार कान में तेल डाल करके सोती थी। उन्होंने कहा कि जो गुंडे शिक्षा व्यवस्था को चौपट करते थे, अराजकता फैलाते थे, बेटी-बहनों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए थे, उनको तबकी सरकार प्रश्रय देती थी। दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर के सम्मानित किया जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिक्षण संस्थान हो, शिक्षक हो, कोई बेटी-बहन हो, कोई सुरक्षा में सेंध नहीं लगा पाएगा। अगर सेंध लगाएगा तो तय है कि उसको जेल या जहन्नुम में से एक रास्ता चुनना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी पर करारा शाब्दिक प्रहार जारी रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के लोग नंबर एक के धोखेबाज और झूठे हैं। जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाई, आज वे अयोध्या आकर भी राम मंदिर में नहीं आते हैं। अयोध्या आकर मनगढ़ंत बातों से दुष्प्रचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने राम मंदिर के विरोध में पैरवी की, राम भक्तों पर गोलियां चलाईं, वे आज कालनेमि की तरह राम ● शेष पेज 11 पर

समंदर में दुश्मन की पनडुब्बियों को चुनौती देगा 'मंगरोल'

एजेंसी

मुंबई। उथले समुद्री क्षेत्र में चलने वाले तीसरे पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मंगरोल' को सोमवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इससे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है।

कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित यह पोत समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर काम कर सकता है। यह दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनके खतरे से निपटने में सक्षम है। इस पोत के नौसेना में शामिल होने से बंदरगाहों, समुद्री पत्तनों और तटीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा करने की नौसेना की क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही, यह बेड़े के व्यापक अभियानों में भी मदद करेगा। नौसेना की पश्चिमी कमान के फ्लैग



❐ नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ तीसरा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत

ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साथ ही कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच आईएनएस मंगरोल को नौसेना में शामिल किया जाना विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि समुद्र अब केवल व्यापार और संपर्क के माध्यम नहीं रह गए हैं, बल्कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी बदलाव ● शेष पेज 11 पर

सेना के लिए भारत चावल की शुरुआत बार्डर पर पहुंचेगा एफसीआई

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में सोमवार को सेना के लिए भारत चावल का शुभारंभ किया गया। इसके लिए सेना एवं भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि समझौते के तहत उच्च गुणवत्ता वाला चावल सीधे सेना के आपूर्ति डिपो तक पहुंचाया जाएगा, जिसमें लद्दाख और उत्तर पूर्व के दूरस्थ क्षेत्रों के डिपो भी शामिल हैं। इसे स्थानीय एफसीआई गोदामों से सेना के डिपो द्वारा नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने भारत चावल को



एक ऐसे भरोसे के बंधन के रूप में वर्णित किया जो किसान के खेत से शुरू होकर सैनिक की थाली तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि यह पहल जय जवान, जय किसान की भावना को मूर्त रूप देती है, क्योंकि यह एक सामूहिक संकल्प का प्रतीक है जहां किसान की मेहनत सैनिक की शक्ति में बदल जाती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह उच्च गुणवत्ता वाला चावल मानक निर्देशों के अनुसार सुविधाजनक पैकेजिंग में उपलब्ध कराया ● शेष पेज 11 पर

दुनिया में बढ़ी गरीबों की संख्या भारत में घटी : रिपोर्ट

एजेंसी

वाशिंगटन, एजेंसी। दुनियाभर में 2010 के बाद पहली बार बहुआयामी गरीबी में जीनेवाले लोगों की संख्या बढ़ी है। हालांकि भारत ने इसी दौर में गरीबी उन्मूलन में बड़ा सुधार दर्ज किया है। भारत ने बीते करीब डेढ़ दशक में अपने करीब 41.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और 'ऑक्सफोर्ड पोवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2026 की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में वर्ष 2010 में सूचकांक की शुरुआत के बाद पहली बार दुनिया में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की कुल संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। दुनिया भर में बहुआयामी गरीबी में जीने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1.2 अरब हो गई है। पिछले वर्ष की तुलना में 5.15 करोड़ अधिक लोग

- ❐ यूएन की रिपोर्ट 2010 के बाद पहली बार बढ़ी गरीबों की तादाद
- ❐ बीते एक साल में अत्यधिक गरीबी में 5.15 करोड़ लोग पहुंचे



अत्यधिक गरीबी के दायरे में आए हैं। अत्यधिक गरीबी का सामना कर रहे कुल 1.2 अरब लोगों में से 50% से अधिक बच्चे हैं। यूएनडीपी के प्रशासक अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि यह वृद्धि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है। भूख, स्कूल न जा पाना, साफ पानी और बिजली के अभाव जैसी जुड़ी समस्याएं जीवन को कठिन बना रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस वृद्धि का एक बड़ा कारण कुछ देशों में तेजी से बढ़ती आबादी है। अंगोला और जाम्बिया में गरीबी की दर में गिरावट आई, लेकिन तेजी से बढ़ी आबादी के कारण गरीब लोगों की कुल संख्या बढ़ गई। हालांकि, रिपोर्ट में शामिल 108 विकासशील देशों में से केवल 13 देशों का ही नया डेटा इस वर्ष उपलब्ध हो पाया था। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और सबसे अधिक आबादी वाले देशों में, भारत का एमपीआई 2005-06 से 2019-21 के दौरान 0.283 से घटकर 0.069 हो गया, और इस दौरान गरीबी की दर 55.1 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई। भारत का स्कोर 0.283 से घटकर 0.069 होना यह दर्शाता है कि भारत में न केवल गरीबों की संख्या घटी है, बल्कि जो लोग गरीब बचे हैं उनके जीवन की स्थिति में भी सुधार हुआ है। गरीबी में रहने वाले लोगों की कुल संख्या भले ही बढ़ी है लगभग 33 देशों ने पिछले 15 वर्षों में गरीबी में रहने ● शेष पेज 11 पर

विपक्ष ने पहली बार सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला

एजेंसी

नई दिल्ली। एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ कांग्रेस ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव,तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पार्टी बनाया गया है।

इससे पहले विपक्ष के नेताओं ने बाराखंबा से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। यह पहली बार है जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। करीब एक किमी लंबे मार्च में विपक्ष के नेता बस में, पैदल और वाहन में सवार हुए। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। रविवार को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। लेकिन सीजेआई ने मिलने से इनकार कर दिया था और याचिका दाखिल ● शेष पेज 11 पर



- ❐ एसआईआर और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका लगाई
- ❐ राहुल-अखिलेश समेत 10 पार्टियों के 11 नेता याचिकाकर्ता

सीजेआई के इस्तीफ़े वाली केरल कांग्रेस की पोस्ट डिलीट, पवन खेड़ा बोले- हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदर्शनों और उनसे जुड़ी पाबंदियों पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के बयान को लेकर कांग्रेस की केरल इकाई के ट्वीट पर विवाद के बीच पार्टी नेता पवन खेड़ा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस रुख से पूरी तरह असहमत है और जिसने भी यह पोस्ट की है, वह पूरी तरह गलत है। कांग्रेस केरल इकाई का यह ट्वीट अब डिलीट कर दिया गया है। दिल्ली में कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी को देश की न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वह सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान करती है।

सीजेआई ने मुलाकात से किया था इनकार

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि विपक्षी नेताओं की ओर से उठाए गए मुद्दे अदालत में विचाराधीन हैं, ऐसे में उनके साथ मुलाकात करना 'पूर्व स्थापित नैतिक मानदंडों और न्यायिक मर्यादा के खिलाफ होगा। सीजेआई ने विपक्षी नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में सोमवार को मुलाकात करने से इनकार कर दिया और कहा कि लंबित मामलों पर चर्चा करना उचित नहीं होगा। उन्होंने दोनों नेताओं से आग्रह किया कि वे अपनी याचिका अदालत में जाकर या ऑनलाइन दाखिल करें। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में ही यह ध्यान दिलाना जरूरी है कि उपरोक्त मुद्दे पहले से ही उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसलिए, लंबित मामलों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात बुलाना शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का पूरी तरह उल्लंघन होगा। यह सिद्धांत भारतीय संविधान के मूल ढांचे का एक ● शेष पेज 11 पर

योगी सरकार में विकास को नई रफ्तार, शिक्षा, ऊर्ज़ा और शहरी विकास के बजट में बड़ा विस्तार: डॉ. राजेश्वर सिंह

❐ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ विकसित प्रदेश की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश: विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रद्धेय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मार्च 2017 से प्रदेश में बुनियादी ढाँचे, जनसुविधाओं और विकास परियोजनाओं को नई गति मिली है। भाजपा सरकार ने सुशासन, स्पष्ट नीतियों और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को नई दिशा दी है।

सहित प्रमुख क्षेत्रों के बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शिक्षा का बजट लगभग ?48 हजार करोड़ से बढ़कर ?1.13 लाख करोड़ से अधिक, ऊर्ज़ा क्षेत्र का ?22 हजार करोड़ से बढ़कर ?67 हजार करोड़ तथा शहरी विकास का बजट लगभग ?6 हजार करोड़ से बढ़कर ?27 हजार करोड़ हो गया है। ये आँकड़े प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं और जनसुविधाओं के विस्तार को दर्शाते हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि सपा सरकार की तुलना में शिक्षा, ऊर्ज़ा और शहरी विकास

लखनऊ के विकास का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में लखनऊ नगर निगम का बजट लगभग ?900 करोड़ से बढ़कर ?5,200 करोड़ हो गया है, यानी करीब 5.5 गुना वृद्धि। यह राजधानी की बढ़ती आवश्यकताओं, आधुनिक शहरी सुविधाओं और विकास कार्यों के विस्तार का प्रमाण है।

सपा पर निशाना साधते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकास के नए दौर में ले जाने के लिए केवल राजनीतिक घोषणाएँ पर्याप्त नहीं होतीं। इसके लिए स्पष्ट नीति, मजबूत नेतृत्व और धरातल पर निरंतर काम करने की प्रतिबद्धता जरूरी है। सपा शासन के ठहराव के मुकाबले श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी, निवेश और रोजगार के नए अवसरों की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर सड़कें, मजबूत जनसुविधाएँ और रोजगार के अवसर किसी भी प्रदेश की प्रगति के प्रमुख आधार हैं। योगी सरकार इन क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर प्रदेश की विकास संभावनाओं को लगातार विस्तार दे रही है।

डॉ. सिंह ने कहा कि लखनऊ केवल उत्तर प्रदेश की राजधानी नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विस्तारित जनसुविधाओं के साथ राजधानी को नई पहचान मिल रही है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रद्धेय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सुशासन, विकास और जनकल्याण के नए मानक स्थापित करते हुए विकसित प्रदेश बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगा और लखनऊ इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने गठिया के प्रति जागरूकता,नियमित व्यायाम और समय पर इलाज को बताया महत्वपूर्ण

❐ जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न और चलने-फिरने में परेशानी इसके प्रमुख लक्षण हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विश्व गठिया दिवस के अवसर पर गठिया (आर्थराइटिस) के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके लक्षणों को समय रहते पहचानने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। गठिया केवल बढ़ती उम्र की समस्या नहीं है, बल्कि यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न और चलने-फिरने में परेशानी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

लखनऊ की रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना सिंह के अनुसार, जोड़ों में लगातार दर्द या सुबह उठने पर लंबे समय तक अकड़न रहने को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर चिकित्सकीय परामर्श मिलने से बीमारी की पहचान और उचित उपचार में मदद मिलती है। गठिया के कुछ प्रकारों में समय पर इलाज न होने पर जोड़ों को स्थायी नुकसान भी पहुंच सकता है।

डॉ. अर्चना सिंह के अनुसार, गठिया कई प्रकार का होता है। रूमेटॉइड आर्थराइटिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस और गाउट इसके प्रमुख प्रकारों में शामिल हैं। रूमेटॉइड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली जोड़ों को प्रभावित करती है। वहीं, ऑस्टियोआर्थराइटिस में जोड़ों की उपास्थि धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो सकती है। प्रत्येक प्रकार के गठिया का उपचार उसकी प्रकृति और गंभीरता के अनुसार किया जाता है।

उन्होंने बताया कि गठिया के मरीजों को नियमित रूप से हल्का व्यायाम करना चाहिए, वजन नियंत्रित रखना चाहिए और संतुलित आहार अपनाना चाहिए। पर्याप्त नींद और शारीरिक सक्रियता भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। हालांकि, दर्द अधिक होने पर या जोड़ों में सूजन रहने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के दर्द निवारक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए। गठिया के उपचार में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से बीमारी को नियंत्रित करने और मरीजों की जीवन गुणवत्ता बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाता है। विशेष रूप से रूमेटॉइड आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में शुरुआती उपचार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ. अर्चना सिंह ने संदेश दिया कि जोड़ों का दर्द और अकड़न शरीर के महत्वपूर्ण संकेत हो सकते हैं। इन्हें नजरअंदाज करने के बजाय समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लें। सही जानकारी, समय पर जांच और नियमित उपचार से गठिया के प्रभाव को कम करने तथा बेहतर जीवन जीने में मदद मिल सकती है।

मतदाता सूची से छूटे नामों को जोड़ने का निर्देश



कोरावं, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में एसडीएम ठाकुर प्रसाद की अध्यक्षता में बी एल ओ अधिकारियो के साथ सोमवार को एस आई आर पुनरीक्षण विशेष गहन अभियान के तहत मतदाता सूची में छूटे पात्र नामो को जोड़ने को लेकर बैठक हुई। एसडीएम ने सभी बी एल ओ को घर-घर जाकर सूची सत्यापन करने और किसी कारण से छूटे हुए पात्र मतदाताओं को पहचानने के निर्देश दिए है ताकि कोई मतदाता वोटिंग के अधिकार से वंचित न रह जाए।नागरिकों से फॉर्म 6 भरवा कर जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं वहीं 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं व दिव्यांगो महिलाओ आदि पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से तालमेल बिठाया जाएगा मतदाताओं को जागरूक करने और पत्र नागरिकों को सूची सूची में शामिल करने का खास ध्यान रहेगा इस दौरान तहसीलदार का अनिल कुमार यादव वीडियो राहुल मिश्रा सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जनता दरबार में नगर पंचायत अध्यक्ष ने सुनीं जन समस्याएं



कोरावं, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने नगर वासियों की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कार्यालय में नवरात्र मेला को लेकर विभिन्न मोहल्ला और वार्डों से पहुंचे लोगों ने जल भराव, स्ट्रीट लाइट की खराबी,सफाई व्यवस्था,गलियों की मरम्मत और खराब हैंडपंप जैसे कई समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखी।अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने सभी फरियादियों की बातें एक-एक करके सुनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत का कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है,जन-जन की समस्याओं का समाधान और कोरांव का समग्र विकास ही हमारा मुख्य संकल्प है।

व्यापारी से 02 लाख रूपए बसूलने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। थाना परशुरामपुरी पुलिस ने सर्राफा व्यापारी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर जबरन 2 लाख रुपये वसूलने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरअसल, बीती 06 सितम्बर को सर्राफा व्यापारी सुंदरम की तहरीर पर थाना परशुरामपुरी में चार सिपाहियों व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि चार सिपाहियों ने उसे स्मैक तस्कर बताकर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी और उससे 02 लाख रुपये वसूलकर छोड़ दिया। इस मामले में लिप्त चार पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था और सिपाही पंकज और वीरेंद्र को जेल भेज दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने प्रकाश में आए अभियुक्त अनमोल, आयुष, सचिन कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस अन्य अभियुक्तों की तलाश में थी। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आए अभियुक्त प्रांचल पुत्र कमलेश सक्सेना निवासी मोहल्ला सुभाषनगर थाना परशुरामपुरी को रामलीला मैदान से ग्राम सुजावलपुर को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 35 सौ रूपए नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त पर विभिन्न थानों में अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना परशुरामपुरी के एसएसआई सकतावत सिंह के साथ एसआई पवन कुमार, हेड कांस्टेबल सत्यप्रकाश, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, विपिन डागी मौजूद रहे।

कोरांव के आर्यावर्त एकेडमी में मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



कोरांव,प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना की मिशन शक्ति टीम ने सोमवार को आर्यावर्त एकेडमी कोरांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शिवानी सिंह पटेल ने अपनी पुलिस टीम के साथ छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को मिशन शक्ति के पोस्टर और पम्पलेट वितरित किए। इस दौरान 1090, 181, 1076, 1098, 112, 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया और कहा गया कि किसी भी परेशानी में महिलाएं बेझिझक इन नंबरों पर कॉल करें। पोस्टर पर ''सशक्त नारी - समृद्ध प्रदेश'' और ''नारी शक्ति'' का संदेश दिया गया था। इसी दिन विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा 6-ए की तन्वी पाण्डेय को हेड गर्ल और कक्षा 7-ए के आर्यन सिंह को हेड बॉय बनाया गया। रेड हाउस से आयुष कुमार और प्रियांशी, ब्लू हाउस से श्रेयांस और अंशिका, ग्रीन हाउस से ओम कुमार और रिमझिम, येलो हाउस से अमन और मानवी को कैप्टन व वाइस कैप्टन की जिम्मेदारी मिली। विद्यालय के संचालक धीरज पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, अजय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कोरांव में बीएलओ का प्रशिक्षण



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपजिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को तहसील सभागार में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम ने बीएलओ को बीएलओ ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और ड्राफ्ट (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान कर्तव्यों को समझाया।उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 की मतदाता सूची और 10 अप्रैल की मतदाता सूची का मिलान कर लें। जिन मतदाताओं के नाम गलती से या किसी अन्य कारण से कट गए हैं, उनकी सही-सही जांच कर लें। ऐसे सभी छूटे हुए मतदाताओं का फार्म-6 भरवाकर पुनः मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्रवाई करें। एसडीएम ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाने का कार्य करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से वंचित न रहे। इस दौरान सभी बीएलओ मौजूद रहे।

छठ घाट का निर्माण समय से पूरा करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने सोमवार को वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह के साथ आगामी छठ पूजा के मद्देनजर न्यू लोको रेलवे कॉलोनी में निर्माणाधीन छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने तथा छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को अर्घ्य अर्पित करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए घाट पर सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण मिल सके।

भूमिगत मार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा करने पर जोर

इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह के साथ वाराणसी सिटी यार्ड में किलोमीटर संख्या 202/31-33 पर स्थित समपार संख्या 25 विशेष पर निर्माणाधीन निम्न ऊंचाई वाले भूमिगत मार्ग का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमिगत मार्ग के शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को इस सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

निरीक्षण के अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, सहायक मंडल नगरीय इंजीनियर ए.के. पाण्डेय सहित संबंधित वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

छात्रों के सदन में हेड ब्वाय, गर्ल की शपथ दिलाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरॉंव प्रयागराज । नगर स्थित आर्यावर्त एकेडमी में छात्रों के सदन में सत्र 2026-27 के नव-निर्वाचित स्कूल कैबिनेट के लिए इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही उन्हें प्रोत्साहित करने व अनुशासन, ईमानदारी, निष्ठा और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कक्षा 6 ए की तन्वी पाण्डेय को हेड गर्ल और कक्षा 7 ए के आर्यन सिंह को हेड ब्वाय चुना गया। रेड हाउस कैप्टन आयुष कुमार और वाइस कैप्टन प्रियांशी को बनाया गया। ब्लू हाउस कैप्टन श्रेयांस और वाइस कैप्टन अंशिका चुनी गईं। ग्रीन हाउस कैप्टन ओम कुमार और वाइस कैप्टन रिमझिम को जिम्मेदारी मिली। येलो हाउस अमन और वाइस कैप्टन मानवी चुनी गईं। संचालक धीरज पाण्डेय जी ने नव-निर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को।शुभकामनाएं दीं। और कहा कि पद मिलने के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी, सहयोग, सेवा-भाव और टीम भावना के साथ अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह के नेतृत्व में जन-जागरण आत्मसम्मान यात्रा का भव्य स्वागत

❐ पूर्व राज्य मंत्री कौशल किशोर और मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत का किया अभिनंदन, धरमावत खेड़ा में उमड़ा जनसमर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । विधानसभा मोहनलालगंज के ग्राम धरमावत खेड़ा में पारख महासंघ की ओर से निकाली जा रही जन-जागरण आत्मसम्मान यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह और प्रधान प्रतिनिधि उमेश रावत के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर और मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत सहित यात्रा में शामिल अतिथियों का स्वागत किया गया।

यात्रा के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने, अपराध पर अंकुश लगाने और सभी के लिए समान शिक्षा व्यवस्था का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल, श्रीमती वीरमती, महासंघ के वरिष्ठ नेता रघुनंदन प्रसाद, प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार 'जीतू', महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति गुप्ता सहित महासंघ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजन मौजूद रहे।

सामाजिक जागरूकता से बदलाव पर जोर

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को नशे से बचाने और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में समानता स्थापित करने के लिए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के समान अवसर मिलना जरूरी है। नशामुक्त और अपराधमुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के जरिए जन-जागरण आत्मसम्मान यात्रा के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता से कार्यक्रम उत्साहपूर्ण रहा। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

प्रतापगढ़ में एंटी करप्शन टीम का छापा, 10 हजार की रिश्वत लेते बैंक का फील्ड ऑफिसर रंगे हाथ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में रिश्वतखोरी का बड़ा मामला सामने आया है। प्रयागराज मंडल की भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की 14 सदस्यीय टीम ने रविवार को थाना फतनपुर क्षेत्र में ट्रैप कार्रवाई करते हुए बैंक के फील्ड ऑफिसर और उसके एक प्राइवेट सहयोगी को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता विजयकान्त बिन्द पुत्र रामानन्द बिन्द निवासी ग्राम सुजाहा, पोस्ट अंतरी, थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ ने एंटी करप्शन थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा रानीगंज के अराजपत्रित फील्ड ऑफिसर हरीशचन्द्र चौरसिया द्वारा उनके बकाया स्वीकृत लोन की शेष धनराशि बरामद करने की रिपोर्ट लगाने के एवज में 27,000 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र पर दिनांक 05.10.2026 को भ्र0नि0सं0 इकाई प्रयागराज ने कार्रवाई शुरू की और आज दिनांक 12.10.2026 को समय 14:45 बजे घटनास्थल विंध्यवासिनी बालिका इंटर कालेज रामापुर के सामने हाईवे पर, थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ में जाल बिछाया गया। जैसे ही आरोपी ने लोकसेवक साक्षीगण व ट्रैप टीम के समक्ष रिश्वत की धनराशि की पहली किस्त 10,000 रुपये ली, टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। हरीशचन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 शिवनाथ चौरसिया निवासी ग्राम रजौली थाना मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर - संप्रति फील्ड ऑफिसर उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक आजाद सरोज पुत्र स्व0 शंकरलाल निवासी रजौली थाना मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर (प्राइवेट व्यक्ति) एंटी करप्शन टीम द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है। एंटी करप्शन विभाग ने अपील की है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु यदि कोई अराजपत्रित सरकारी अधिकारी/कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो तत्काल भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज मंडल के मो0नं0 9454402490 या मुख्यालय लखनऊ कंट्रोल रूम के मो0नं0 9454402484 पर फोन कर शिकायत दर्ज करायें।

नवरात्र में ही घाटों की सफाई व दुरुस्त होगी सीवर, प्रकाश व्यवस्था

❐ महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक, जनहित और विकास योजनाओं पर बनी सहमत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर निगम काशी के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है । इस क्रम में नवरात्र में सभी घाटों पर युद्ध स्तर पर कराने का निर्णय लिया गया । साथ ही नवरात्रि के पावन अवसर पर काशी के सभी नवदुर्गा मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गों, गलियों और सड़कों पर समुचित सफाई तथा प्रकाश व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की सहमति बनी।

महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को निगम स्थित सभागार कक्ष में हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने जनहित और शहर के सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। बैठक के दौरान धारा 91 (1) के तहत 'काशी गौसंरक्षण एवं निरीक्षण उपविधि 2026', ट्रेड लाइसेंस प्रक्रियाओं के सरलीकरण और शहर के प्रमुख घाटों व पर्यटन स्थलों के कायाकल्प हेतु करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं को सर्वसम्मति से हरी झंडी मिली। बैठक की कार्यसूची में निगम के कई महत्वपूर्ण नीतिगत प्रस्तावों, पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि के साथ-साथ सेवारत व सेवानिवृत्त शासकीय कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों की निस्तारण प्रक्रिया के सरलीकरण संबंधी शासनादेश को भी मंजूरी मिल गई । आगामी नवरात्र, विजयदशमी, छठ पूजा और देव दीपावली जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने धारा 91 (2) के तहत जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर नगर आयुक्त को निर्देश देने के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। उपसभापति नरसिंह दास ने गंगा नदी में बाढ़ के बाद घाटों पर भारी मात्रा में जमा हुई सिल्ट (गाद) का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आगामी छठ पूजा और देव दीपावली को ध्यान में रखते हुए कल से ही सभी घाटों पर युद्ध स्तर पर सिल्ट सफाई अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नवरात्रि के पावन अवसर पर काशी के सभी नवदुर्गा मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गों, गलियों और सड़कों पर समुचित सफाई तथा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06.11.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	01052026 दिनांक 09.10.2026		
2	निविदा संख्या	1.	18-Sr-DEN-V-LKO-2026-27	
		2.	19-Sr-DEN-V-LKO-2026-27	
		3.	20-Sr-DEN-V-LKO-2026-27	
		4.	21-Sr-DEN-V-LKO-2026-27	
3	कार्य का नाम	1.	Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक से जुड़े कार्य, जैसे TRR (P) = 5.517 TKM, TTR (TSR) = 37 सेट (1 IN 12 - 36 सेट और 1 IN 8.5 - 1 सेट), TTR (FS+TWS+WCMSC) = 2 सेट (1 in 12), TTR (WCMSC) = 1 सेट (1 in 12) और TBR (मैनुअल) = 9.866 TKM का कार्य। (प्रा.सं. 135–2025, 175–2026, 170–2026, 164–2026 & 176–2026)	
		2.	Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-II/LKO के अंतर्गत SSE/P-way/Line/LKO, ON एवं BBK सेक्शन में ट्रैक के रखरखाव से जुड़े विविध का कार्य। (प्रा.सं. 230–2026)	
		3.	Sr.DEN-V-LKO के अधिकार क्षेत्र में ADENAYC और ADEN-II-LKO सेक्शन में Trimble Gedo Vorsys ट्रॉली सिस्टम या इसी तरह के सिस्टम का इस्तेमाल करके टैम्पिंग से पहले और बाद में ट्रैक मेजरमेंट सर्वे करना और अपडेटेड स्केल मैप तैयार करना। (प्रा.सं. 118–2025)	
		4.	Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADENII/LKO के अंतर्गत SSE(W)/Line/LKO सेक्शन में स्टेशन बिल्डिंग, सर्विस बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर और लेवल क्रॉसिंग की भारी मरम्मत का काम। इसमें प्लास्टरिंग, दीवार की फिनिशिंग, फ्लोरिंग, रूफिंग, पानी के बूथ, PF कोपिंग, PF की दीवारें, सैनिटरी और टॉयलेट फिटिंग आदि शामिल हैं। (प्रा.सं. 228–2026)	
4	अनुमानित लागत	1. रु. 2,06,09,157.28	2. रु. 2,26,93,664.62	
		3. रु. 69,21,330.78	4. रु. 3,49,99,823.96	
5	धरोहर राशि	1. रु. 4,12,200.00	2. रु. 4,53,900.00	
		3. रु. 1,38,400.00	4. रु. 7,00,000.00	
6	कार्य की समापन अवधि	1 से 4 के लिए	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।	
7	निविदा डालने का प्रारंभ	1 से 4 के लिए	23.10.2026	
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	1 से 4 के लिए	06.11.2026 को 15:00 बजे	
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in		

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3538/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर प्रदेश के स्वच्छ ऊर्ज़ा भविष्य को सशक्त बनाने के लिए यूपीनेडा और सीएसई ने आयोजित की कार्यशाला

- नवीकरणीय ऊर्ज़ा, बैटरी भंडारण और कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना पर विशेषज्ञों ने किया मंथन
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, कम्प्रेस्ड बायो गैस और पीएम-कुसुम सी-1 योजना में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर: यूपीनेडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सतत एवं ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के सहयोग से सोमवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश के स्वच्छ ऊर्ज़ा भविष्य को सशक्त बनाना' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आरपीओ), नवीकरणीय उपभोग बाध्यता (आरसीओ), ऊर्ज़ा भंडारण बाध्यता (ईएसओ), बैटरी भंडारण तथा कार्बन क्रेडिट एवं ट्रेडिंग योजना (सीसीटीएस) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। इसमें प्रदेश भर के सरकारी विभागों, संबंधित बाध्यकारी संस्थाओं, सौर ऊर्ज़ा उत्पादकों, ओपन एक्सेस एवं कैप्टिव विद्युत उपभोक्ताओं सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में यूपीनेडा के सचिव श्री पंकज सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्यों एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश नवीकरणीय ऊर्ज़ा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रदेश प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र तथा पीएम-कुसुम सी-1 योजना में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने स्वच्छ ऊर्ज़ा के विस्तार के साथ-साथ निर्धारित लक्ष्यों के प्रभावी अनुपालन, ऊर्ज़ा भंडारण और नवीन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला का उद्घाटन यूपीनेडा के निदेशक श्री रवीन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ऊर्ज़ा की बढ़ती मांग नवीकरणीय ऊर्ज़ा के विस्तार को गति दे रही है, लेकिन इसके साथ ऊर्ज़ा दक्षता पर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्ज़ा दक्षता के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। हालांकि, इसके वास्तविक प्रभाव का आकलन करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यशाला से प्रतिभागियों को बैटरी भंडारण, कार्बन क्रेडिट एवं ट्रेडिंग योजना तथा नवीकरणीय ऊर्ज़ा से जुड़े नवीनतम नियामकीय प्रावधानों की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में स्वच्छ ऊर्ज़ा संबंधी पहलों को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

कार्यशाला में यूपीपीसीएल के निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) श्री दीपक रायजादा ने नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आरपीओ) के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की दिशा में यूपीपीसीएल की प्रगति तथा इस दौरान सामने आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के निदेशक श्री निवित यादव ने सीएसई की भूमिका, संचालित पहलों और आरपीओ अनुपालन के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

अयोध्या राजमार्ग के चिनहट में सुबह से ही भीषण जाम, रेंगते रहे वाहन

- संकरी गलियों में भी वाहनों का दबाव, रोजाना की जाम की समस्या से राहगीर परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट लखनऊ । राजधानी के चिनहट इलाके में सोमवार को सुबह पीक ऑवर के दौरान भीषण जाम देखने को मिला। सुबह से ही सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को रेंगकर आगे बढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। जाम से बचने और जल्द अपने गंतव्य तक पहुंचने की होड़ में वाहन चालकों ने संकरी गलियों का रुख किया, लेकिन वहां भी वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई।

चिनहट में आए दिन लगने वाला जाम अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। सुबह कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, व्यापारियों और अन्य राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गों पर जाम लगने के बाद आसपास की गलियों में भी यातायात प्रभावित हो रहा है। इससे लोगों का समय बर्बाद होने के साथ ही रोजमर्रा के कामकाज पर भी असर पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि चिनहट में जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, लेकिन इसका स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा है। आए दिन लगने वाले जाम से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था में सुधार और जाम से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

चिनहट में बार-बार जाम लगने से यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संबंधित अधिकारी समस्या का संज्ञान लेकर यातायात संचालन को व्यवस्थित करने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

भतीजी की गोद भराई में शामिल होने जा रही महिला की मौत, मातम में बदलीं खुशियां

- नंदना क्रॉसिंग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गई जान, एंबुलेंस न मिलने पर ई-रिक्शा से अस्पताल ले गए परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । घर में भतीजी की गोद भराई की तैयारियां थीं। परिवार के लोग खुशियों के इस मौके में शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में हुए एक हादसे ने सब कुछ बदल दिया। नंदना क्रॉसिंग के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय ममता मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए मदद मांगते रहे। आरोप है कि समय पर एंबुलेंस नहीं मिली, जिसके बाद राहगीरों की मदद से उन्हें ई-रिक्शा से राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस घर में समारोह की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां मौत की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। ममता मिश्रा माल थाना क्षेत्र के थरी गांव निवासी सुरेंद्र कुमार मिश्रा की पत्नी थीं। उनके बेटे आशीष मिश्रा विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय में तैनात हैं। वह बीकेटी के नंदना गांव में वरुण श्रीवास्तव के मकान में किराये पर रहते हैं।आशीष के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी मां ममता मिश्रा, पत्नी कीर्ति मिश्रा और बहन रचना दीक्षित के साथ भिठौली स्थित एक रिजॉर्ट में चचेरी बहन की गोद भराई में शामिल होने जा रही थीं। नंदना क्रॉसिंग के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मां को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन उनके मुताबिक एंबुलेंस नहीं मिल सकी। ऐसे में राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा की व्यवस्था कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस आवश्यक जानकारी जुटा रही है।प्रभारी निरीक्षक सजंय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने अभी तक थाने पर कोई लिखित शिकायत नहीं की है।तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

कठौता झील दुर्गा पूजा को बाधामुक्त बनाने के लिये बनी उपसमितियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोमती नगर स्थित कठौता झील पर आयोजित श्री श्री माँ दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु समिति के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी देते हुए कई उप समितियों का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष का कहना है कि अलग अलग जिम्मेदारी निभाने के लिए अलग अलग सदस्यों को नियुक्त किया गया। इन उपसमितियों का कार्य श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ माँ के दर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द और मेले में लगनी वाली दुकानों से खरीद और स्वाद का आनंद मिल सके। इन समितियों में भंडारा समिति, पूजा समिति, सांस्कृतिक समिति, सुरक्षा समिति, पंडाल समिति आदि बनाई गई हैं, जिन्हें भूतपूर्व अध्यक्ष शशि गिरी पर्वत, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सी एल सिंह, भूतपूर्व सचिव विजय शर्मा, भूतपूर्व सचिव नलनी कान्त बबलू, धीरेन, आर सी गुप्ता, हरबिंदर सिंह नेतृत्व करेंगे, जिनका साथ प्रकाश चन्द्रा, मनोज, शिवेश द्विवेदी, रविन्द्र मिश्रा, विवेक शुक्ल, मृदुल तिवारी, मुकेश कुमार, राजा पाल, नवीन, ए मनी, अमरदीप, बी बी सिन्हा, देवेंद्र प्रताप सिंह, पंकज पांडेय और लेखा परीक्षक नीरज सिंह के साथ साथ अन्य सदस्य भी सहयोग करेंगे। आयोजन स्थल पर चिकित्सा कैम्प शिकायत प्रकोष्ठ के भी प्रबंध किया जा रहा है।

विद्युत पेंशनर्स परिषद ने वर्षिक अधिवेशन को लेकर की बैठक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत पेंशनरो के वार्षिक अधिवेशन में विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश को राजकीय पेंशनर्स सलाहकार समित में नाम जोड़ने, राजकीय पेंशनरों की तरह महगाई राहत का शासनादेश सीधे कोषागार से लागू किए जाने तथा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सी जी एच एस दरों पर इलाज करने वाले मान्यता प्राप्त अच्छे हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज हेतु पैनल पर लिए जाने, विधवा पुत्र वधू को पारिवारिक पेंशनरों की पात्रता सूची में नाम जोड़े जाने आदि मांगो पर चर्चा के साथ इस वर्ष 2026में 80वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों को पेंशनर्श गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भारत भूषण गोयल एवं प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह ने बताया कि परिषद के 38वे वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव ऊर्ज़ा आई एस रणवीर प्रसाद से बात चल रही है शीघ्र उनकी सहमति प्राप्त होने की स्थिति बन रही है। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में आई ए एस नीतीश कुमार, आई ए एस मयूर माहेश्वरी तथा निदेशक कोषागार जवाहर भवन विजय कुमार सिंह के आने की पूर्ण संभावना है। दोनों पदाधिकारियों ने वार्षिक अधिवेशन जो 27अक्टूबर 2026को होना है सभी सदस्यों एवं पेंशनरों से भारी संख्या में भागीदारी की अपील किया।

करोरा में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का रोमांच, नन्हे खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार के दिशा-निर्देश में सोमवार को बेसिक विद्यालय करोरा में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।? कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता के दौरान दौड़, कबड्डी और खो-खो जैसी स्पर्धाओं में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। 50 मीटर बालिका दौड़ में करोरा-1 की प्रतिमा ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय तथा गुमानी खेड़ा की नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक दौड़ में करोरा के सत्यम भारती ने प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी के बालक वर्ग में मदारपुर और बालिका वर्ग में देवती की टीम विजेता रही। वहीं, पूर्व माध्यमिक स्तर की खो-खो प्रतियोगिता में बलसिंह खेड़ा की टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर शिक्षण संकुल पंकज मणि त्रिपाठी, अनिल कुमार वर्मा, कमलेश कुमार भारती, शिवानी तिवारी, नीरज सिंह, वंदना यादव, सविता पाल, नीतू पटेल, पूनम यादव, अरुण कुमार, संतोष कुमार और नीलम सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अंत में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

एकेटीयू के छात्रों के दल ने विधानसभा के कामकाज हुए अवगत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के बीटेक छात्रों के दल ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के मार्गदर्शन में कैस के निदेशक प्रो0 एसपी शुक्ल के नेतृत्व में छात्रों का दल विधानसभा के विभिन्न हिस्सा में जाकर जानकारी ली। इस दौरान छात्रों ने विधानसभा की कार्यवाही को जाना। साथ ही विधानसभा की गैलरी, इतिहास, और विभिन्न पहलुओं से भी रूबरू हुए। इसके अलावा छात्रों को विशेष रूप से आभासी हेलीकॉप्टर के माध्यम से बनारस, प्रयागराज के विभिन्न स्थलों का दर्शन कराया गया। क्लास से निकलकर विधानसभा पहुंचे छात्र भ्रमण कर काफी खुश नजर आए। भ्रमण का समन्वय एसो0 डीन इनोवेशन डॉ0 अनुज कुमार शर्मा ने किया।

लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी विशाख जी. के द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कराया गया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। अतः सभी प्रशिक्षणार्थियों , निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों ने ससमय पहुँच कर उपस्थिति दर्ज कराई।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को मतदान से पूर्व की तैयारियों, मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं, मतदान प्रक्रिया के सुचारु संचालन, मतदाताओं की पहचान, मतपत्रों के उपयोग, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने तथा निर्वाचन से संबंधित अभिलेखों के संधारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा रमाबाई स्थल स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पोलिंग पार्टियों के ड्यूटी प्राप्ति स्थल, निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सुव्यवस्थित लेआउट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

बाढ़ राहत शिविरों का निरीक्षण, प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

- के.पी. सिंह बोले-रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फैजुल्लागंज की स्थिति पर बनाए हुए हैं पूरी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । फैजुल्लागंज में बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए जनप्रतिनिधियों का दौरा लगातार जारी है। इसी क्रम में आज फिर विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी राघवेंद्र शुक्ला एवं वरिष्ठ नेता पुष्कर शुक्ला ने दाउदनगर, मामा कॉलोनी और दुर्गापुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया तथा प्रभावित परिवारों को राशन, पेयजल, दवा किट और मैगी वितरित की। केंद्रीय रक्षामंत्री के

विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह ने कहा कि माननीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी फैजुल्लागंज में बाढ़ की स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए हैं और उनके द्वारा रोजाना बाढ़ प्रभावित परिवारों की राहत एवं बचाव संबंधी कार्यों की जानकारी ली जा रही है।

इस दौरान राहत शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया भी लिया गया। मुकेश शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता है। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधा और जरूरी संसाधन पहुंचाने के लिए हमारी टीम और कार्यकर्ता लगातार सक्रिय है और क्षेत्र में भ्रमण कर राशन वी अन्य सुविधाएं लोगों तक पहुंचा रहे है। स्थिति सामान्य होने तक सेवा एवं राहत कार्य जारी रहेंगे।

जनप्रतिनिधियों ने राहत शिविरों में चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान तेज, 70 एकड़ में ड्रोन से एंटी लार्वा छिड़काव



लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही लखनऊ नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े कार्य तेज कर दिए गए हैं। जलभराव से प्रभावित इलाकों में मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण और मच्छरजनित बीमारियों की आशंका कम करने के उद्देश्य से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। इसके साथ ही ब्लीचिंग पाउडर और चूने का छिड़काव, नालियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा ड्रोन के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जोन-3 और जोन-6 में कुल 70 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। जोन-3 के अंतर्गत फैजुल्लागंज में ड्रोन के माध्यम से 44 एकड़ क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। इसके अतिरिक्त घैला रोड पर टैंकर की सहायता से एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। दाउदनगर की 60 फीट रोड पर सोडियम हाइपोक्लोराइट और ब्लीचिंग का छिड़काव कराने के साथ सफाई तथा झाड़ियों की कटाई कराई गई। लोहरामऊ और पतंग मैदान में भी ड्रोन के माध्यम से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। गणेश बाग, सन्मंत विहार और मिल्लत नगर में भी ड्रोन से दवा का छिड़काव किया गया। मामा कॉलोनी और पुराने दाउदनगर में जलस्तर कम होने के बाद सूख चुकी गलियों में ब्लीचिंग का छिड़काव और सफाई कार्य कराया गया। यहां नालियों की सफाई, घास और झाड़ियों की कटाई सहित अन्य आवश्यक कार्य भी किए गए। जोन-6 के अंतर्गत सैथा में 18 एकड़ और हयात नगर में 8 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। इस प्रकार जोन-6 में कुल 26 एकड़ क्षेत्र को कवर किया गया। हयात नगर, सैथा, टांड़खेड़ा और दौलतखेड़ा में जलभराव वाले क्षेत्रों एवं पानी के किनारे ब्लीचिंग पाउडर, चूने और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। हरि नगर और मिश्री की बगिया में भी आवश्यक सफाई एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी कार्य किए गए। इसके अतिरिक्त हयात नगर और दौलतखेड़ा में सड़क किनारे की नालियों की सफाई कराई गई, जिससे जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिल सके। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जमा गंदगी, कीचड़ और मच्छरों के प्रजनन की आशंका को देखते हुए नगर निगम द्वारा सफाई एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एंटी लार्वा छिड़काव के साथ ब्लीचिंग पाउडर, चूने और सोडियम हाइपोक्लोराइट का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं, नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई के माध्यम से प्रभावित इलाकों को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति के अनुसार कार्य कर रही हैं, ताकि बाढ़ के बाद स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरजनित बीमारियों की आशंका कम करने में सहायता मिल सके।

राष्ट्रीय कवि संगम एवं उद्यम विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई काव्य संध्या

- डॉ. निशांत पांडे की नई पुस्तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । राजधानी लखनऊ के बलरामपुर गार्डे न स्थित पुस्तक मेले में रविवार को राष्ट्रीय कवि संगम एवं उद्यम विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'संगोष्ठी एवं काव्य संध्या' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, काव्य और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े रचनाकारों ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य साहित्यिक संवाद को प्रोत्साहित करना तथा कविता के माध्यम से समाज में सकारात्मक विचारों और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करना रहा।

कार्यक्रम में अतिथि के डॉ. निशांत पांडे की नई पुस्तक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) इन दिनों चर्चा में है। यह किताब एआई जैसे जटिल विषय को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है और तीन श्रेणियों में इंटरनेशनल बेस्टसेलर का दर्जा हासिल कर चुकी है। जिसका लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में राकेश त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता श्री शिव कुमार व्यास ने की। आमंत्रित कवियों में अजय प्रधान, प्रमोद द्विवेदी 'प्रमोद', अरविंद झा, प्रदीप महाजन, अनिल कुमार तिवारी, अंकुर पाठक, मोहित यादव एवं शिवेश राजा शामिल रहे। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक संवेदनाओं, सामाजिक सरोकारों और सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्ति दी।

कार्यक्रम का संयोजन अटल नारायण ने किया तथा सह-संयोजन की जिम्मेदारी प्रियांशु एपी सिंह ने निभाई। आयोजन ने साहित्यप्रेमियों और रचनाकारों को एक साझा मंच प्रदान किया, जहां काव्य-पाठ और साहित्यिक विचार-विमर्श के माध्यम से हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया।

राष्ट्रीय कवि संगम और उद्यम विकास परिषद के इस संयुक्त आयोजन ने साहित्य एवं समाज के बीच संवाद को सशक्त बनाने तथा काव्य-संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में सार्थक पहल की।

युवक को चाकू मारकर घायल करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददात



ठाकुरगंज लखनऊ। क्षेत्र में मामूली विवाद के दौरान युवक को चाकू मारकर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक, 10 अक्टूबर 2026 को वादिनी बानो पत्नी बिलाल ने थाना ठाकुरगंज में तहरीर देकर बताया कि सुबह करीब 10 बजे उनके पुत्र शर्मीम अपने मोहल्ले में स्थित कायम क्लीनिक के पास भरी माता मंदिर, बालागंज में मौजूद थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक उनके बेटे के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू निकालकर शर्मीम के पेट और हाथ पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ठाकुरगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब नौ बजे बालागंज क्षेत्र में सरदारनगर लाल मस्जिद के पीछे से आरोपी आदित्य राज सिंह उर्फ राजा (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विनोद कुमार सिंह का पुत्र है और बालागंज के सरदारनगर स्थित लाल मस्जिद के पीछे का निवासी बताया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया एक अदद चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास में मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं से जुड़े मुकदमे शामिल हैं।

सपा नेताओं ने भव्य रूप से मनाई डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

❐ इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद के बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर प्रखर समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सपा के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें डॉ. राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व तथा विचारों पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने मात्र तीन माह में जर्मन भाषा पर अपनी मजबूत पकड़ बनाकर अपने प्रोफ़ेसर जोम्बार्ट को चकित कर दिया। उन्होंने अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि केवल दो वर्षों में ही प्राप्त कर ली। जर्मनी में चार साल व्यतीत करके डॉ. लोहिया स्वदेश वापस लौटे और किसी सुविधापूर्ण जीवन के स्थान पर जंग-ए-आजादी के लिए अपनी जिंदगी समर्पित कर दी। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए, जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया। जिनमें से एक राम मनोहर लोहिया भी थे। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया जनता को जनतंत्र का निर्णायक मानते थे। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव रामसूरत सिंह यादव, विधान सभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिदीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, लखन प्रताप सिंह, दोदराम वर्मा, ओंकार सिंह, करुण शंकर दीक्षित, पार्थ सिंह यादव, उत्पल यादव, हफीज अंसारी, नरवीर फौजी, संदीप यादव, डॉ आदित्य यादव, लल्ला सिंह यादव, हिमाशु, रानू खान, सौमित्र यादव, आनंद शुक्ला, अश्वनी बघेला, अनमोल शुक्ला, मोअज्जम, राजकुमार रावत, आरिफ खान, सपा महिला जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, महानगर अध्यक्ष जाफरीन, सविता कठेरिया, पार्वती सैनी, नीलम, उसमा आदि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिशन शक्ति 6.0: धौरहरा में गूंजे महिला सम्मान के नारे, छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

❐ महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का दिया संदेश

❐ पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, लखीमपुर खीरी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के तहत सोमवार को धौरहरा कस्बे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर समाज को महिला सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों का संदेश दिया। रैली में महिला सुरक्षा से जुड़े नारों और स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा।

धौरहरा प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने कस्बे में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राएं हाथों में महिला सम्मान और सुरक्षा से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लेकर आगे बढ़ीं और नारों के जरिए लोगों को महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की।

छात्राओं ने नारों के जरिए दिया जागरूकता का संदेश

जागरूकता रैली के दौरान छात्राओं ने महिला सुरक्षा, बालिका शिक्षा, आत्मसम्मान और समान अधिकारों को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्हें शिक्षा, सम्मान और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना चाहिए। महिलाओं के प्रति भेदभाव, उत्पीड़न और असम्मानजनक व्यवहार को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को समझाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या अन्य परेशानी की स्थिति में चुप रहने के बजाय उचित सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि वे किसी भी समस्या को लेकर संकोच न करें और जरूरत पड़ने पर अपने परिजनों, शिक्षकों अथवा पुलिस को जानकारी दें।

मिशन शक्ति अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

❐ जनपदीय पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध-एसपी ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में मिशन शक्ति फ़ेज-06 के तहत थाना सदर बाजार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई और महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की प्रभावी रोकथाम, महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध अथवा अन्य महिला संबंधी अपराध की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तत्काल पुलिस अथवा संबंधित सहायता सेवा से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। रैली के दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं पुलिस की सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी भी बताया गया। इसके अलावा बाल श्रम उन्मूलन, बालिकाओं की शिक्षा, महिला अधिकारों, आत्मनिर्भरता तथा समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के संबंध में भी जागरूक किया गया।

एसपी देहात ने बताया कि जनपदीय पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम करने तथा उनमें सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पुलिस इकाइयों को सक्रिय रखा जा रहा है। कहा कि जनपदीय पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है तथा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से उन्हें जागरूक एवं सशक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

रीलबाजी पड़ी महंगी! बाइक का 16,000 का चालान



सीतापुर। सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज पाने के चक्कर में बाइक से स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया। युवती द्वारा स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के बाद यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में बाइक मालिक का 16 हजार रुपये का चालान काटा गया। सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश अब जेब पर भारी पड़ गई। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए यातायात नियमों की अनदेखी करना महंगा साबित हो सकता है।लाइक्स के चक्कर में स्टंट दिखाया, अब चालान भरने की बारी आई!

कोतवाल महोली जे.बी.पाण्डेय का सख्त निर्देश, कानून से बड़ा कोई नहीं

❐ निर्दोष फसें नहीं दोषी बचे नहीं की मुहीम पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में काम कर रही महोली पुलिस

❐ अपराधियों पर शिकंजा, पीड़ितों को मिल रहा न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महोली। जनपद सीतापुर के अंतर्गत कोतवाली महोली मे तैनात प्रभारी निरीक्षक जे बी पांडेय के नेतृत्व मे अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है तो वही पीड़ितों को न्याय मिल रहा है। फरियादी की शिकायत को सुनना व उसे गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करवाना प्रभारी निरीक्षक की प्राथमिकता है। क्षेत्र मे लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाने व रात्रि गस्त करने के लिये सभी मातहतो को प्रभारी निरिक्षक द्वारा सख्त निर्देशित किया गया है। कोतवाली प्रभारी जे बी पाण्डेय ने कहा की सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि जो नियमों के विरुद्ध हो जिससे आम जनता को कोई भी परेशानी हो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

अपराधियों मे हो वर्दी का ख़ौफ़ जनता को हो सुरक्षा का भरोसा

प्रभारी निरीक्षक ने कहा की एक जिम्मेदार समाज के लिए यह जरूरी है की सड़को पर कानून का राज दिखे। सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी जिसने कानून के साथ खिलवाड़ करने की कोशिस की उसका इलाज कानूनी ढंग से किया जायेगा। नियम तोड़ने वालो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजनें की कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक जेबी पाण्डेय ने कहा की पुलिस का काम नागरिकों की रक्षा करना है लेकिन ज़ब कुछ आसामाजिक तत्व कानून व्यवस्था को चुनौती देते है तो ऐसे लोगो के विरुद्ध सख्त कदम उठाने पड़ते है।फरियादियों की समस्या सुनना व उसका तुरंत निस्तारण करना कोतवाल महोली की प्राथमिकता है। न्यायप्रिय कोतवाल की जनता कोटि कोटि प्रशंसा कर रही है।

सीतापुर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक, शांति और सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

❐ डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस लाइन स्थित दधीचि सभागार में आगामी त्योहारों, आयोजनों के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संयुक्त रुप से की गई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न करने को लेकर था। इसमें जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक के मुख्य बिंदु एवं दिशा-निर्देश

सुरक्षा एवं व्यवस्थाः आयोजनों के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने, यातायात प्रबंधन सुचारू बनाए रखने और अग्निशमन सुरक्षा (एक्स के निर्देशों के तहत) पुख्ता रखने पर विशेष बल दिया गया। समन्वय और सहयोगः जनता और पुलिस-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। प्रशासन द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी नगर, मुख्य अग्निशामक अधिकारी (एक्स) व शासन/प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारी / कर्मचारीहगण उपस्थित रहे।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का हल्लाबोल, सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

❐ मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान, सुनवाई नहीं हुई तो लखनऊ में होगा बड़ा आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य के कर्मचारियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कर्मचारियों ने मांगों के समाधान की मांग उठाते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई की अपेक्षा जताई। उनका कहना है कि मांगों पर सुनवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि लखीमपुर खीरी में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो राजधानी लखनऊ में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ेगा आंदोलन

स्वास्थ्य कर्मियों के प्रदर्शन के बाद अब निगाहें विभागीय अधिकारियों के रुख पर टिकी हैं। कर्मचारियों की आठ सूत्रीय मांगों पर क्या निर्णय लिया जाता है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं, यह आने वाला समय बताएगा। फिलहाल कर्मचारियों ने आंदोलन जारी रखने का ऐलान कर साफ कर दिया है कि मांगों को लेकर उनका संघर्ष थमने वाला नहीं है।

अब सवाल यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान निकालेंगे, या फिर कर्मचारियों को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आंदोलन का दायरा बढ़ाना पड़ेगा?

दरबार माँ सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ में 31वीं नवरात्रि महोत्सव की पावन ज्योति स्थापित



लहरपुर सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लहरपुर तहसील के ग्राम सिंघनापुर, मजरा रँगवा-रौंसीपुर स्थित दरबार माँ सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 31वें सिंघनापुर नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ ज्योति स्थापना से हुआ हुआ। माता के सेवक एवं पत्रकार *विजय शंकर बाजपेयी* द्वारा ललिता मैया नैमिषारण्य धाम के दरबार से लाई गई पावन ज्योति की स्थापना विधि-विधान से की गई। इस दौरान मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। माता के सेवक विजय शंकर बाजपेयी ने कहा कि सनातनी समाज वर्षों से इस पूजा का आयोजन करता आ रहा है। शारदीय नवरात्रि में माँ दुर्गा के नव स्वरूप की पूजा करने से घरों में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंदिर के प्राचीन इतिहास से अवगत कराया और समाज की इस धरोहर को बचाए रखने के लिए वर्तमान युवा पीढ़ी से आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कथा वक्ता पंडित श्री मोहित कृष्ण शास्त्री जी (नैमिषारण्य तीर्थ) के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान होगा। कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है आयोजक स्वयं हनुमान जी महाराज एवं निवेदक विजय शंकर बाजपेयी ने बताया कि 11-10-2026, रविवार - पावन ज्योति स्थापना, 12-10-2026, सोमवार से भागवत कथा शुभारंभ,18-10-2026, रविवार - कथा विश्राम 19-10-2026, सोमवार - हवन एवं खिचड़ी भंडारा, 20-10-2026, मंगलवार - विशाल भंडारा 21-10-2026, बुधवार - ज्योति विसर्जन समापन ज्योति का विसर्जन घाघरा नदी, लालपुर में किया जाएगा। सभी भक्तजनों से तन, मन, धन से सहयोग करने की अपील की गई है।

बिसवां में पारिवारिक विवाद के बीच 32 वर्षीय महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

बिसवां, सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम निपनियां माफी मजरा कुतुबपुर में पारिवारिक विवाद के चलते 32 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय सीतापुर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान सावित्री देवी (32) पत्नी संदीप कुमार निवासी ग्राम निपनियां माफी मजरा कुतुबपुर के रूप में हुई है। आत्महत्या के वास्तविक कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई भव्य शिव बारात



खैराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज कस्बे के पाठक तालाब श्री सिद्ध पीठ बजरंग बली सेवा ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात निकाली गई,बारात निकलने से पूर्व अभिषेक गुप्ता,सत्य प्रकाश मिश्र, व कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने आरती करके बारात को वहां से प्रस्थान कराया गया ,बारात में हर हर महादेव,और बम बम भोले ,जय श्री राम के जयकारों से समूचा कस्बा गुंजायमान हो गया । अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा''भले ही भगवान शिव वैरागी हैं, लेकिन उनकी बारात का आज यह सभी का उल्लास बताता है कि महादेव अपने भक्तों के कितने करीब हैं। इस भव्य बारात ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब शिव और शक्ति का मिलन होता है, तो पूरी सृष्टि उत्सव में डूब जाती है। समूची यात्रा में थाना अध्यक्ष अनिल सिंह अपने दल बल के साथ डटे रहे, शिव बारात कस्बे के विभिन्न मार्गो माखुपुर,किसानी टोला ,पुरानी बाजार पोस्ट ऑफिस,लतीफ मार्केट होती हुई पुनः पाठक तालाब पर पहुंची ।इस यात्रा में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रिया सिन्हा,पुनीत सिंह,मनीष सिंह ,निरंकार गुप्ता,संतोष मिश्रा ,कुलदीप जायसवाल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना निगोही पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 09 अगस्त को एक व्यक्ति ने थाना निगोही पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग पुत्री को इसी थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया जमा खां निवासी संदीप पुत्र विश्राम और गोविन्द पुत्र रामदास बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद किया और मेडिकल रिपोर्ट व बयानों के आधार पर अभियोग में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में वृद्धि की। आज थाना निगोही पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चैना रुरिया गांव में ग्रामीण बैंक के पास से वांछित अभियुक्त संदीप वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है।

बाढ़ से बर्बाद फसलों पर सरकार का मरहम

❐ खीरी के 9,250 किसानों को मिले 6.42 करोड़,शेष किसानों को दो दिन में मिलेगा अनुदान

❐ सीएम योगी ने प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के लिए 493 करोड़ रुपये किए जारी, डीबीटी से सीधे खातों में पहुंच रही सहायता

❐ विधायक-डीएम-जिलाध्यक्ष ने किसानों को सौंपे डेमो चेक, खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के बाद किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए सरकार ने कृषि निवेश अनुदान के जरिए राहत पहुंचानी शुरू कर दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के लिए 493 करोड़ रुपये की सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी के 9,250 किसानों के बैंक खातों में 6 करोड़ 42 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की धनराशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे खातों में पहुंचाई गई। शेष 15,021 किसानों को 10 करोड़ 79 लाख 19 हजार 341 रुपये का अनुदान अगले दो दिनों में वितरित किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह, विधायक योगेश वर्मा और जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी के साथ किसानों को सहायता राशि के डेमो चेक प्रदान किए। इस दौरान गोरखपुर से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया।

आपदा में किसानों को सहारा, सीधे खातों में पहुंच रही रकम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन भूमि से बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात से फसल क्षति झेलने वाले प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के लिए 493 करोड़ रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि अंतरित की। डीबीटी के जरिए सहायता सीधे बैंक खातों में पहुंचाने की व्यवस्था से भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान पहुंचने पर किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे समय में प्रदेश सरकार किसानों को राहत देने के लिए सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। अनुदान से किसानों को खेती-किसानी दोबारा पटरी पर लाने और अगली फसल की तैयारी करने में मदद मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि पात्र किसानों तक सहायता पहुंचे और कोई भी प्रभावित किसान अनुदान से वंचित न रहे।

खीरी के अन्नदाताओं को 17.21 करोड़ की राहत, पहले चरण में 9,250 किसानों को भुगतान

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों में 24,271 किसानों की 8,148.200 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसानों के लिए कुल 17 करोड़ 21 लाख 93 हजार 434 रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 9,250 किसानों के खातों में 6 करोड़ 42 लाख 74 हजार 93 रुपये अंतरित किए जा रहे हैं। शेष 15,021 किसानों को 10 करोड़ 79 लाख 19 हजार 341 रुपये का अनुदान अगले दो दिनों में वितरित किया जाएगा।

150 गांव प्रभावित, राहत कार्यों पर भी जोर

एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष बाढ़ से जनपद के 150 गांव प्रभावित हुए। इनमें 41 गांवों की 64,720 आबादी सीधे प्रभावित हुई, जबकि 109 गांवों में कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा। प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए 14,008 परिवारों को राहत किट वितरित की गईं। वहीं, सड़कों के किनारे और ऊंचे स्थानों पर शरण लेने वाले 21,110 विस्थापितों को 2,22,405 लंच पैकेट उपलब्ध कराए गए।

किसानों ने जताया आभार

किसानों ने कहा कि बाढ़ से फसलें पूरी तरह चौपट हो गई थीं। ऐसे समय में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत है। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि समय पर मिली यह सहायता परिवार की मुश्किलें काफी हद तक कम करेगी। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, तहसीलदार सदर/गोला सहित बड़ी संख्या में राजस्व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार चचेरे-तहेरे तीन भाइयों की मौत जबकि एक घायल रेफर



बिसौली कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के बदायूं मुरादाबाद एमएफ हाइवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब भीषण सड़क हादसे में चचेरे-तहेरे तीन भाइयों की मौके पर मौत हो गई। जबकि उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मदनजुड़ी गांव के पास एक स्कूल बस और बाइक की टक्कर से हुआ। सोमवार दोपहर बाद दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बिसौली में एमएफ हाईवे पर मदनजुड़ी गांव के पास हुआ। एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को छोड़ने जा रही थी तभी सामने से एक बाइक पर सवार चार युवक बिसौली की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे मदनजुड़ी गांव के पास हुआ। इस हादसे में हत्सा गांव निवासी निखिल उर्फ नितिन (19 वर्ष) पुत्र रामवीर, रोहन (20 वर्ष) पुत्र महेश और ऋषभ (18 वर्ष) पुत्र सोमेन्द्र निवासी ग्राम हत्सा की जान चली गई। ये तीनों चचेरे-तहेरे भाई थे। वही गंभीर रूप से घायल शिवा (18 वर्ष) को जिला अस्पताल भेजा गया है। शिवा का हाल ही में अग्निवीर में चयन हुआ था। चारों दोस्त शिवा को दवा दिलाने के लिए बिसौली कस्बा जा रहे थे। वे सभी एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक रोहन चला रहा था, जिसने करीब दो महीने पहले ही एक नई बाइक खरीदी थी। बस टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। बिसौली सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं हत्सा गांव में तीन दोस्तों की मौत की खबर पहुंचते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और मातम छा गया। निखिल, रोहन और ऋषभ के परिवारों में गहरा शोक है। शिवा के अग्निवीर में चयन की खुशी अब गम में बदल गई है। वहीं मदनजुड़ी गांव के पास स्कूल बस से बाइक की सीधी भिड़ंत हुई। चारों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था। हादसे की जांच की जा रही है।

डॉ0 संजयन त्रिपाठी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर पहुंचे बहराइच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। नानपारा - बहराइच बाईपास रोड पर स्थित होटल ग्रैंड पैलेस हाल में समाजवादी शिक्षक सभा की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से देवीपाटन मंडल के खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री याशर शाह, विधायक कैसरगंज आनंद यादव, पूर्व विधायक के.के.ओझा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, पूर्व सांसद सुश्री सावित्री फुले,शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य सम्मलित हुए। बैठक का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खान बंटी ने किया। कार्यक्रम में डा0 संजयन त्रिपाठी ने सर्वप्रथम समाजवादी चिंतक डाध राम मनोहर लोहिया जी की 59वीं पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर आए हुए शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ0 संजयन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के शिक्षको का जबरदस्त उत्पीड़न किया गया है, इस सरकार ने न केवल शिक्षा को चौपट किया है अपितु इसने शिक्षकों के भविष्य को भी चौपट किया है उन्होंने कहा कि इसी सरकार ने पुरानी पेंशन को खत्म करके शिक्षकों की जिंदगी को नरकीय बनाने का काम किया है। श्री त्रिपाठी कहा कि निवर्तमान विधान परिषद सदस्य ने अपने पूरे कार्यकाल मे शिक्षकों के हित में कोई आवाज नहीं उठाई और इनकी सदन में मौजूदगी होते हुए सरकार शिक्षक विरोधी निर्णय लेती रही। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार और हितों की रक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षक निर्वाचन चुनाव देवीपाटन मंडल के प्रभारी पूर्व मंत्री यासर शाह ने कहा कि देवीपाटन मंडल डा0 संजयन त्रिपाठी को भारी मतों से जिताकर एम0एल0सी बनाने का काम करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव कमलेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान, जिला महासचिव सुनील निषाद, सपा नेता जयंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेश चन्द्र मिश्रा, अनिल यादव, रामजी यादव, सपा नेता अवधेश वर्मा, जी0एस निरंजन, डा0 आशिक अली, प्रदेश सचिव युवजन सभा शैलेश सिंह शैलू, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेश्वर यादव, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड मयंक मिश्रा, नगर अध्यक्ष नदीमुल हक तन्नू, आनंद प्रकाश यादव, शिक्षक साथी मिथलेश यादव, नृपेंद्र मिश्रा, के0के0 यादव, धर्मेन्द्र कुमार, संदीप कुमार यादव, अयोध्या प्रसाद यादव, संजय श्रीवास्तव, जितेंद्र चौधरी, शैलेश विश्वकर्मा, डा0 बैजनाथ श्रीवास्तव, डॉ0 अनूप शर्मा सहित तमाम साथी, नेतागण उपस्थित रहे।

बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता का संदेश लेकर निकली रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नानपारा में जागरूकता रैली निकाली गई। लखनऊ डीएसडब्ल्यूएस द्वारा संचालित बलहा ब्लॉक के नानपारा-भोपतपुर सेंटर की प्रेरणा परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में वैध भगवानदीन बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रेरणा परियोजना की कोऑर्डिनेटर सिस्टर शालिनी के नेतृत्व में बालिकाओं को जागरूकता अभियान से जोड़ा गया। रैली कोतवाली नानपारा से शुरू होकर इमामगंज चौराहे से गुजरी और वापस अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान कोतवाल गुरुसेन सिंह सहित कोतवाली का पुलिस स्टाफ भी रैली में शामिल रहा और अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मिशन शक्ति के प्रति जागरूक करना तथा महिला सुरक्षा और जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में डीएम सख्त, खराब रैंकिंग वाले विभागों को चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतेन्द्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर माह सितंबर में दर्ज विकास कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाकर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि माह सितंबर की रैंकिंग में 59 कार्यक्रमों को ए श्रेणी प्राप्त हुई है। वहीं एनआरएलएम आरएफ, सीआईएफ, जननी सुरक्षा योजना का लाभ, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा निर्माण कार्य सीएमआईएस सहित सात कार्यक्रमों को बी श्रेणी प्राप्त हुई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं फैमिली आईडी सहित दो कार्यक्रम सी श्रेणी में रहे। ओडीओपी टूलकिट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित दो कार्यक्रमों को डी श्रेणी प्राप्त हुई, जबकि 14 कार्यक्रम एनए श्रेणी में रहे। जिलाधिकारी ने बी, सी एवं डी श्रेणी प्राप्त करने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रगति का गहनता से विश्लेषण करें तथा जिन बिंदुओं पर अपेक्षित उपलब्धि नहीं हुई है, उन्हें चिह्नित कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित रैंकिंग शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए सभी अधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार लाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करें। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति में आने वाली बाधाओं का समय से समाधान करते हुए परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा कराया जाए।

धान खरीद 12 अक्टूबर से शुरू

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में धान खरीद 12 अक्टूबर 2026 से प्रारम्भ हो गई है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीद एवं कृषक पंजीकरण के संबंध में किसानों को नियमित रूप से जागरूक करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार कॉमन धान का मूल्य 2441 रुपये प्रति कुंतल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत प्रदेश में तैयार की गई किसानों की फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) के आधार पर धान की खरीद की जाएगी। इसके लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर अलग से पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी। किसानों से अपील की गई है कि वे धान खरीद योजना का लाभ उठाने के लिए अपनी फार्मर आईडी से संबंधित आवश्यक जानकारी सुनिश्चित कर लें।

मध्यस्थता अभियान 3.0 के तहत 10 वादों में सुलह, पक्षकार उठाएं लाभ

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के तत्वावधान में 01 अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित वादों का मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिकाधिक निस्तारण कराना है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक मध्यस्थता केंद्र, बदायूँ में 10 वादों में मध्यस्थता सफल रही है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अध्यक्ष श्री विवेक संगल के निर्देशानुसार अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन), त्वरित न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव श्री अंकित रस्तोगी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, उपभोक्ता विवाद, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस तथा शमनीय आपराधिक मामलों सहित अन्य उपयुक्त दीवानी विवादों का आपसी सहमति से समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के कार्यालय तथा जनपद की समस्त तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से बैनर, पोस्टर एवं हैंडबिल वितरित किए जा रहे हैं। प्रचार सामग्री को उपयुक्त स्थानों पर चस्पा कर लोगों को मध्यस्थता के लाभों की जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक वादकारी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने जनपद के समस्त नागरिकों एवं वादकारियों से अपील की कि मध्यस्थता अभियान 3.0 के अंतर्गत मध्यस्थता केंद्र में संदर्भित मामलों में संबंधित पक्षकार उपस्थित होकर आपसी बातचीत और सहमति के आधार पर अपने विवादों का निस्तारण कराएं। मध्यस्थता से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है तथा इससे न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण में भी सहायता मिलती है।

महिलाओं के सम्मान और न्याय की मांग को लेकर बदायूं में महिला मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर बदायूं में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमिता उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मालवीय आवास से महाराणा प्रताप चौक तक निकाली, प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफ़ेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम से जुड़े छात्राओं की शिकायतों के प्रकरण को लेकर महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेतृत्व के रुख पर सवाल उठाए। मालवीय आवास से महाराणा प्रताप चौक तक निकाली गई पदयात्रा में महिला कार्यकर्ताओं ने प्लेकार्ड के माध्यम से अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस नेतृत्व से इस प्रकरण पर अपना पक्ष स्पष्ट करने तथा महिला सम्मान के मुद्दे पर जिम्मेदार रुख अपनाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा नारी शक्ति का सम्मान, सुरक्षा और न्याय सर्वोपरि है। महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मामलों में आवाज उठाना और जवाबदेही की मांग करना आवश्यक है। महिला सम्मान को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि महिलाओं की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए।इस अवसर पर पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, क्षेत्रीय कार्यकारणी सदस्य प्रतिभा सिंह, जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, क्षेत्रीय मंत्री रजनी मिश्रा, जिला मंत्री रचना शंखधार, जिला मंत्री राजवती वर्मा, पूर्व जिला मंत्री रानी सिंह पुंडीर, सविता शर्मा, कृष्णा गुप्ता, नन्ही यादव, गुड्डी राघव, छाया शर्मा, वंदना श्रीवास्तव आदि महिला मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गंगा में कूदा युवक, तलाश में उतरे गोताखोर, एसडीआरएफ भी जुटी, नहीं लगा अभी तक कोई सुराग

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। कछला में गंगा नदी में डूबे युवक की तलाश के लिए सोमवार को व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस, 22 निजी गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी है। युवक ने रविवार को उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला पुल से गंगा में छलांग लगाई थी। आपको बता दे कि कछला पुल से गंगा में कूदकर लापता हुए युवक की तलाश के लिए सोमवार सुबह फिर से व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस के साथ गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम भी तलाश में जुटी। सुबह आठ बजे चार स्टीमर के साथ गोताखोर गंगा में उतरे और दोनों ओर युवक की तलाश शुरू की गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। रविवार को उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला पुल से एक युवक ने गंगा छलांग लगा दी थी। वह नदी में डूबकर लापता हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तलाश शुरू कराई। घाट पर युवक की बाइक मिलने के बाद उसकी पहचान उझानी क्षेत्र के गांव नगला निवासी श्रीराम के रूप में हुई। इसके बाद से ही पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं। सोमवार सुबह आठ बजे 22 निजी गोताखोर चार स्टीमर लेकर गंगा में उतरे। एसडीआरएफ की टीम ने भी अभियान में हिस्सा लिया। गोताखोर गंगा के दोनों ओर संभावित स्थानों पर युवक की तलाश कर रहे हैं। युवक के परिजन भी उसके मिलने की आस लगाए हुए हैं। सोमवार रात तक तक तलाश जारी रहने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

अमेठी में प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेला में उनतालिस अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग उनतालिस अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रतिभागी कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले में राजेश मसाला उद्योग अमेठी ने प्रतिभाग किया। वहीं, प्रतिभागी कंपनी के एचआरओ अरविंद ने अप्रेंटिसशिप के लिये सात अभ्यर्थियों का चयन किया।

गन हाउस के गोदाम में कारतूसों की पेटी गिरने से विस्फोट, तीन मजदूर घायल, एक की हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। इस्लामनगर कस्बे में सोमवार को शिवम गन हाउस के गोदाम में विस्फोट हो गया। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। बदायूं के इस्लामनगर कस्बे में सोमवार को शिवम गन हाउस के गोदाम में सफाई के दौरान एयर गन में इस्तेमाल होने वाले कारतूसों की पेटी गिरने से विस्फोट हो गया। इससे तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल अमित को प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रेफर किया गया, जबकि दो अन्य घायलों का इस्लामनगर में उपचार चल रहा है घटना कस्बे में बस स्टैंड के पास स्थित गोदाम की है। पुलिस के मुताबिक, गोदाम में सफाई के दौरान कारतूसों से भरी एक पेटी नीचे गिर गई, जिससे विस्फोट हो गया। इससे अमित (40 वर्ष) पुत्र संजय निवासी सिठोली, राजेश (44 वर्ष) पुत्र चिरोंजीलाल निवासी मोहल्ला भटनागर, इस्लामनगर और शिवकुमार (43 वर्ष) पुत्र सत्यपाल निवासी सिठोली घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल भिजवाया। अमित की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया, जबकि राजेश और शिवकुमार को हल्की चोटें आई हैं। दोनों का स्थानीय स्तर पर उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, इस्लामनगर निवासी राजीव कुमार मित्तल का शिवम गन हाउस है। उनके गोदाम में हादसा हुआ है। पुलिस हादसे के कारणों के साथ ही घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। एसपी ग्रामीण डॉ हृदेश कठेरिया ने बताया कि गोदाम में हुए धमाके की जांच कराई जा रही है। सीओ बिल्सी आलोक सिद्धू ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

दलित समाज को शिक्षा, रोजगार, सम्मान और समान अवसर मिलना लोकतंत्र की मजबूती : रामजीलाल सुम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी दलित सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन बदायूं पहुंचे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों, सामाजिक समानता और संविधान में निहित अधिकारों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दलित समाज को शिक्षा, रोजगार, सम्मान और समान अवसर मिलना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से संवाद करें तथा आगामी दलित सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज की एकजुटता और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि बदायूं जनपद में पार्टी संगठन दलित सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पूरी गंभीरता से काम करेगा। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, सामाजिक सद्भाव और समान अधिकारों की पक्षधर है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से जुटेगा। शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित वर्गों की समस्याओं को समझना तथा उनकी आवाज को सदन और सार्वजनिक मंचों पर उठाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगामी दलित सम्मेलन सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संवाद को आगे बढ़ाने और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। सपा वरिष्ठ नेता फखरे अहमद शोबी ने कहा कि दलित सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया जाएगा। समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना तथा उन्हें न्याय और सम्मान दिलाने के लिए प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीडीए की अवधारणा सामाजिक भागीदारी, भाईचारे और समान अधिकारों की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आपसी एकता बनाए रखते हुए सम्मेलन की तैयारियों में जुटें और अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी की नीतियां पहुंचाएं। पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी ने कहा कि दलित समाज की महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है।

अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी मेलजोल के साथ मनाएं। किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के साथ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सोमवार को पुलिस ग्राउंड स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से संवाद कर त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाने की अपील की। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सभी त्योहार निर्धारित समय-सीमा एवं नियमों के अनुरूप मनाए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी दुर्घटना की आशंका न रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या अफवाह न फैलाएं और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने खुले स्थानों पर लगाए जाने वाले पंडालों एवं अन्य आयोजन स्थलों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों तथा अन्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि नागरिक किसी भी भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट, फोटो, वीडियो अथवा संदेश को साझा न करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की निगरानी रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी लोग आपसी सहयोग, संयम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पीस कमेटी की बैठक के उपरान्त डीएम व एसएसपी ने पुलिस ग्राउंड से मिशन शक्ति फ़ेज़ 6.0 की जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अदबी दुनिया ने खोया अपना एक अजीज शायर, मंजूर बहराइची को किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। मशहूर शायर मंजूर बहराइची के निधन से साहित्यिक जगत में शोक की लहर है। उनके व्यक्तित्व, व्यवहार और अदबी सेवाओं को याद करते हुए शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा की अध्यक्षता शादां रहमानी ने की, जबकि संचालन नदीम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान उपस्थित शायरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ जुड़ी यादें साझा कीं। साहित्यिक संस्था उर्दू महफिल, बहराइच के अध्यक्ष जमाल अजहर सिद्दीकी ने कहा कि मंजूर बहराइची का व्यवहार इतना कुशल और आत्मीय था कि लोग उन्हें लंबे समय तक भुला नहीं सकेंगे। मुशायरों और काव्य गोष्ठियों में अपनी गजलों के माध्यम से उन्होंने जो स्थान बनाया, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि मंजूर बहराइची ने अपनी परेशानियों को कभी चेहरे पर जाहिर नहीं होने दिया, यही उनकी खासियत थी। इस मौके पर उन्होंने पढ़ा, ऐ जमाल ऐसा भी मुमकिन है बताओ तो सही, क्या पलट आएंगे जग छोड़ के जाने वाले। शोकसभा के आयोजक खब्बाब अहमद खान (अमान) ने कहा कि कुछ लोग बिछड़ने के बाद भी लोगों के दिलों में जिंदा रहते हैं। मंजूर बहराइची भी उन्हीं लोगों में शामिल थे। उन्होंने शैक्षिक कार्यों के दौरान नाइंसाफी और जुल्म सहने के बावजूद अपनी अदबी सेवाएं जारी रखीं। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि मंजूर बहराइची को जन्नतुल फिरदौस में जगह अता फरमाए। इस दौरान उन्होंने अपना कलाम पेश किया, नजर का शरीके गम चला गया ।

अतिक्रमण से जाम में जकड़ा रहा गोंडा शहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । दिनों दिन फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण बढ़ने से शहर पूरी तरह से जाम में जकड़ा जा रहा है।इससे जूझ रहे लोग परेशान हैं लेकिन समाधान नहीं मिल रहा,सोमवार से लेकर शनिवार तक रोज

शहर जाम में फंसा रहता है। जिसमें फंसकर लोग हलकान रहे। फुटपाथ पर रहता है दुकानदारों का कब्जा गोंडा शहर अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। यहीं कारण है कि पूरा शहर जाम में फंस गया है। नगर पालिका व तहसील प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया ले किन अभियान समाप्त होते ही फिर से फुटपाथ पर अतिक्रमण हो जाता है। एलबीएस चौराहे से लेकर नगर कोतवाली तक पूरे फुटपाथ पर दुकान दारों और मैकेनिक ने सड़क



को गैराज बना रखा है सड़क के दोनों आधी सड़क पर कब्जा है।यहीं दशा दुखहरण नाथ मंदिर से लेकर अग्रसेन चौक, गुड्डू मल चौराहा, गुरु नानक चौराहा,रोडवेज बस स्टॉप,बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा सड़ क सहित लगभग सभी मार्गों की यही दशा है।इत ना ही नहीं नगरकोतवाली से लेकर सड़क के दोनों

तरफ पटरी और आधी सड़क पर लग्जरी गाड़ियों की पार्किंग लगी रहती है कुछ सड़क पर ठेलेवालों के कब्जे से समस्या और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर ही फल व सब्जी के ठेले लगे दिखाई दे ते हैं।गोंडा - फैजाबाद सर्कुलर रोड पर भी सड़क पर ठेला दुकानदारों का कब्जा है।शहरी क्षेत्र में स ड़कों पर करीब साढ़े आठ हजार ई रिक्शा दौड़ रहे हैं।इनमें कई चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं हैं अनट्रेंड होने के कारण इनके द्वारा बहुत ही बेतरती ब तरीके से ई रिक्शा चलाया जाता है सड़क पर ही वाहन को रोक कर सवारियां बैठाई व उतारी जाती हैं।इसके साथ ही एक ही रूट पर सैकड़ों की संख्या में इन रिक्शों के होने से जाम की सम स्या बनी रहती है।

नवरात्रि के दूसरे दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने टेका मत्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मंदिर परिसर से सड़कों तक लगी लंबी कतारें ड्रोन से निगरानी और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

खैरा भवानी मंदिर में भी उमड़ी भीड़, बच्चों का मुंडन कराने दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

जिलाधिकारी ने दिए सुरक्षा सफाई, सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

गोंडा । शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को गोंडा के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ प ड़ा है सुबह होते ही प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं,घंटों इंतजार के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ, मां ब्रह्मचारिणी की पू जा अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में दिनभर श्र द्धालुओं की आवाजाही बनी रही।जिले के 34 वीं शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध मां बाराही देवी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली।मंदिर परि सर से लेकर आसपास की सड़कों तक दर्शनार्थि यों की लंबी कतारें लगी रहीं।मंदिर परिसर में कता रों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी था।

मन्दिर में सुरक्षा का पहरा, ड्रोन से निगरानी

मां बाराही देवी मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ को देख ते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।भीड़ की निगरा नी के लिए ड्रोन कैमरों का सहारा लिया गया।वर्दी धारी पुलिसकर्मियों के साथ सादे कपड़ों में भी पु लिसकर्मियों की तैनाती की गई, ताकि भीड़ के बी च सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सके और श्र द्धालुओं को दर्शन के दौरान परेशानी न हो।मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। वही खैरा कुंभ नगर स्थित मां खैरा भवानी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की कतारें लग गईं।श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर में बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए भी दूर-दरा ज से परिवार पहुंचे।धार्मिक आस्था और ऐतिहासि क महत्व के कारण इस मंदिर में शारदीय व चैत्र न वरात्रि के अलावा प्रत्येक सोमवार,मंगलवार और शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

डीएम ने दिए निर्देश,सफाई से सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि नवरा त्रि के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला पंचायत राज विभाग को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की जि म्मेदारी सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशा सन सतर्क है और प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन-पूजन में परेशानी न हो।जिलाधिकारी के मुताबिक, सोमवार को सबसे अधिक भीड़ मां बा राही देवी मंदिर में रही।

पत्रकारों को सरकारी अस्पतालों में मिलेगी प्राथमिकता, सीएमओ ने जारी किए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद के सरकारी अस्पतालों में पंजीकृत पत्रकारों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिका री ने सभी सीएचसी अधीक्षकों को शासनादेशों और प्रचलित नियमों के अनुरूप आवश्यक सुवि धा सुनिश्चित कराने को कहा



है।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पत्रकारों को पंजीकरण, चिकित्स कीय परामर्श, जांच और दवा वितरण के दौरान लंबी कतारों से होने वाली परेशानी का मुद्दा उठा या था।इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेज तक पत्रकारों को नियमानुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

तरबगंज पुलिस पर गंभीर आरोप, मानसिक और दिव्यांग युवक को बनाया शराब आरोपी



वारंट ने खोली परिवार की परेशानी, अब आईजी आरएस से इंसाफ की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई जरूरी है, लेकिन अगर किसी निर्दोष को आरोपी बना दिया जाए तो जवाबदेही भी उत नी ही जरूरी हो जाती है।गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक पुराने मुकदमे को लेकर ऐसे ही गंभीर सवाल उठे हैं। बनगांव निवासी अंकित के परिवार का आरोप है कि मानसिक रूप से दिव्यां ग युवक को पुलिस ने अवैध कच्ची शराब रखने के मामले में आरोपी बना दिया। जबकि वह अपना नाम- पता तक ठीक से नहीं बता पाता। परिवार का दावा है कि मुकदमा दर्ज होने के समय उन्हें इसकी जानकारी नहीं हुई। करीब दो साल बाद जब न्यायालय का वारंट घर पहुंचा, तब कथित कार्रवाई का पता चला।अब युवक के भाई ने आई जीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला सामने आने के बाद सवाल उठ रहा है कि गिरफ्तारी की परिस्थितियों और युवक की मानसिक स्थिति की जांच किए बि ना कार्रवाई के आरोपों की सच्चाई कैसे सामने आ एगी ?

आबकारी का मुकदमा और दो साल बाद वारंट

मामला 26 जून 2024 का बताया जा रहा है।दर्ज मुकदमे के अनुसार, तरबगंज पुलिस ने ग्राम मुराव नपुरवा बनगांव के पास बुच्चू साहू की बगिया से एक व्यक्ति को सफ़ेद रंग की दस लीटर की पिपि या में अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया था।पुलिस अभिलेख में आरोपी की पहचान अंकि त पुत्र सरजू, निवासी बनगांव डीहा,थाना तरबगंज के रूप में दर्ज है।उसके विरुद्ध आबकारी अधिनि यम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके उलट, परिवार का कहना है कि अंकित मानसिक रूप से दिव्यांग है और ठीक से चल-फि र भी नहीं पाता,ऐसे में उसके खिलाफ शराब तस्क री का आरोप लगाए जाने पर परिजनों ने सवाल खड़े किए हैं।परिवार ने आरोप लगाया है कि युव क को बेवजह मुकदमे में फंसाया गया। वही इस प्रकरण में सबसे अहम सवाल यह है कि गिरफ्ता री के समय युवक की पहचान और स्थिति का स त्यापन किस आधार पर किया गया था ?

वारंट पहुंचने पर जागा परिवार,

परिजनों के मुताबिक, करीब दो वर्ष तक उन्हें मुक दमे की जानकारी नहीं थी।न्यायालय का वारंट घर पहुंचने के बाद परिवार को मामले का पता चला। इसके बाद अंकित के भाई ने आईजीआरएस पोर्ट ल पर शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की जांच और न्याय की मांग की।अब इस प्रकरण में सबसे अहम सवाल यही है कि गिरफ्तारी के समय युवक की पहचान और स्थिति का सत्यापन किस आधार पर किया गया था ? क्या परिवार के आरोपों की जांच कर पुलिस अभिलेखों और उपलब्ध साक्ष्यों का मिलान किया जाएगा।

कोतवाल बोले जांच में सामने आएंगे तथ्य

तरबगंज कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मा मला करीब दो वर्ष पुराना है और उनके संज्ञान में पहले यह प्रकरण नहीं था।उन्होंने कहा कि जां च में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उनके आधार पर उ चित कार्रवाई की जाएगी।वही अब निगाहें पुलिस की जांच पर हैं। परिवार की शिकायत के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मामले में दर्ज आरोपों, गिरफ्तारी के अभिलेखों और युवक की स्थिति की निष्पक्षता से पड़ताल होती है या नहीं।

मोतीगंज थाना क्षेत्र बना पेड़ कटवा थाना

मोतीगंज में हरे पेड़ों पर आरा, जिम्मेदारी से बच रहे विभाग !

पुलिस और वन विभाग के बीच जवाबदेही का सवाल,शिकायतों के बावजूद कार्रवाई पर सवाल

सीओ सदर बोले कटाई रोकने की जिम्मेदारी वन विभाग की,सूचना मिलने पर दर्ज होगा मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मोतीगंज क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की कथित अवै ध कटाई को लेकर पुलिस और वन विभाग की का र्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरो प है कि क्षेत्र में दिनदहाड़े पेड़ों की कटाई हो रही है लेकिन जिम्मेदार विभागों के बीच जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है।शिकायत करने पर कभी पुलिस तो कभी वन विभाग का हवाला दिया जाता है।ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हरियाली उजड़ने की जिम्मेदारी कौन लेगा ।



शिकायतों के बीच जिम्मेदारी का सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हरे पेड़ों की कटाई पर समय रहते रोक नहीं लगी तो क्षेत्र की हरियाली को भारी नुकसान पहुंचेगा।ग्रामीणों ने अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर उ नके खिलाफ कार्रवाई करने और लकड़ी के अवैध कारोबार पर प्रभावी निगरानी की मांग की है।

सीओ ने वन विभाग की जिम्मेदारी बताई

इस मामले में सीओ सदर अभिषेक दाव्यचा ने ब ताया कि पेड़ों की कटाई रोकने की जिम्मेदारी वन विभाग की है।वन विभाग की ओर से पुलिस को सूचना दिए जाने पर वन संरक्षण अधिनियम के त हत मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।उनके बयान के बाद सवाल यह है कि क्षेत्र में सामने आ रही शि कायतों पर वन विभाग ने अब तक क्या कार्रवाई की और पुलिस के पास कितनी शिकायतें पहुंचीं ?

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मोतीगंज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की जांच कराने जिम्मेदार लोगों को चिह्नित करने तथा संबंधित वि भागों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।अब देखना यह है कि प्रशासन शिकायतों का संज्ञान ले कर हरियाली बचाने के लिए ठोस कदम उठाता है या जिम्मेदारी तय करने का सवाल यूं ही बना रह ता है।

संकल्प अभियान से मुजेहना की 58 पंचायतों में चौबीस सौ श्रमिकों को मिला रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण परिवारों की आजीविका मजबूत कर ने और गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्दे श्य से मुजेहना विकासखंड की सभी 58 ग्राम पं चायतों में सोमवार को विशेष रोजगार सृजन दिव स अभियान चलाया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में करीब चौबीस

सौ श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

इस अभियान के दौरान जहां गांवों में श्रमदान और स्वच्छता गतिविधियों के जरिए ग्रामीणों को जाग रूक किया गया है वहीं श्रमिकों को सरकारी योज नाओं से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है,कार्यक्रम में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी बनकटी सूर्यबली सिंह ग्राम पंचायत पहुंचे।यहां उन्होंने श्र मिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और वीबी-जी रामजी योजना के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी दी। विधायक ने ग्रामीण श्रमिकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें



रोजगार सृजन दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, वीबी-जी रामजी योजना का प्रचार

मेहनौन विधायक ने बनकटी सूर्यबली सिंह में श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

रोजगार यो जनाओं का लाभ उठाने के लिए दारी की। अभियान के तहत रयगांव,बनकटी सूर्य बली सिंह,धर्मेई, परसिया पंडित, मतवरिया, तेंदुआ मोहनी,पूरे सिधारी,रुद्रगढ़ नौसी और कोल्हुआ बन कट समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों में गतिविधियां आयोजित की गईं।कई स्थानों पर श्रमिकों ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की पहल की गई।रोजगार सृजन दिवस का आयोजन खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संजय पाल तथा वीबी - जी रामजी योजना से जुड़े बाबू,राम शंकर और पशुपतिनाथ त्रिपाठी की देखरेख में हु आ।ग्राम सचिवों और ग्राम प्रधानों ने भी अभियान के संचालन तथा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध क राने की प्रक्रिया में सहयोग किया।योजना के तहत महानगरों से लौटे श्रमिकों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर काम के अवसर को बढ़ाना,ग्रामीण परिवारों की आय के साधनों को मजबूत करना और श्रमिकों को सर कारी रोजगार योजनाओं से जोड़ना है।

पुण्यतिथि पर लोहिया को नमन, समाजवाद के रास्ते पर चलने का संकल्प

पिछड़ों के अधिकार और सप्तक्रांति के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । समाजवाद, सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति के पुरोधा डॉ.राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर सोमवार को समाजवादी पार्टी का र्यालय में सपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लि या।जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन की अध्यक्षता में आ योजित कार्य क्रम में लोहिया के संघर्षों,सिद्धांतों और समाज के वंचित तबकों को अधिकार दिलाने के उनके प्रयासों को याद किया गया।कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजवा दी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प दोह राया।पार्टी के जिला प्रवक्ता जावेद मंटू ने कहा कि डॉ.लोहिया का नारा जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं आज भी जनभागीदारी और राजनीति क जागरूकता का संदेश देता है। उन्होंने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि समा जवादी विचारधारा के आधार पर जनविरोधी नीति यों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाना



चाहिए।प्रदेश सचिव विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि लोहिया का समाजवाद समानता,भाईचारे और सा माजिक न्याय पर आधारित व्यवस्था की प्रेरणा दे ता है।उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज के कमजोर वर्गों को उनका अधिकार दिलाने की दि शा में आगे बढ़ा जा सकता है।कार्यक्रम में हाजी जकी, दिनेश यादव, पवन सिंह, लाल चंद गौतम, अफजल खां, संजय साहू, पंकज गोस्वामी, हृदय राम यादव, शिव संपत सिंह, सोमनाथ तिवारी, रवि यादव, शाहिद खां, फरहान सिद्दीकी, रफीक रैनी, नबील खां, अलख राम और अजय यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बहराइच मे रामलीला के 121वें महोत्सव का भव्य शुभारंभ, निकली भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। धर्म, आस्था और भक्ति के उल्लास से सराबोर वातावरण में श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी (रजि.) की ओर से श्री रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। महोत्सव के शुभारंभ पर नगर के पंचायती मंदिर, छावनी चौराहे से भव्य रामलीला शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में देवी-देवताओं के मनोहारी स्वरूपों और आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। नगर के विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर प्रभु श्रीराम के स्वरूपों का स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भव्य रथ पर विराजमान प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के



दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रामभक्तों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ भगवान के स्वरूपों के दर्शन किए। शोभायात्रा छावनी चौराहे स्थित पंचायती मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, चौक बाजार, पीपल तिराहा, मीराखेलपुरा, गुदड़ी, काजीपुरा और बशीरगंज सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई झिंगहाघाट स्थित रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों से सुसज्जित झांकियों ने नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बहराइच की सबसे पुरानी रामलीलाओं में शामिल इस ऐतिहासिक आयोजन का यह 121वां वर्ष है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रामलीला मंचन से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रामलीला मैदान पहुंचने पर भगवान के विभिन्न स्वरूपों का तिलक-चंदन कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया और आरती उतारी गई। इसके साथ ही रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकार रामचरित्र का मंचन कर श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म की महत्ता से परिचित कराएंगे। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, राहुल रॉय, कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, जय जय अग्रवाल,सुमित टेकड़ीवाल, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, आनंद गुप्ता, केके सक्सेना, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, दीपक सोनी,हेमंत मिश्रा, विनय जैन पिंटू, केके मिश्र, राघव टेकड़ीवाल,मुरारी श्रीवास्तव, अंशुमान यज्ञसैनी, सुधाकर प्रसाद मिश्रा, कन्हैया सोनी, निशा शर्मा, हेमा निगम, एकता जायसवाल सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। सभी ने रामलीला महोत्सव के सफल आयोजन और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। रामलीला शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भव्य रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी के स्वरूपों के दर्शन के लिए जगह-जगह लोग एकत्र हुए। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान के स्वरूपों का अभिनंदन किया और सुख-समृद्धि की कामना की। पंचायती मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा के रामलीला मैदान पहुंचने पर विधिवत पूजन, अर्चन और आरती के बाद रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बना यह आयोजन नगर में भक्तिमय वातावरण का साक्षी बना।

अमरिया में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन, मजदूरों को मिला रोजगार का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



'काम भी सम्मान भी' अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, 125 दिन के रोजगार पर रहा जोर

पीलीभीत।विकासखंड अमरिया क्षेत्र मे 'विशेष रोजगार सृजन दिवस' के रूप में मनाया गया। 'रोजगार से सम्मान की ओर, काम भी सम्मान भी' कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने और सतत ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया।अभियान के अंतर्गत अमरिया विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बीवी-जी राम जी योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने के लिए सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को स्थानीय स्तर पर काम उपलब्ध कराने के साथ उनकी आजीविका को मजबूत करना और उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा। साथ ही 125 दिन के रोजगार के लक्ष्य को लेकर भी जागरूकता पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत चठिया नियाज अहमद, धुंधरी और माधोपुर में अधिकारियों ने पहुंचकर रोजगार सृजन से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान श्रमिकों को रोजगार के महत्व, मजदूरी के समयबद्ध भुगतान और सरकारी योजना के तहत उपलब्ध कार्यों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनवर मलिक, ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र, अमित दुबे और शिखा सहित ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पात्र श्रमिकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस पहल के माध्यम से गांवों में रोजगार सृजन को गति देने, मजदूरों की आय के साधन मजबूत करने और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

22 महीने की पारी के बाद इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह का तबादला, मुकेश शुक्ला ने संभाली सेहरामऊ थाने की कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता


इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह


इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला

पूरनपुर।सेहरामऊ उत्तरी थाने में करीब 22 महीने तक प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रहे संजय कुमार सिंह का सोमवार को गैरजनपद तबादला हो गया। उन्हें अब विजिलेंस विभाग में भेजा गया है। उनके स्थान पर तेजतर्रार इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला को थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोमवार को थाना परिसर में पूर्व थाना प्रभारी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर विदाई दी और उनके साथ बिताए कार्यकाल को याद किया।विदाई समारोह के दौरान इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी थाने की कार्यप्रणाली बेहतर बनाए रखने में पूरे स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुलिसकर्मियों के आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा सकता है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रति आभार जताया।करीब 22 महीने तक सेहरामऊ उत्तरी थाने की कमान संभालने वाले संजय कुमार सिंह के कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में भी चर्चाएं रहीं। स्थानीय स्तर पर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। थाने में आने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, चोरी, गौकशी आदि घटनाओं के खुलासे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर उनके कार्यकाल को याद किया गया। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला ने सेहरामऊ उत्तरी थाने का चार्ज संभाल लिया है। अब उनके सामने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी। पूर्व थाना प्रभारी के करीब 22 महीने के कार्यकाल के बाद नए प्रभारी के सामने पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाए रखने और जनता के बीच विश्वास कायम रखने की चुनौती रहेगी।थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करना, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करना तथा वांछित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना नए थाना प्रभारी की प्राथमिकताओं में शामिल रहने की अपेक्षा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस

विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों ने फूल-मालाएं पहनाकर दी विदाई, सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा

की सक्रियता बढ़ाना और आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान कराना भी महत्वपूर्ण होगा।करीब 22 महीने तक एक ही थाने की जिम्मेदारी संभालने वाले संजय कुमार सिंह के तबादले के बाद अब क्षेत्रवासियों की निगाहें नए थाना प्रभारी की कार्यशैली पर रहेंगी। पुलिस के सामने चुनौती केवल घटनाओं का खुलासा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराधों की रोकथाम, नियमित गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के माध्यम से ऐसी घटनाओं को होने से रोकना भी महत्वपूर्ण है।नए थाना प्रभारी के लिए जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करना और अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम उठाना अहम होगा। अब देखना होगा कि इंस्पेक्टर मुकेश कुमार शुक्ला अपनी कार्यशैली से थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को किस तरह मजबूत करते हैं और आम लोगों की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरते हैं।

सीडीओ ने संग्रामपुर में कृषि प्रदर्शनों का किया औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर/अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने सोमवार को विकासखंड संग्रामपुर के ग्राम सरैया बड़गांव और मधुपुर खदरी में कृषि गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसान अनुज कुमार सिंह के धान फार्म स्कूल प्रदर्शन, शैलेंद्र कुमार सिंह की केले की खेती और संजय कुमार सिंह के अरहर क्लस्टर प्रदर्शन का जायजा लिया। इस दौरान उप कृषि निदेशक सहित कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

सीडीओ ने किसानों से संवाद कर खेती-किसानी की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की अपील की, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

सीडीओ ने उप कृषि निदेशक को किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का नियमित प्रशिक्षण देने और शासन की योजनाओं से सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की समस्याओं का समाधान करने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन व किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया।

उद्यमिता से ही बनेगा खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत : कश्मीरी लाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भारत को आर्थिक रूप से मजबूत, खुशहाल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने वाला उद्यमी बनना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह बात स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल जी ने राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में कही।

स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित सम्मेलन में कश्मीरी लाल जी ने कहा कि खेती-किसानी, स्थानीय संसाधनों और विभिन्न प्रकार के कौशल को उद्यमिता से जोड़कर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। उन्होंने युवाओं को सफल भारतीय उद्यमियों के उदाहरणों से प्रेरणा लेने तथा सीमित संसाधनों में भी संकल्प और परिश्रम के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उद्यमिता में है और युवाओं की ऊर्जा को रोजगार सृजन की दिशा में लगाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में काशी प्रांत के प्रांत संयोजक डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि स्वदेशी भारत की आत्मा है। भारत की जीवनशैली और आवश्यकताओं के अनुरूप अर्थव्यवस्था को मजबूत करना ही स्वदेशी की मूल भावना है। उन्होंने युवाओं में कौशल विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार और जैविक उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सम्मेलन के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी धर्मेंद्र द्विवेदी ने संभाली। उनके सधे हुए प्रभावी और ऊर्जावान संचालन ने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित स्वरूप देने के साथ ही अतिथियों के संदेश को सहज ढंग से उपस्थित लोगों तक पहुंचाया। कार्यक्रम के विभिन्न चरणों को जोड़ते हुए उन्होंने सम्मेलन को जीवंत बनाए रखा। उनके संचालन की विशेष रूप से सराहना की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश प्रताप त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। उद्यमिता और रोजगार सृजन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

मां पीताम्बरा ला कालेज तिलोई के लिये वरदान साबित होगा : मुन्ना सिंह



तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत नसरतपुर स्थित टोल प्लाजा के निकट सोमवार को मां पीताम्बरा ला कालेज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि ग्रामीणांचल में खुलने वाले मां पीताम्बरा विधि महाविद्यालय से युवाओं को शिक्षा दीक्षा के लिये अब भटकना नही पड़ेगा और क्षेत्रीय बालक बालिकाओं को हक न्याय एवं कानून की पढ़ाई में आसानी होगी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि यह विद्यालय तिलोई विधानसभा क्षेत्र के लिये एक सौगात है जिसका क्षेत्रीय नागरिकों को भरपूर फायदा मिलेगा और यह ला कालेज तिलोई क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय लिखेगा। मां पीताम्बरा ला कालेज के प्रबंधक कुंवर दिनेश सिंह उर्फ गुडडू सिंह एवं अध्यक्ष ध्रुवराज पासी ने कहा कि समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया गया है और इसमें गरीब परिवार के बच्चों को विशेष सहूलियत प्रदान की जायेगी। मां पीताम्बरा ला कालेज के प्रबंधक कुंवर दिनेश सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह, कन्हैया बख्श सिंह,अरुण प्रताप सिंह, बबलू सिंह, शैलेंद्र पाल, आनंद सिंह,विनोद मौर्या, राजेंद्र सैनी, राम सुख, राजू तिवारी, जागेश्वर मौर्या, नीलू सिंह, डब्लू प्रधान,हेमेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र रावत,जगदीश पासी, सज्जन अवस्थी, शुभम सिंह, आदित्य पाण्डेय, मोहम्मद अशरफ, ओम प्रकाश पासी, प्रकाश मौर्या, सुरेन्द्र पासी आंसू राजावादी, गिरजा शंकर शर्मा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुलिस प्रशासन की नजरबंदी तोड़ अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचे

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव पुलिस प्रशासन की नजरबंदी तोड़ अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंच गए। पिछले छह दिनों से उनके आवास पर 24 घंटे भारी पुलिस फोर्स तैनात था और योगी सरकार ने उन्हें घर में कैद कर दिया था। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव और बदायूँ जिला कांग्रेस कमेटी की वोट चोरी के खिलाफ ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में होने जा रहे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में अघोषित आपातकाल चल रहा है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। भाजपा पुलिस के बल पर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। कहा कि भाजपा चाहे जितना दमन कर ले, जनता की आवाज़ को दबा नहीं पाएगी। कांग्रेसजन वोट चोरी के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। यह संघर्ष किसी सत्ता या कुर्सी के लिए नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए है। कहा कि मोदी सरकार वोट चोरी की सरकार है। बिहार , हरियाणा , महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भाजपा ने चुनाव आयोग के जरिए वोट चोरी कर सरकारें बनाई हैं। कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट के अधिकार की रक्षा में कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी।

दिल्ली में कांग्रेस के मार्च में शामिल हुईं रजनी सिंह 'बागी', बदायूँ के कांग्रेस नेता भी रहे मौजूद

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित ल्हचलो दिल्ली मार्च फॉर डेमोक्रेसीङ्क कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं अधिवक्ता रजनी सिंह 'बागी' शामिल हुईं। इस दौरान बदायूँ से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह, जितेंद्र कश्यप, मोरपाल प्रजापति, सफी भाई और इकलास भाई सहित अन्य कांग्रेस साथी भी मौजूद रहे। यह मार्च चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (ट्रक्ट) से जुड़े सवालों और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफ़े की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई। रजनी सिंह 'बागी' ने कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार से जुड़े मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मत की गरिमा और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एमएलसी प्रत्याशी डॉ. ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया जनसंपर्क

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को भाजपा के शिक्षक-स्नातक एमएलसी प्रत्याशी डॉ. ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में अमेठी और सुलतानपुर के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों, प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से मुलाकात कर डॉ. ध्रुव त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने हनुमत इंटर कॉलेज धमौर (सुलतानपुर), पुष्पेंद्र महाविद्यालय घाटमपुर, लाल विजय आनंद महाविद्यालय टिकरी, श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी, ब्रह्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदान्तनगर भरेथा, शिव दुलारी महिला महाविद्यालय गुंगवाछ और श्री आसलदेव इंटर कॉलेज पीपरपुर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से संवाद कर चुनाव में समर्थन मांगा। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने डॉ. ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में शिक्षकों से मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान मिले समर्थन को लेकर उन्होंने आभार जताया। अभियान का उद्देश्य शिक्षक वर्ग के बीच प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाना रहा।

पांच माह से अधूरी पुलिया, राहगीरों की बढ़ रही परेशानी, जनप्रतिनिधि अंजान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा मार्ग पर पुलिया का निर्माण पांच माह से अधूरा पड़ा होने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से निर्माण कार्य पूरा न होने से आवागमन प्रभावित है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। वहीं, रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों को जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया का निर्माण अधूरा होने से रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। पांच माह बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों ने जल्द पुलिया का निर्माण पूरा कराने की मांग की है। अब सवाल यह है कि आखिर राहगीरों को इस समस्या से निजात पाने के लिए और कितने दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। महिला मोर्चा द्वारा मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल पर की 11 छात्राओं के रेप के गंभीर आरोप के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया ।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि मणिपुर से कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल पर खाठ की 11 छात्राओं के रेप के गंभीर आरोप हैं जो जेएनयू में प्रोफ़ेसर भी थे जिन पर 11 छात्रों ने शोषण का आरोप लगाते हुए क्क्ट दर्ज कराई महिला आयोग ने भी इस विषय को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट मांगी यूनिवर्सिटी ने प्रोफ़ेसर को बर्खास्त कर दिया परंतु कांग्रेस पार्टी इस विषय पर बिल्कुल शांत है जबकि कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका वाड्रा का कहना है लड़की हूं लड़ सकती हूं परंतु वे इन 11 छात्रों के समर्थन में कहीं भी नजर नहीं आ रहे कांग्रेस की सक्रियता सिर्फ देश विरोधी गतिविधियों में है।राहुल गांधी स्लोगन तो बड़े-बड़े दे देते हैं परंतु जब जमीनी स्तर पर उसको क्रियान्वित करना होता है तो विदेश भाग जाते हैं जबकि भाजपा संगठन नारी शक्ति का सदैव सम्मान करती रही है और करती रहेगी क्र इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दलजीत कौर ,नगर पालिका परिषद चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल , जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल ,पंकजा तिवारी ,सृष्टि गुप्ता , शशिबाला कटियार , सुनीता सिंह , ममता श्रीवास्तव , शकुंतला देवी , प्रमुखता से उपस्थित रहीं ।

सीएचसी में एनएचएम चिकित्सक नजरबंद एक डॉक्टर ने संभाली ओपीडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संग्रामपुर/अमेठी। संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के चिकित्सकों को अस्पताल परिसर में ही रोक दिया गया। चिकित्सक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस सीएचसी पहुंची और चिकित्सकों के कक्ष के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया। इसके चलते चिकित्सक लखनऊ नहीं जा सके। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ की ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष डॉ. इकबाल आरिफ, डॉ. यशवंत राव, डॉ. सुधीर शुक्ला और बलराम चौरसिया सहित अन्य चिकित्सक अस्पताल परिसर में ही रहे। धरना-प्रदर्शन में शामिल होने से रोके जाने के कारण चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन में भाग नहीं ले सके। इस दौरान सीएचसी में आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की जिम्मेदारी डॉ. संतोष सिंह ने संभाली। अन्य चिकित्सकों के उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को देखने का जिम्मा अकेले उन्हीं पर रहा।

पुलिस के रोकने पर भी भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, झड़प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी (गौरीगंज)। गौरीगंज में सोमवार को कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंकने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। भाजपाइयों ने शहर की सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय तक मार्च निकाला और वहां पहुंचकर पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पुतला फूंकने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। पुलिस के मना करने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने राहुल गांधी का पुतला जला दिया। इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जिससे मौके पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रदर्शन में महिला कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने 'नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' समेत अन्य नारे लगाकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यालय के बाहर काफी देर तक गहमागहमी बनी रही।

मार्ग प्रकाश व्यवस्था होगी और बेहतर, स्काई लिफ्ट वाहन को पालिकाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। नगर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने और खराब स्ट्रीट लाइटों व हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत में तेजी लाने के लिए नगर पालिका परिषद ने ट्रक माउंटेड स्काई लिफ्ट वाहन की व्यवस्था की है। सोमवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में चल रहे नवरात्रि एवं दुर्गापूजा महोत्सव को देखते हुए नगर के प्रमुख मार्गों, घाटों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगी हाईमास्ट लाइटों को दुरुस्त रखना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से 13 मीटर ऊंचाई तक कार्य करने में सक्षम ट्रक माउंटेड स्काई लिफ्ट वाहन क्रय किया गया है। इसके माध्यम से सामान्य ऊंचाई से ऊपर लगे प्रकाश बिंदुओं और हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत आसानी से और कम समय में की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस वाहन के उपलब्ध होने से ऊंचाई पर लगी लाइटों की खराबी दूर करने में सुविधा मिलेगी और नगर की प्रकाश व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सभासद अरविन्द यादव, दिनेश चौरसिया, संतोष चौधरी, आरिफ अंसारी, देवानन्द, सन्दीप गुप्ता एवं विजय कुमार जायसवाल सहित कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, मार्ग प्रकाश प्रभारी अजय कुमार तिवारी, स्टोर इंचार्ज सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी सफाई हनुमान सिंह, लिपिक प्रशान्त रावत, दीपक रावत, साहिल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय

स्टारलिंक पर निर्भरता से बेहतर स्वदेशी सैटेलाइट नेटवर्क

दुनिया तेजी से बदल रही है। अब किसी देश की ताकत केवल उसकी आर्थिक समृद्धि, सैन्य क्षमता या औद्योगिक विकास से नहीं, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि उसकी संचार व्यवस्था, डिजिटल बुनियादी ढांचे और महत्वपूर्ण तकनीकों पर नियंत्रण किसका है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष तकनीक तक, हर क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। ऐसे में भारत में सैटेलाइट इंटरनेट के विस्तार और एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के प्रवेश को महज कारोबारी प्रतिस्पर्धा मानना बड़ी भूल होगी। यह भारत की डिजिटल संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। इंटरनेट की लड़ाई अब अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। जिस नेटवर्क पर नागरिकों का संवाद, कारोबार, सरकारी सेवाएं और सामरिक सूचनाएं निर्भर हों, उसके संचालन और सुरक्षा को लेकर सरकार किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरत सकती। इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियां केवल ग्राहकों को कनेक्टिविटी नहीं देतीं, बल्कि आधुनिक डिजिटल व्यवस्था के महत्वपूर्ण हिस्से का संचालन भी करती हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि नेटवर्क का नियंत्रण किसके पास है, डेटा की सुरक्षा कैसे होती है और राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन की गारंटी किस तरह सुनिश्चित की जाती है। एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी कंपनियां कम विलंबता वाले सैटेलाइट इंटरनेट के माध्यम से दुनिया के दूरदराज के इलाकों तक कनेक्टिविटी पहुंचाने की क्षमता रखती हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां पहाड़ी क्षेत्रों, द्वीपों और सीमावर्ती इलाकों तक इंटरनेट पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है, वहां ऐसी तकनीक उपयोगी साबित हो सकती है। लेकिन तकनीक की उपयोगिता और उसके संचालन से जुड़े राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। सवाल विदेशी कंपनी का विरोध करने का नहीं, बल्कि भारत की शर्तों और संप्रभुता की रक्षा करने का है। कोई भी वैश्विक कंपनी भारतीय बाजार में कारोबार करना चाहती है, तो उसे देश के कानूनों, डेटा संरक्षण के प्रावधानों, सुरक्षा संबंधी निर्देशों और नियामकीय आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है। हालांकि, किसी कंपनी के बारे में यह निष्कर्ष निकालना कि वह सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना चाहती, ठोस प्रमाणों पर आधारित होना चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह स्पष्ट नियम बनाए और सभी कंपनियों पर समान रूप से लागू करे। इसी संदर्भ में रिलायंस जियो की प्रस्तावित लो-अर्थ-ऑर्बिट सैटेलाइट योजना महत्वपूर्ण हो जाती है। मीडिया रिपोर्टों में लगभग 1,600 से 1,650 उपग्रहों के प्रस्ताव का उल्लेख भारत में घरेलू अंतरिक्ष-आधारित संचार क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षा को सामने रखता है। यदि यह योजना निर्धारित तकनीकी, वित्तीय और नियामकीय कसौटियों पर सफल होती है, तो देश को कनेक्टिविटी के नए विकल्प मिल सकते हैं। साथ ही, उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सेवाओं, ग्राउंड स्टेशनों और संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों के लिए अवसर बढ़ सकते हैं। लेकिन केवल भारतीय कंपनी होने से कोई नेटवर्क स्वतः सुरक्षित या आत्मनिर्भर नहीं हो जाता। उसके हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और परिचालन व्यवस्था की भी कठोर जांच होनी चाहिए। स्वदेशी तकनीक का वास्तविक अर्थ केवल देश में कारोबार करने वाली कंपनी नहीं, बल्कि ऐसी क्षमता है जिसके महत्वपूर्ण हिस्सों, सुरक्षा मानकों और भविष्य की दिशा पर भारत का प्रभावी नियंत्रण हो। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में यह आवश्यकता और बढ़ जाती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार, आपदा प्रबंधन और रक्षा संबंधी संपर्क के लिए विश्वसनीय नेटवर्क जरूरी हैं। किसी निजी उपग्रह नेटवर्क को सैन्य उपयोग में लेने से पहले उसका तकनीकी परीक्षण, सुरक्षा सत्यापन और संबंधित एजेंसियों की स्वीकृति आवश्यक है। रणनीतिक संचार में एक ही विदेशी प्रदाता पर निर्भरता जोखिम पैदा कर सकती है। इसलिए भारत को स्वदेशी विकल्पों का विकास करना चाहिए, साथ ही किसी भी उपयोगी विदेशी तकनीक के लिए दरवाजे बंद करने के बजाय स्पष्ट सुरक्षा शर्तें निर्धारित करनी चाहिए।

समुद्र से आकाश तक : भारत की सामरिक शक्ति की नई कसौटी

भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 8 अक्टूबर को पारादीप के समुद्री क्षेत्र में आयोजित सारेक्स का उद्देश्य समुद्र में संकटग्रस्त लोगों की खोज, बचाव और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की क्षमता को परखना था। राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास से पहले 7 अक्टूबर को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें 30 देशों की भागीदारी और 32 देशों के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति ने समुद्री सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। अभ्यास का केंद्र तकनीक-सक्षम खोज एवं बचाव तैयारी और समुद्री सुरक्षा था। इसके अंतर्गत समुद्र में यात्री विमान दुर्घटना तथा मालवाहक जहाज से टक्कर जैसी आपात स्थितियों का अनुकरण किया गया। लगभग 228 लोगों से जुड़ी संकट-परिकल्पना के माध्यम से खोज, बचाव, अग्निशमन, हवाई निकासी और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रक्रियाओं को परखा गया। भारतीय तटरक्षक बल के साथ नौसेना, वायु सेना और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका ने यह दिखाया कि समुद्री आपदा से निपटना किसी एक संस्था का काम नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी है। भारत के लिए यह तैयारी विशेष महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री संपर्क का प्रमुख मार्ग है। यहां किसी दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या बड़े समुद्री संकट के समय शुरुआती सूचना, घटनास्थल की सही पहचान, बचाव संसाधनों की तैनाती और एजेंसियों के बीच स्पष्ट संचार निर्णायक साबित हो सकते हैं। हालांकि, किसी अभ्यास की सफलता केवल उसके प्रदर्शन से तय नहीं होती। असली कसौटी यह है कि उससे मिली सीख वास्तविक परिस्थितियों में प्रतिक्रिया का समय घटाने, लोगों की जान बचाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में कितनी मदद करती है।

राष्ट्रीय सुरक्षा की वास्तविक शक्ति केवल लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों या आधुनिक हथियारों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। निर्णायक प्रश्न यह है कि संकट की घड़ी में उपलब्ध संसाधनों का कितनी तेजी, सटीकता और प्रभावी समन्वय के साथ उपयोग किया जा सकता है। आधुनिक सुरक्षा परिवेश में तकनीकी दक्षता, विश्वसनीय सूचना, प्रशिक्षित मानव संसाधन और विभिन्न संस्थाओं के बीच तालमेल ही किसी देश की सामरिक तैयारी को वास्तविक क्षमता में बदलते हैं। अक्टूबर 2026 में ओडिशा के पारादीप तट पर आयोजित भारतीय तटरक्षक बल का समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास सारेक्स (SAREX - 26) और राजस्थान के जोधपुर में आयोजित भारतीय वायु सेना का बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति-2026 इसी व्यापक दृष्टिकोण को सामने रखते हैं। दोनों अभ्यासों का कार्यक्षेत्र अलग है लेकिन उनका मूल संदेश समान है- राष्ट्रीय सुरक्षा की सफलता केवल साधनों की उपलब्धता में नहीं बल्कि उनके समन्वित और समयबद्ध इस्तेमाल में निहित है। भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 8 अक्टूबर को पारादीप के समुद्री क्षेत्र में आयोजित सारेक्स का उद्देश्य समुद्र में संकटग्रस्त लोगों की खोज, बचाव और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की क्षमता को परखना था। राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास से पहले 7 अक्टूबर को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें 30 देशों की भागीदारी और 32 देशों के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति ने समुद्री सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। अभ्यास का केंद्र तकनीक-सक्षम खोज एवं बचाव तैयारी और समुद्री सुरक्षा था। इसके अंतर्गत समुद्र में यात्री विमान दुर्घटना तथा मालवाहक जहाज से टक्कर जैसी आपात स्थितियों का अनुकरण किया गया। लगभग 228 लोगों से जुड़ी संकट-परिकल्पना के माध्यम से खोज, बचाव, अग्निशमन, हवाई निकासी और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रक्रियाओं को परखा गया। भारतीय तटरक्षक बल के साथ नौसेना, वायु सेना और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका ने यह दिखाया कि समुद्री आपदा से निपटना किसी एक संस्था का काम नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी है। भारत के लिए यह तैयारी विशेष महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री संपर्क का प्रमुख मार्ग है। यहां किसी दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या बड़े समुद्री संकट के समय शुरुआती सूचना, घटनास्थल की सही पहचान, बचाव संसाधनों की तैनाती और एजेंसियों के बीच स्पष्ट संचार निर्णायक साबित हो सकते हैं। हालांकि, किसी अभ्यास की सफलता केवल उसके प्रदर्शन से तय नहीं होती। असली कसौटी यह है कि उससे मिली सीख वास्तविक परिस्थितियों में प्रतिक्रिया का समय घटाने, लोगों की जान बचाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में कितनी मदद करती है। जोधपुर में 26 सितंबर से 12 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित तरंग शक्ति-2026 ने हवाई संचालन और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग के एक अलग आयाम को सामने रखा। इस दूसरे संस्करण में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और बांग्लादेश की वायु सेनाओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त 32 देशों के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति ने अभ्यास के व्यापक सामरिक महत्व को रेखांकित किया। लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हवा में ईंधन भरने वाले विमानों की भागीदारी ने वायु संचालन की विविध क्षमताओं को सामने रखा। 10 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभ्यास के संदर्भ में कहा, अलग-अलग देश, अलग-अलग विमान, अलग-अलग अनुभव लेकिन आकाश एक। यह कथन बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यासों की मूल भावना को व्यक्त करता है। अलग-अलग देशों की परिचालन प्रक्रियाओं, तकनीकी अनुभवों और प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित होने पर भाग लेने वाली सेनाओं की आपसी समझ और सहयोग की क्षमता बढ़ सकती है। आधुनिक हवाई अभियानों में केवल विमान की गति या हथियारों की क्षमता पर्याप्त नहीं होती। पायलटों का प्रशिक्षण, लक्ष्य की पहचान, सुरक्षित संचार, हवाई ईंधन की उपलब्धता, सूचना का आदान-प्रदान और बदलती परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। ऐसे अभ्यास इन पहलुओं को समझने और परखने का अवसर देते हैं। फिर भी, बहुराष्ट्रीय अभ्यास को औपचारिक सैन्य गठबंधन या किसी साझा युद्ध प्रतिबद्धता के समान नहीं माना जाना चाहिए। भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्व अपनी परिचालन क्षमता और साझेदार देशों के साथ समझ बढ़ाने में है जबकि रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना उसकी विदेश और सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण आधार है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह रेखांकित किया कि आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी, सटीक योजना, विश्वसनीय सूचना और विभिन्न क्षमताओं के बीच समन्वय कितना आवश्यक है। समकालीन सैन्य अभियानों में तकनीकी साधनों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका प्रभावी इस्तेमाल, परिस्थितियों का सही आकलन और समय पर निर्णय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सारेक्स और तरंग शक्ति-2026 को ऑपरेशन सिंदूर का प्रत्यक्ष परिणाम या उससे जुड़ी कोई औपचारिक कड़ी मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, तीनों के व्यापक सामरिक संदर्भ में एक साझा सीख दिखाई देती है- प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, परिचालन तैयारी और समन्वित कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाते हैं। आज के सुरक्षा परिवेश में सूचना का विश्लेषण और कार्रवाई का निर्णय लेने के बीच का समय लगातार महत्वपूर्ण हो रहा है। समुद्र में संकटग्रस्त जहाज या विमान की पहचान हो अथवा हवाई अभियान के दौरान बदलती परिस्थितियों का आकलन, समय पर सही निर्णय ही उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता निर्धारित करता है। पहली -संस्थागत समन्वय को मजबूत करना। समुद्री सुरक्षा, हवाई रक्षा और आपदा प्रबंधन में विभिन्न एजेंसियों के बीच स्पष्ट जिम्मेदारियाँ, प्रभावी संचार और संसाधनों का साझा उपयोग आवश्यक है। संयुक्त अभ्यासों से प्राप्त अनुभवों को नियमित प्रशिक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाओं में शामिल किया जाना चाहिए। दूसरी - आत्मनिर्भरता के साथ तकनीकी विश्वसनीयता। स्वदेशी रक्षा उत्पादन भारत की दीर्घकालिक सामरिक क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। एलसीए तेजस और एलसीएच प्रचंड जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म इस दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण हैं। लेकिन आत्मनिर्भरता का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब उपकरणों की परिचालन उपलब्धता, कलपुर्जों की समयबद्ध आपूर्ति, रखरखाव, तकनीकी उन्नयन और प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था भी मजबूत हो। तीसरी - अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक स्वायत्तता में संतुलन। बहुराष्ट्रीय अभ्यासों से अनुभव और परिचालन समझ बढ़ती है। भारत को ऐसे सहयोग का लाभ उठाते हुए हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय हितों, स्वतंत्र निर्णय क्षमता और सुरक्षा प्राथमिकताओं को केंद्र में रखना होगा। किसी भी सैन्य अभ्यास का मूल्यांकन केवल विमानों की उड़ान, जहाजों की तैनाती या बचाव अभियानों के प्रदर्शन से नहीं होना चाहिए। उसके बाद की समीक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। किन प्रक्रियाओं में सुधार की आवश्यकता है, संचार में कहां कठिनाई आई, संसाधनों का उपयोग कितना प्रभावी रहा और किस स्तर पर प्रतिक्रिया का समय घटाया जा सकता है- इन प्रश्नों के व्यवस्थित उत्तर ही अभ्यास को वास्तविक क्षमता-वृद्धि का माध्यम बनाते हैं। सारेक्स से समुद्री बचाव, संकट प्रबंधन और बहु-एजेंसी समन्वय की सीख मिलती है। वहीं, तरंग शक्ति-2026 हवाई संचालन, अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग और विभिन्न वायु सेनाओं के अनुभवों को समझने का अवसर प्रदान करता है। दोनों अभ्यासों का महत्व तभी स्थायी होगा, जब इनसे प्राप्त अनुभव प्रशिक्षण, तकनीकी सुधार और परिचालन प्रक्रियाओं में दिखाई दें। भारत की सामरिक तैयारी का अगला चरण केवल आधुनिक संसाधनों की संख्या बढ़ाना नहीं बल्कि उन्हें विश्वसनीय, चुस्त और समन्वित व्यवस्था में बदलना है। इसके लिए तकनीकी क्षमता, मानव संसाधन, संस्थागत तालमेल और निरंतर मूल्यांकन को समान महत्व देना होगा। समुद्र से आकाश तक भारत की वास्तविक सामरिक कसौटी यही है- उपलब्ध शक्ति को समय पर, सटीकता से और समन्वित ढंग से राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाली क्षमता में बदलना। **-राकेश मिश्रा**

आरटीआईः दो दशकों का सफर और चुनौतियां

आत्मदीप

12 अक्टूबर, 2005 को जब देश में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू हुआ तो यह हमारे लोकतंत्र में शासन और नागरिक के संबंध को बदलने वाली ऐतिहासिक क्रांति थी। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में सरकार और जनता के रिश्ते को पुनर्परिभाषित करने वाली युगांतकारी घटना थी। इसको लागू होने के दो दशक से अधिक समय के बाद गौर करने की जरूरत है कि यह कानून अपने उद्देश्य में कितना सफल रहा और कौनसी चुनौतियों से घिर गया है। संविधान के अनुच्छेद-19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के रूप में उभरे इस अधिकार ने आम आदमी को जवाबदेही मांगने का अचूक औजार दिया। लोगों को भरोसा दिया कि सरकारी खजाने की पाई-पाई पर उनका हक है और सरकारी तंत्र सीधे तौर पर जनता के प्रति जवाबदेह है। आरटीआई ने सत्ता के गलियारों में बंद फाइलों को जनता के सामने लाने का बड़ा काम किया। बंद कमरों में चलने वाली शासन व्यवस्था को लोगों के आगे बेपर्दा किया। नतीजे में जानने के हक ने राशन वितरण से लेकर अरबों रूपये के घोटालों को उजागर करने में निर्णायक भूमिका निभाई। इसने लोगों को सिर्फ वोट देने वाले मतदाता से आगे बढकर सजग-सतर्क पहरेदार बना दिया। इसने स्वीकृत बजट व खर्च, सार्वजनिक नीतियों, प्रशासनिक निर्णयों आदि में पारदर्शिता लाने में मदद की। सरकारी तंत्र की मनमानी पर प्रभावी अंकुश लगाया। पर 21 बरस बाद भी यह कानून गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। लोक सूचना अधिकारी अक्सर धारा 8 व 11 का दुरूपयोग करते हुये सूचना देने से बचने का प्रयास करते हैं। वे आरटीआई के निराकरण के लिये निर्धारित 30 दिन की अधिकतम अवधि में जानकारी नहीं देते या अधूरे / भ्रामक दस्तावेज देकर खानापूर्ति करते हैं। आरटीआई व प्रथम अपील के निपटारे की तय सीमा की अनदेखी करना आम चलन बन चुका है। 2019 में इस कानून में संशोधन कर सूचना आयुक्तों का दर्जा, कार्यकाल व वेतन घटा कर इस अधिकार के संरक्षक सूचना आयोगों की महत्ता कम कर दी गई। आयुक्तों के कार्यकाल व वेतन को आरटीआई एक्ट में निर्धारित प्रावधान से हटा कर सरकार के अधीन कर देने से आयोगों की स्वायत्तता, संस्थागत स्वतंत्रता प्रभावित हुई है। वहीं, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून के जरिये धारा 8 (1)(जे) के मूल प्रावधान को खत्म कर व्यक्तिगत गोपनीयता के नाम पर सार्वजनिक महत्व की जानकारी भी छिपाने का औजार नौकरशाही को दे दिया गया है। आरटीआई एक्ट की इस मूल धारा में किये गये आमूलचूल बदलाव ने सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े मामलों में भी व्यक्तिगत जानकारी का बहाना बनाकर सूचना छिपाने का रास्ता खोल दिया है। केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोगों में लम्बित मामलों का लगातार बढ़ता अंबार 'समय पर न्याय' की संवैधानिक अपेक्षा पर पानी फ़ेर रहा है। आयोगों में करीब 4 लाख अपीलें व शिकायतें लम्बित पड़ी हैं। कई आयोगों में एक मामले के निपटारे में 2 से 4 वर्ष तक का लंबा समय लग रहा है। यह देरी मांगी गई सूचना की प्रासंगिकता को ही खत्म कर दे रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह है समय पर और पर्याप्त संख्या में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां नहीं करना। ज्यादातर सरकारें मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के पद रिक्त होने से पहले नई नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू नहीं करती। नतीजे में ये पद लंबे समय तक खाली रहते हैं। इससे आयोगों में लम्बित मामले बढ़ते जाते हैं। कुछ राज्यों में तो सभी पद रिक्त होने से आयोगों का काम लंबे समय तक ठप रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक को दखल देकर नई नियुक्तियां करने के निर्देश देने पड़े हैं। नये आयुक्तों के नियुक्त होने तक रिटायर होने वाले आयुक्तों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान कर यह समस्या हल की जा सकती है। जैसे कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति से केंद्र सरकार एनजीटी के सेवानिवृत्त होने जा रहे सदस्यों का कार्यकाल नई नियुक्तियां होने तक बढ़ा रही है। अब तक सूचना के अधिकार की पहुंच देश की सिर्फ 2 प्रतिशत आबादी तक ही हो पाई है। ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं, वंचित तबकों व अल्पसंख्यकों का बडा हिस्सा इस अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। इसके प्रति शासन-प्रशासन का उदासीन रवैया भी निराशाजनक रहा है।

सेहत मंत्र

अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी होती हैं सेहत के लिए लाभदायक

अमरूद एक ऐसा फल है, जो हर किसी को काफी पसंद आता है। इसे खाने से आपको स्वाद के साथ सेहत भी मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी सेहत के लिए उतनी ही लाभकारी है। अमरूद की पत्तियों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल गुण और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं, जिसके कारण यह कई तरह की बीमारियों में लाभदायक है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन अमरूद के पत्ते जुकाम जैसी सामान्य समस्या से लेकर जानलेवा डेंगू तक को ठीक कर सकता है। दूर करे मसूड़ों का दर्द- अमरूद के पत्ते ओरल हेल्थ के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। अगर आपको मसूड़ों में किसी तरह की परेशानी या दर्द है तो आप अमरूद की पत्तियों को पीसकर इसमें लौंग व सेंधा नमक मिलाएं। अब इसमें थोड़ा पानी मिक्स करके उबालें। अब आप इस पानी को हल्का सा ठंडा करें और फिर इससे गरारे करें। इससे न सिर्फ मसूड़ों की समस्या दूर होती है, बल्कि मुंह से आने वाली दुर्गंध से भी छुटकारा मिलता है। डायरिया में आराम- डायरिया एक ऐसी समस्या है, जो देखने में भले ही आम लगे, लेकिन इसके कारण व्यक्ति काफी कमजोर हो जाता है। इसके लिए आपको अमरूद के पत्तों का काढ़ा बनाना होगा। काढ़ा बनाने के लिए आप अमरूद के पत्तों को पानी में डालें। साथ ही इसमें चावल का आटा मिलाकर उबालें। अब आप इस पानी को छानक इसका सेवन करें। घटाए वजन- अगर आप अपने अतिरिक्त वजन से परेशान हैं और उसे कम करना चाहते हैं तो अमरूद के पत्तों के रस का सेवन किया जा सकता है। यह रस आपके वजन कम करने के साथ-साथ आपके दिल का भी ख्याल रखता है। पिंपल्स को करें दूर- अमरूद के पत्ते आपकी सेहत के साथ-साथ सौंदर्य का भी उतना ही ख्याल रखते हैं। मसलन, अगर आपको पिंपल्स हैं और आप महंगी क्रीम का इस्तेमाल कर रही हैं तो उसकी जगह आप अमरूद के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और उसे प्रभावित जगह पर लगाएं। रातभर इस पेस्ट को ऐसे ही रहने दें। कुछ दिन लगातार यह उपाय करने से आपके पिंपल्स जल्द ही खत्म हो जाएंगे। ठीक इसी तरह, अगर आप ब्लैकहेड्स को दूर करना चाहती हैं तो अमरूद की पत्तियों से स्किन को स्क्रब करें।

धर्म मंत्र

हिंदू संस्कारों में बेहद अहम है विवाह संस्कार

हिंदू संस्कारों में विवाह संस्कार बेहद अहम होता है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में वैवाहिक विधि-विधानों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति का वर्ण किया गया है। गृहस्थाश्रम का आधार ही विवाह संस्कार है। इस संस्कार के बाद वर-वधू अपने नए जीवन में प्रवेश करते हैं। यह केवल एक संस्कार नहीं है बल्कि यह एक पूरी व्यवस्था है। इसी संस्कार के बाद से मनुष्य के चार आश्रमों में से सबसे अहम आश्रम यानी गृहस्थ आश्रम का आरंभ होता है। इस संस्कार को समावर्तन संस्कार के बाद किया जाता है। अपनी शिक्षा दीक्षा को पूरा कर जातक गृहस्थ आश्रम की ओर बढ़ता है। इसी संस्कार से व्यक्ति पितृऋण से भी मुक्त हो जाता है। आइए जानते हैं इस संस्कार के बारे में विस्तार से। जैसा कि हमने बताया यह केवल एक संस्कार नहीं है, यह एक पूरी व्यवस्था है। हिंदू धर्म में विवाह बेहद अहम होता है और वर-वधू समेत पूरे परिवार के लिए यह बहुत मायने रखता है। हिंदू धर्म में विवाह का बंधंन जन्म जन्मांतर का माना जाता है। श्रुति ग्रंथो में विवाह के स्वरूप को व्याख्यायित किया गाय है। इसमें कहा गया है कि दो शरीर, दो मन, दो बुद्धि, दो हृद्य, दो प्राण एवं दो आत्माएं का मेल ही विवाह है। ऐसा कहा जाता है कि जब जातक का जन्म होता है तब वो देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण का ऋणि होता है। ऐसे में देव ऋण चुकाने के लिए पूजा-पाठ, यज्ञ हवन आदि किए जाते हैं। फिर ऋषि ऋण से मुक्त होने के लिए वेदाध्यन संस्कार यानि गुरु से ज्ञान प्राप्त किया जाता है। वहीं, पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए विवाह संस्कार का होना बेहद आवश्यक हो जाता है। यह ऋण तब तक नहीं उतरता जब तक जातक स्वयं पिता नहीं बन जाता।

पर्यटन



गोवा की बात ही अलग है, दिन भर करिये मस्ती और रात को पार्टी

गोवा का नाम सामने आते ही आंखों के सामने घूमने लगते हैं खूबसूरत और लंबे-चौड़े समुद्री किनारे, ऐतिहासिक चर्च, इमारतें, शाम की ठंडी हवा, क्रूज का शानदार सफर, फ़ेनी, पब्स, काजू, डांस पार्टीज, बाइक पर मस्ती करते युवा और ना जाने क्या क्या...। गोवा घूमने के लिए वैसे तो आप कभी भी जा सकते हैं लेकिन अक्तूबर से दिसबंर तक यहाँ घूमने का अपना अलग मजा है। खासकर दिसंबर में तो गोवा विदेशी पर्यटकों से भरा रहता है और यहां की न्यू ईयर पार्टीज पूरी दुनिया में मशहूर हैं। अब तो मुंबई से गोवा के लिए क्रूज भी चलने लगा है जिससे पर्यटकों की तादाद बढ़ गयी है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि गोवा में वो सबकुछ है जो एक पर्यटक चाहता है। गोवा लगभग 450 साल तक पुर्तगाली शासन के आधीन रहा इसलिए यहां पर यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव अधिक महसूस होता है। दिसंबर 1961 में गोवा को भारतीय प्रशासन को सौंपा गया था। संस्कृति की दृष्टि से गोवा की संस्कृति काफी प्राचीन है। मान्यता है कि 1000 साल पहले गोवा ''कोंकण काशी'' के नाम से जाना जाता था। क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाये तो गोवा भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। पूरी दुनिया में गोवा अपने खूबसूरत समुंदर के किनारों और मशहूर स्थापत्य कला के लिये जाना जाता है। बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि गोवा के बारे में एक मान्यता यह भी है कि इसकी रचना स्वयं भगवान परशुराम ने की थी। भगवान परशुराम ने एक यज्ञ के दौरान अपने बाणों की वर्षा से समुद्र को कई स्थानों पर पीछे धकेल दिया था। इसी वजह से आज भी गोवा में बहुत से स्थानों का नाम वाणावली, वाणस्थली इत्यादि हैं। उत्तरी गोवा में हरमल के पास भूरे रंग के एक पर्वत को परशुराम के यज्ञ करने का स्थान माना जाता है। गोवा के मनभावन समुद्री किनारों की बात करें तो इनमें पणजी से 16 किलोमीटर दूर कलंगुट बीच, उसके पास बागा बीच, पणजी बीच के निकट मीरामार बीच, जुआरी नदी के मुहाने पर दोनापाउला बीच प्रमुख हैं। इसके अलावा दूसरी दिशा की ओर देखेंगे तो कोलवा बीच पर मानसून के समय पर्यटक बड़ी तादाद में जुटते हैं।

बाराबंकी: वी बी जी राम जी में सूरतगंज टॉप पर, लेकिन तालाबों पर सन्नाटा

पोर्टल पर हाजिरी फुल, मौके पर मजदूर गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में मनरेगा की नई शक्ल वी बी जी राम जी योजना में सूरतगंज विकासखंड टॉप पर है, लेकिन जमीनी हकीकत ने पोर्टल के दावों की पोल खोल दी है।

केंद्र सरकार के वी बी जी राम जी पोर्टल पर सोमवार शाम 4:30 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक जिले में कुल 18,214 श्रमिक दिवस दर्ज किए गए। इसमें सूरतगंज 3,074 श्रमिक दिवस के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद दरियाबाद में 2,006, सिद्धौर में 1,810 और त्रिवेदीगंज में 1,718 श्रमिक दिवस दर्ज हैं।





पोर्टल के अनुसार जिले के 15 विकासखंडों में कुल 1,141 कार्यों के लिए 3,153 मस्टर रोल जनरेट किए गए। सूरतगंज की 77 ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की गई थी।

लेकिन मौके पर हकीकत उलट है।

1. डंडे तालाब, ग्राम पंचायत सूरतगंज (गाटा संख्या 292): सोमवार को जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पर मौके पर एक भी मजदूर काम करता नहीं मिला, जबकि पोर्टल पर दोपहर 3 बजे तक 19 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज थी।

2. गडरिया तालाब, ग्राम पंचायत बसौली: यहां भी सोमवार को कोई श्रमिक कार्य करता नहीं मिला। रविवार को यहां 6 श्रमिकों की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज की गई थी। बताते चलें कि ग्राम पंचायत सूरतगंज की प्रधान परमेश कुमारी का निधन हो चुका है, वर्तमान में एडीओ पंचायत विजय सैनी प्रशासक के रूप में कार्यभार देख रहे हैं।

पोर्टल पर आंकड़े शाम 4:30 बजे तक के हैं, रात तक ऑनलाइन हाजिरी दर्ज होनी बाकी थी, ऐसे में आंकड़े और बढ़ सकते हैं।

सितंबर माह के ऑडिट में भी हुआ था बड़ा खुलासा:

यह पहला मामला नहीं है। सितंबर माह में हुए रिस्क बेस्ड इंटरनल ऑडिट में भी जिले में कागजों पर तालाब खोदाई का बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया था। ऑडिट में खुलासा हुआ था कि कागजों पर तालाबों की खुदाई दिखाकर भुगतान करा लिया गया, जिसके बाद करीब एक करोड़ रुपये की वसूली और दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अब फिर वही पैटर्न दोहराया जा रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि पोर्टल पर जिन श्रमिकों की हाजिरी दर्ज हो रही है, क्या वे वास्तव में मौके पर काम कर रहे हैं या सिर्फ कागजों पर? संबंधित तालाबों के कार्यों की भौतिक जांच जरूरी है।

स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक, मतदान पर जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। भवानी पैलेस बुढ़वल में स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की विधानसभा स्तरीय संचालन समिति की बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा और एमएलसी अंगद सिंह ने 23 अक्टूबर को मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाकर मतदान सुनिश्चित कराने तथा प्रत्याशी इंजी. अवनीश सिंह पटेल के समर्थन में कार्य करने की अपील की। बैठक में संगठन की मजबूती और मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर शरद अवस्थी, रामबाबू द्विवेदी, सिद्धार्थ अवस्थी, विजयानंद बाजपेयी, बद्रीविशाल त्रिपाठी, अल्का मिश्र, शेखर हयारन, आशीष सिंह, पप्पू वर्मा, केपी तिवारी, अमित भइया, रामजी, तेजप्रताप सिंह, अमित सिंह, सुशील वर्मा, विनय मिश्रा, संदीप रावत, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, श्रवण शुक्ला, रणजीत कौशल, अमित अवस्थी, महेश तिवारी और नागेंद्र प्रताप सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। भवानी पैलेस बुढ़वल में स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय संचालन समिति की बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा और एमएलसी अंगद सिंह ने कार्यकर्ताओं से 23 अक्टूबर को प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की। साथ ही इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया।

बैठक में संगठन की मजबूती, मतदाताओं से निरंतर संपर्क और चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन रामजी भैया ने किया। इस अवसर पर शरद अवस्थी, विजयानंद बाजपेयी, बद्री विशाल त्रिपाठी, अल्का मिश्र, शेखर हयारन, आशीष सिंह, जिला पंचायत सदस्य पप्पू वर्मा, केपी तिवारी, तेजप्रताप सिंह गुड्डू, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, सुशील



वर्मा, विनय मिश्रा, संदीप रावत, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, श्रवण शुक्ला, रणजीत कौशल, अमित अवस्थी, महेश तिवारी और नागेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 175 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को त्रिवेदीगंज ब्लॉक के रौनी स्थित अवसानेश्वर मंदिर में 175 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 171 हिंदू और चार मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और विवाह प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 से संचालित यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में मददगार साबित हो रही है। सरकार ने योजना की सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है। इस अवसर पर सीडीओ पंकज वर्मा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण डॉक्टर मिलै नदारद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएचसी सैदनपुर के औचक निरीक्षण में डॉक्टर संजय गुप्ता अनुपस्थित मिले। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने इस पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया। उन्होंने दवा वितरण, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं की समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

दुर्गा पंडालों में सुरक्षा जांच, समितियों को सख्त निर्देश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने तहसीलदार वीर बहादुर सिंह व विद्युत अधिकारियों के साथ आधा दर्जन से अधिक दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। बिजली वायरिंग, अग्निशमन व्यवस्था, निकास द्वार और भीड़ नियंत्रण की जांच की गई। समितियों को खुले तार हटाने, अग्निशमन उपकरण रखने और पर्याप्त स्वयंसेवक तैनात करने के निर्देश दिए गए।

रामकथा के प्रचार को रामरथ रवाना

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत रामनगर में 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होने वाली श्रीराम कथा के प्रचार के लिए रामरथ रवाना किया गया। संत अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज कथा सुनाएंगे। आयोजन में मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। रामरथ सबसे पहले लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। इस दौरान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे।

हत्या आरोपी तीन को आजीवन कारावास,

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट राकेश कुमार सिंह ने हत्या के एक मुकदमे का फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार देकर प्रत्येक को 50 हजार रूपये अर्थ दण्ड एवम आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया। अभियोजन कथानक का ब्योरा देते हुए जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता कृपा शंकर तिवारी ने बताया कि मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी राकेश पुत्र भुवाल ने 27 मई 25 को कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी कि उसके पुत्र मोनू को मोहल्ले के कुछ लड़के रात करीब साढ़े दस बजे ब्लाक 5/75 की ऊपरी छत पर बुला ले। वहां पर महताब,निहाल,टैनी वा आकिब के बीच कुछ विवाद /गाली गलौज हो रहा था।वादी के पुत्र ने मना किया तो महताब,निहाल,आकिब आदि ने वादी के पुत्र को चार मंजिल की ऊपरी छत से नीचे फेंक दिया था इससे मोनू चोट खाकर मरना सन्न हो गया था,उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ रेफर किया गया लेकिन मोनू को बचाया नहीं जा सका था,वही उसकी मौत हो गई थी। न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर तीनो आरोपियों को दोषी करार देकर प्रत्येक को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 50 हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

पुण्यतिथि पर श्रद्धा एवं सम्मान से याद किए गए लोहिया

लोहिया जी के संदेश आज का आवश्यकता : वीरेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तानाशाह सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए संघर्ष ही एक रास्ता है राम मनोहर लोहिया कहा करते थे जिंदा कौमे 5 साल इंतजार नहीं करती संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही सत्ता को पाया जा सकता है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष



हाफिज अयाज अहमद ने आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पुरोधा समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से कहा कि हर नौजवान को लोहिया जी के आदर्शों पर चलते हुए देश और समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिए लड़ाई लड़नी होगी सभी हर जाति धर्म संप्रदाय वर्गों के हक अधिकार सुरक्षित रह पाएंगे।

श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, लल्लन वर्मा, जिला महासचिव हिमांशु यादव, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, प्रदुमन यादव, यशवंत सिंह यादव, राजेश वर्मा, कामता प्रसाद यादव, शकील दत्ता सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने लोहिया जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

नवरात्र में नारी शक्ति का शंखनाद, बाराबंकी की बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश


महिला पुलिस अधीक्षक से लेकर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों तक, नेतृत्व की कमान संभाल रहीं महिलाएं बनीं प्रेरणास्रोत;

मिशन शक्ति की रैली ने दिया बेटियों को निर्भीक होकर आगे बढ़ने का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शारदीय नवरात्र में जब मां दुर्गा की आराधना के साथ शक्ति, साहस और संकल्प का संदेश घर-घर पहुंच रहा है, तब बाराबंकी की सड़कों पर निकली मिशन शक्ति की रैली ने नारी सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन की एक सशक्त तस्वीर प्रस्तुत की। यह केवल जागरूकता रैली नहीं, बल्कि बदलते समाज का वह संदेश भी है, जहां महिलाएं अब अपनी सुरक्षा की अपेक्षा करने के साथ ही प्रशासन, पुलिस व्यवस्था और जनप्रतिनिधित्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी संभाल रही हैं। जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रवीना त्यागी से लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजीता अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तथा उपजिलाधिकारी रामनगर सुश्री आकांक्षा गुप्ता तक, विभिन्न दायित्वों पर कार्यरत ये महिलाएं बेटियों को यह भरोसा दिलाती हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति, शिक्षा, आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर





सफलता की हर मंजिल हासिल की जा सकती है। सोमवार, 12 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश पुलिस के मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के अंतर्गत आयोजित भव्य रैली को जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत और पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने रिजर्व पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला पुलिसकर्मियों, आशा बहुओं, सफाईकर्मियों, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की। पुलिस लाइन से शुरू हुई रैली कंपनी बाग, बस अड्डा और जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज मार्ग से गुजरते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने, भयमुक्त वातावरण का भरोसा दिलाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

नवरात्र में आयोजित इस कार्यक्रम का संदेश रैली के मार्ग से कहीं अधिक व्यापक रहा। समाज में नारी शक्ति का सम्मान केवल देवी की पूजा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि घर, विद्यालय, कार्यस्थल और सार्वजनिक जीवन में भी महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षित वातावरण और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। जब एक बेटी अपने सामने महिला पुलिस अधीक्षक को कानून-व्यवस्था की कमान संभालते, महिला प्रशासनिक अधिकारियों को जनसमस्याओं का समाधान करते और महिला जनप्रतिनिधि को सार्वजनिक दायित्व निभाते देखती है, तो उसके भीतर भी आगे बढ़ने का विश्वास पैदा होता है। यही मिशन शक्ति की वास्तविक भावना है—बेटियों को केवल सुरक्षा का भरोसा देना नहीं, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए सक्षम बनाना।

पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए आमजन से अपील की कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित किसी भी घटना अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल आपातकालीन नंबर 112 या नजदीकी थाना अथवा चौकी को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सम्मान और सुरक्षा के प्रति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें बिना भय के अपनी बात रखने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। रैली में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विवेक तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है। बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें, तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव है। महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन या एक आयोजन तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और संस्कारों का हिस्सा होना चाहिए।

श्रीमती राजरानी रावत
जिला पंचायत अध्यक्षा / प्रशासक

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पुलिस की प्राथमिकता है। मिशन शक्ति का उद्देश्य उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां वे बिना किसी भय के आगे बढ़ सकें। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112 पर सूचना दें।



श्रीमती रवीना त्यागी
पुलिस अधीक्षक बाराबंकी

बेटियों के सपनों को अवसर और परिवार का विश्वास मिले, तो वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ है कि प्रत्येक बेटी शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्णय ले सके।



सुश्री गुंजित अग्रवाल
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर

महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। बेटियों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी तरह के उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस भी। जागरूकता और समय पर शिकायत से अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण मदद मिलती है।



सुश्री गरिमा पंत
डीएसपी रामनगर

महिलाओं की प्रगति से परिवार, समाज और देश आगे बढ़ता है। जरूरी है कि बेटियों को बचपन से ही शिक्षा, समान अवसर और आत्मविश्वास दिया जाए। जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी करती हैं, तब विकास अधिक समावेशी और मजबूत बनता है।



सुश्री आकांक्षा गुप्ता
उपजिलाधिकारी रामनगर

तौकलपुर में खनन माफियाओं का आतंक: 10 दिन से दिन-रात हो रहा अवैध खनन, प्रशासन बेखबर

लोधपुरवा में तालाब जैसी गहरी खदानें, 5 हजार में बिक रहा प्रति डंपर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर अंतर्गत थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम तौकलपुर के मजरे लोधपुरवा में पिछले 10 दिनों से अवैध मिट्टी खनन का खुला खेल चल रहा है। खनन माफियाओं ने नियम-कायदों को ताक पर रखकर खेतों में 20-25 फीट तक गहरी खदानें बना दी हैं, जो अब तालाब में तब्दील हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक जेसीबी से दिन-रात खुदाई कर डंपरों से मिट्टी ढोई जा रही है और 4500 से 5000 रुपये प्रति डंपर के हिसाब से खुलेआम बेची जा रही है। ओवरलोड डंपर तेज रफ्तार से गांव की गलियों और संपर्क मार्गों से गुजर रहे हैं। दिनभर धूल का गुबार और रात में डंपरों की धमक से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

खनन के दौरान दर्जनों हरे-भरे शीशम, आम और महुआ के पेड़ जड़ सहित उखाड़ कर गिरा दिए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ों की जड़ों के चारों तरफ खुदाई कर उन्हें जानबूझकर गिराया गया।

30-40 टन ओवरलोड मिट्टी लदे डंपरों से पूरे गांव की सीसी रोड और संपर्क मार्ग टूट-फूट कर गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार 112 और खनन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। इससे साफ है कि कारोबारियों को किसी का संरक्षण प्राप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बाराबंकी से पूरे मामले की जांच, खनन की वैधता और ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक की मांग की है।



रणजी ट्रॉफी में रविंद्र जडेजा का शतक, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 16वीं बार तीन अंकों तक पहुंचे

एजेंसी



राजकोट। भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 16वां शतक लगाया। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में जडेजा ने 102 रन की पारी खेली। उन्हें धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने कैच और बोल्ड किया। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज और बल्लेबाजी में उपयोगी योगदान देने वाले जडेजा की यह पारी आगामी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से पहले अहम मानी जा रही है। उनका पिछला लाल गेंद का मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में था। मैच की बात करें तो जडेजा के शतक के साथ अलावा प्रेरक मांकड़ ने भी 129 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा चिराग जानी ने 83 रन बनाए। इन तीनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत सौराष्ट्र ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 392 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ ने समाचार लिखे जाने तक 1 विकेट पर 24 रन बना लिए हैं। जडेजा वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की 2-1 से वनडे श्रृंखला जीत के बाद सौराष्ट्र की टीम से जुड़े थे। उन्होंने दो मैचों में हिस्सा लिया, लेकिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने दो विकेट लिए। छत्तीसगढ़ के खिलाफ शतक के साथ उन्हें लाल गेंद से बल्लेबाजी का भी उपयोगी अभ्यास मिला है। भारतीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के दौरे पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पहला टेस्ट 19 से 23 नवंबर तक वेलिंगटन में, जबकि दूसरा टेस्ट 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। जडेजा इस दौरे से पहले अपनी लय हासिल करना चाहेंगे। भारत की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का 92वां संस्करण 11 अक्टूबर से शुरू हुआ। पिछले सत्र में शुरुआती दौर में बाहर होने वाली सौराष्ट्र की टीम को इस बार एलीट ग्रुप-बी में रखा गया है। इस समूह में सौराष्ट्र के साथ आंध्र, असम, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, कर्नाटक, पंजाब और त्रिपुरा की टीमें शामिल हैं।

वेस्टइंडीज ने मेरे लिए रणनीति बनाई थी, लेकिन मैंने उससे बेहतर प्रदर्शन किया: अभिषेक शर्मा

एजेंसी



इंदौर। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 14 रन से जीत के बाद कहा कि वेस्टइंडीज ने उनके लिए रणनीति बनाई थी लेकिन उन्होंने उसका तोड़ ढूंढ लिया है और इसलिए वह बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे। अभिषेक ने 30 गेंद पर 69 रन बनाए। उनकी इस शानदार पारी, ईशान किशन (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी और अर्शदीप सिंह (44 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक ने कहा कि वेस्टइंडीज ने ऑफ स्पिनर रोस्टन चेज से गेंदबाजी की शुरुआत करवाकर और ऑफ साइड में अधिक क्षेत्ररक्षक लगाकर उन्हें रन बनाने के अधिक विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैं यह नहीं कहूंगा कि उन्होंने जानबूझकर ऐसा किया लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने मेरे लिए रणनीति तैयार की थी। ऑफ स्पिनर मेरे सामने था और यह उसके और मेरे बीच की जंग थी। उसने इस श्रृंखला में अच्छी गेंदबाजी की है और इसलिए मैंने पहले ओवर में उसे सम्मान दिया। यह रणनीति मेरे लिए भी कारगर साबित हुई। अभिषेक ने कहा, ''मैं पावरप्ले में कुछ रन बनाना चाहता था। अगर उन्होंने मेरे लिए रणनीति तैयार की थी तो मैं उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। वेस्टइंडीज ने भारत को 223 रन पर आउट कर दिया था लेकिन इसके जवाब में उसकी टीम सात विकेट पर 209 रन नहीं बनी पाई। अभिषेक ने कहा, ''वेस्टइंडीज एक ऐसी टीम है जिसके खिलाफ आप कभी यह नहीं कह सकते कि मैच अब हमारे पक्ष में है। यह बात हमारे दिमाग में थी। हमने पिछले मैच में देखा था कि उसने किस तरह से परिस्थितियों का फायदा उठाया था। हम जानते थे कि अगर उसका कोई बल्लेबाज टिक जाता है तो वह अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा, ''जब हमारे विकेट गिर रहे थे तब भी हमारे मन में यही बात थी। हम यही सोच रहे थे कि हम इसके बाद निर्मम रवैया अपनाएंगे और उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं देंगे। गेंदबाजों के खिलाफ तैयारी के महत्व को दोहराते हुए अभिषेक ने कहा कि उनकी भूमिका पावरप्ले का अधिक से अधिक फायदा उठाना है। उन्होंने कहा, ''तैयारी बहुत महत्व रखती है। अगर मुझे पावरप्ले का फायदा उठाना है तो इसके लिए तैयारी काफी मायने रखती है। मैं विपक्षी टीम और गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करता हूं। मैं इस बात पर विशेष ध्यान देता हूं कि कौन सा गेंदबाज मेरे खिलाफ क्या रणनीति बनाएगा और मुझे उसके खिलाफ अपनी रणनीति को कैसे अंजाम देना है।

चाइना ओपन फ़ाइनल के बाद झेंग और आंद्रीवा वुहान ओपन से हटीं

एजेंसी

नई दिल्ली। बीजिंग में चाइना ओपन फ़ाइनल खेलने के बाद चीन की झेंग किनवेन और रूस की मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फ़ैसला किया है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच चाइना ओपन में महिला एकल का खिताबी मुकाबला खेला गया था। झेंग ने रविवार को आंद्रीवा को 7-5, 6-4 से हराकर चाइना ओपन जीतने वाली पहली चीनी खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। यह जीत उनके करियर का पहला डब्ल्यूटीए 1000 ख़िताब और 2024 में टोक्यो में जीत के बाद पहला सिंगल्स ख़िताब भी था। हालाँकि, यह जीत चीनी स्टार के लिए लगातार कई मुश्किल मैचों के बाद मिली, जो चोट के कारण ब्रेक लेने के बाद कॉम्पिटिशन में लौटी थीं और उसके बाद ठट्ठ ओपन, बिली जीन किंग कप और बीजिंग टूर्नामेंट में खेली थीं। अपने हटने की घोषणा करते हुए एक बयान में झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ से वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, ''मुझे यह बताते हुए बहुत अफ़सोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूँ। वुहान वह जगह है जहाँ से मेरा टेनिस का सपना शुरू हुआ था, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जहाँ मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने होमटाउन के फ़ैन्स के सामने खेलने का इंतज़ार करती रही हूँ। हालाँकि, चोट से लौटने के बाद, मैंने पिछले डेढ़ महीने में यूएस ओपन, बिली जीन किंग कप और चाइना ओपन जैसे मुश्किल टूर्नामेंट खेले हैं। इतने सारे कड़े मैचों के बाद मेरा शरीर बहुत थका हुआ महसूस कर रहा है। मैं अगले साल वुहान ओपन में लौटने और अपनी बेहतरीन फ़ॉर्म के साथ कोर्ट पर उतरने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूँ।

डेनमार्क ओपन में मौजूदा चैंपियन आन से यंग से भिड़ेंगी सिंधु, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का चाउ तिएन चेन से होगा मुकाबला

ओडेंस में मंगलवार से शुरू होगा सुपर 750 टूर्नामेंट

एजेंसी



नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में विश्व नंबर एक और मौजूदा चैंपियन आन से यंग से भिड़ेंगी। मंगलवार से शुरू होने वाले नौ लाख 50 हजार अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती होगी। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त चाउ तिएन चेन से होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु हाल के दिनों में मिले-जुले प्रदर्शन के बाद डेनमार्क पहुंची हैं। उन्होंने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था, जबकि पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं। वहां उन्हें थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, आन से यंग के खिलाफ सिंधु का पिछला रिकॉर्ड चिंता बढ़ाने वाला है। भारतीय खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की इस स्टार शटलर के खिलाफ अपने पिछले सभी 10 मुकाबले हार चुकी हैं। ऐसे में पहले दौर में ही उन्हें कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले दो वर्षों में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इस साल उन्होंने दूसरी बार ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले वह 2022 में भी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचे थे। लक्ष्य 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी भी हैं। हालांकि, हाल के दिनों में पीठ की चोट ने उनकी तैयारियों को प्रभावित किया है। उन्होंने एशियाई खेलों की पुरुष टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जापान के कोडाई नाराओका को हराया था, लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा के पहले ही दौर में बाहर हो गए थे। अब उन्हें चाउ तिएन चेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। चाउ ने एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को तीन गेम के मुकाबले में हराया था। आयुष शेट्टी अपनी हालिया सफलताओं को आगे बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। उन्होंने 2025 में अमेरिकी ओपन सुपर 300 का खिताब जीता था। इस साल विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने उस समय के विश्व नंबर एक चीन के शी यु ची को हराकर सबका ध्यान खींचा था। डेनमार्क ओपन के पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से होगा। विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में फरहान ने आयुष को हराया था। 2017 में डेनमार्क ओपन का पुरुष एकल खिताब जीतने वाले किदांबी श्रीकांत इस बार फ्रांस के अर्नाे मेरकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला एकल में भारत की चुनौती तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा, देविका सिहाग और उन्नति हुड्डा संभालेंगी। तन्वी पहले दौर में जापान की नात्सुकी निदाइरा से भिड़ेंगी। उन्होंने अगस्त में ताइपे ओपन जीतकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब हासिल किया था।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का दबदबा, पांच खिताब जीतकर सबसे सफल टीम

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास की सबसे सफल टीम है। वर्ष 2011 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में भारत अब तक पांच बार खिताब जीत चुका है। अब भारतीय टीम की नजर छठी बार चैंपियन बनने पर होगी। हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में किया जाएगा। भारत ने इस प्रतियोगिता के आठ संस्करणों में पांच खिताब अपने नाम किए हैं। टीम ने पहले संस्करण में शूटआउट के जरिए जीत दर्ज की, जबकि 2024 में चीन को हराकर खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अलग-अलग परिस्थितियों में मिली इन जीतों ने एशियाई हॉकी में भारत की निरंतर मजबूती को दर्शाया है। हाल ही में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का पहली बार सफलतापूर्वक बचाव कर इतिहास रचा था। अब टीम एक बार फिर मैदान पर उतरेगी और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण 2011 में चीन के ऑर्डोस में खेला गया था। इसमें भारत, चीन, मलेशिया, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और जापान की टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल में भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ। निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित बराबरी पर रहा, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम टूर्नामेंट की पहली चैंपियन बनी। तीन साल के अंतराल के बाद एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2016 में मलेशिया के कुआंतन में लौटी। भारत ने फाइनल में एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 3-2 से जीत हासिल कर दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। भारत की ओर से रुपिंदर पाल सिंह, अफ्फान यूसुफ और निकिन थिमैया ने गोल किए। इस जीत ने टूर्नामेंट में भारत की मजबूत स्थिति को और पुख्ता किया। भारत ने 2018 में ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित पांचवें संस्करण में तीसरी बार खिताब जीता, हालांकि इस बार फाइनल का परिणाम असामान्य रहा। भारत और पाकिस्तान ने फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लगातार बारिश के कारण मुकाबला पूरा नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। इस तरह भारत के खाते में तीसरा खिताब जुड़ गया।

टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने दूसरी तिमाही में दर्ज की 130 प्रतिशत से अधिक वृद्धि, 419 मेगावाट की परियोजनाएं चालू

एजेंसी



पूर्वी सिंहभूम। टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में 130 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने जुलाई से सितंबर 2026 के दौरान 419 मेगावाट क्षमता की यूटिलिटी-स्केल परियोजनाएं चालू कीं। पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 182 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं चालू की थीं। इसके अलावा, कंपनी ने इस अवधि में 131.2 मेगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया। इन ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में 101.2 मेगावाट घंटे की क्षमता कंपनी की अपनी जरूरतों के लिए विकसित की गई, जबकि शेष 30 मेगावाट घंटे की क्षमता तीसरे पक्ष के ग्राहकों के लिए तैयार की गई है। सोमवार को टाटा स्टील की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में टीपीआरईएल ने कुल 645 मेगावाट क्षमता की यूटिलिटी-स्केल परियोजनाएं पूरी कीं। इस दौरान 161.2 मेगावाट घंटे की ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया गया। इनमें 101.2 मेगावाट घंटे की परियोजनाएं कंपनी की अपनी जरूरतों के लिए और 60 मेगावाट घंटे की परियोजनाएं तीसरे पक्ष के ग्राहकों के लिए विकसित की गईं। पहली छमाही के दौरान कंपनी ने कई प्रमुख परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चालू किया। इनमें 100.8 मेगावाट की जेवाली पवन ऊर्जा परियोजना, 227.5 मेगावाट क्षमता की कलासर एफडीआरई सौर ऊर्जा परियोजना के साथ 101.2 मेगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली, 100 मेगावाट की कायथार ग्रुप कैप्टिव परियोजना और 72.5 मेगावाट की टाटा स्टील कैप्टिव परियोजना शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी गुणवत्तापूर्ण कार्य, सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता पर विशेष ध्यान देने का परिणाम है। मजबूत आपूर्ति शृंखला, अनुभवी भागीदारों और बेहतर परियोजना प्रबंधन के माध्यम से कंपनी विभिन्न क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर रही है।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। भाव में हुए इस बदलाव के बाद ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजार में 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने सावधि जमा पर ब्याज दरें बढ़ाई, नई दरें लागू

नई दिल्ली। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी सावधि जमा (एफडी) और फिक्स्ड इन्वेस्टमेंट प्लान (एफआईपी) पर ब्याज दरों में 0.15 फीसदी से 0.40 फीसदी (15 से 40 आधार अंक) तक की बढ़ोतरी की है, जो 11 अक्टूबर से लागू हो गई हैं। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अनुसार 12 महीने की सावधि जमा पर ब्याज दर 6.85 फीसदी से बढ़ाकर अब 7 फीसदी कर दी गई है। अब 15 महीने की डिजिटल तरीके से जमा सावधि जमा पर ब्याज दर 7.10 फीसदी से बढ़ाकर 7.50 फीसदी कर दी गई है। इसी तरह 18 से 23 महीने की जमा पर ब्याज दर 7.05 फीसदी से बढ़ाकर 7.25 फीसदी और 24 से 35 महीने की जमा पर 7.10 फीसदी से बढ़ाकर 7.50 फीसदी कर दी गई है। यह दरें 10 करोड़ रुपये तक की जमा पर लागू होंगी। कंपनी ने कहा कि 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को जमा करते या उसका नवीनीकरण कराते समय लागू दर पर सालाना 0.50 फीसदी का अतिरिक्त सालाना ब्याज मिलता रहेगा।

सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से गया नवाजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइट ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है। नेपोलियन बोनापार्ट ने 1802 में 'लेजियों द ऑनर' की स्थापना की थी। यह फ्रांसीसी गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, मित्तल को भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों तथा दूरसंचार एवं डिजिटल बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए यह सम्मान दिया गया है। भारत में फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने कहा कि सुनील भारती मित्तल 1992 में एयरटेल के शुरुआती दिनों से ही, यानी 30 साल से अधिक समय से फ्रांस के मित्र रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मित्तल ने दशकों से इन संबंधों को लगातार मजबूत किया है और दिखाया है कि फ्रांस और भारत के कारोबारी मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। आज वह यूटेलसैट के उपाध्यक्ष के रूप में इन संबंधों को आगे बढ़ा रहे हैं। यह ऐसा समय है, जब हमारे दोनों देश अंतरिक्ष और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। यह सम्मान 'शेवेलिये दे ल'ऑर्ड्र नासियोनाल दे ला लेजियों द ऑनर' (नाइट ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर) 28 अक्टूबर, 2026 को नयी दिल्ली स्थित फ्रांस के दूतावास में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर मित्तल ने फ्रांस गणराज्य के प्रति आभार व्यक्त किया। मित्तल ने कहा, ''फ्रांस के साथ मेरा जुड़ाव 1992 में एयरटेल की शुरुआत से रहा है जब कंपनी जनरल दे जो (कॉम्पैनी जेनेराल दे जो) ने भारत में मोबाइल दूरसंचार सेवाएं शुरू करने के लिए भारती के साथ साझेदारी की थी। उन्होंने कहा, ''यह जुड़ाव आज भी जारी है।


देशों को एक-दूसरे की सीमाओं में दखल नहीं देना चाहिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी शक्ति बनना चाहता है, ताकि कोई देश उस पर अनुचित शर्तें न थोप सके। उन्होंने सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करने और किसी भी देश की सीमाओं का अतिक्रमण नहीं करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 66वें पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय रणनीति ऐसी होनी चाहिए, जो देश के उद्देश्यों को ठोस कार्रवाई और परिणामों में बदल सके। राष्ट्रीय मूल्यों, हितों और उद्देश्यों के बीच समन्वय देश की सुरक्षा और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय हित उसके संवैधानिक मूल्यों- संप्रभुता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता से जुड़े हैं। उन्होंने संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा, लोकतांत्रिक और संघीय व्यवस्था को बनाए रखने तथा देश के रणनीतिक, राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य उद्देश्यों को आगे बढ़ाने को प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया।



राधाकृष्णन ने भारत की सभ्यतागत अवधारणा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मूल्य दुनिया के साथ देश के संबंधों को दिशा देते हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की 'वैक्सीन मैत्री' पहल, आपदाओं के समय सहायता और जलवायु परिवर्तन से निपटने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में देश की भूमिका का भी जिक्र किया।


उन्होंने कहा कि आतंकवाद, साइबर खतरे, महामारी, जलवायु परिवर्तन और सीमा पार अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। राष्ट्रीय हितों की रक्षा और साझा वैश्विक हितों को आगे बढ़ाना एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। इसके लिए देशों के बीच समन्वय, सूचनाओं का आदान-प्रदान और आपसी विश्वास जरूरी है। उपराष्ट्रपति ने विकसित भारत-2047 को देश का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय लक्ष्य बताते हुए कहा कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण को उपलब्ध संसाधनों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा में देश की थल सीमाओं, हवाई क्षेत्र, समुद्री हितों और साइबर क्षेत्र की रक्षा के साथ-साथ सतत विकास और समृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करना भी शामिल है। राधाकृष्णन ने वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक संप्रभु राष्ट्र समान है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा। उन्होंने प्रौद्योगिकी, व्यापार, संपर्क, शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने वैश्विक दक्षिण के सामने भ्रष्टाचार को एक बड़ी चुनौती बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत भी बताई। एनडीसी के 66वें पाठ्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं, पुलिस और अन्य सरकारी संगठनों के अधिकारियों के साथ मित्र देशों के 41 अधिकारी सहित कुल 122 प्रतिभागी शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के कमांडेंट एयर मार्शल मनीष कुमार गुप्ता और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कांग्रेस की हार का कारण चुनाव आयोग नहीं, विचारशून्य नेतृत्व है : शिवराज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि कांग्रेस की हार का कारण चुनाव आयोग नहीं, बल्कि पार्टी का विचारशून्य एवं गैरजिम्मेदाराना नेतृत्व है तभी कांग्रेस अपनी चुनावी विफलताओं की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं पर दोष मढ़ रही है।

भाजपा केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कांग्रेस पर लगातार चुनावी हार से निराश होकर संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस का लगातार चुनाव हारना और उसके बाद आंदोलन के जरिए अपनी नाराजगी सड़कों पर जाहिर करना उसकी राजनीतिक कार्यशैली बन गई है। उन्होंने असम, त्रिपुरा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के चुनावी परिणामों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाए।



भाजपा नेता ने कांग्रेस की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पार्टी की हालत अब ऐसी हो गई है कि वह अपनी कमियों को स्वीकार करने के बजाय दूसरों को जिम्मेदार ठहराती है। उन्होंने कहा, 'नाच न जाने, आंगन टेढ़ा।' चौहान ने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार के कारणों की समीक्षा करनी चाहिए, न कि चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने चाहिए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने दावा किया कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति कमजोर हुई है। उन्होंने गुजरात, नागालैंड, गोवा और दिल्ली में पार्टी की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस अब कई राज्यों में अपने सहयोगियों के मुकाबले कमजोर हो चुकी है। उन्होंने झारखंड से लेकर तमिलनाडु तक विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा कि कई राज्यों में कांग्रेस को जूनियर पार्टनर के तौर पर काम करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, कांग्रेस को अपनी राजनीतिक स्थिति सुधारने के लिए नेतृत्व और विचारधारा के स्तर पर आत्ममंथन करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठे आरोपों के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है और चुनावी जनादेश को स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को विवाद में घसीटती है। चौहान ने कांग्रेस पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

केरल विधानसभा में सीईसी को हटाने का प्रस्ताव पास

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पास किया। यह प्रस्ताव मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच लाया गया। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने पेश किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि वोट देने का अधिकार हमारे लोकतंत्र की नींव है। किसी भी संस्था को हमारे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। हमारा रुख साफ है। वोट देने के अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। संविधान का सम्मान होना चाहिए। लोकतंत्र बना रहना चाहिए। केरल निष्पक्ष चुनाव के लिए मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि केरल ने इतिहास रचा है। पहली बार केरल विधानसभा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाला प्रस्ताव पास किया है। हमारी चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी से कोई समझौता नहीं किया जा



सकता।

केरल विधानसभा ने सोमवार को एक प्रस्ताव पास करके केंद्र से 'केरल निजी विश्वविद्यालय बिल' वापस मंगाने की मांग की। यह बिल अभी राष्ट्रपति के पास लंबित है। सरकार का कहना है कि राज्य की विधायी (कानून बनाने की) प्रक्रिया के इतिहास में शायद यह अपनी तरह का पहला कदम है। उच्च शिक्षा मंत्री रोजी एम. जॉन ने यह प्रस्ताव पेश किया। यह बिल पिछली वामपंथी सरकार के कार्यकाल में पास हुआ था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब इस कानून को इसके मौजूदा स्वरूप में आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। जॉन ने कहा कि सरकार राज्य में निजी विश्वविद्यालय, डीम्ड यूनिवर्सिटी और विदेशी यूनिवर्सिटी के लिए एक साफ कानूनी ढांचा बनाना चाहती है।

राहुल भारत में कट्टर वामपंथी सोच बनाने की कोशिश कर रहे : फडणवीस

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी भारत में कट्टर वामपंथी सोच बनाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही संविधान द्वारा बनाई गई हर संस्था को कमजोर करने की गहरी साजिश चल रही है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान फडणवीस ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने के लिए कांग्रेस नेताओं की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उस तरीके की निंदा करते हैं, जिसमें कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन के सहयोगी संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस को आत्ममंथन करने की जरूरत है। उसने संविधान का नाम लेकर देश में अराजकता फैलाने की नई नीति अपनाई है।

फडणवीस ने कहा कि चाहे चुनाव आयोग हो, सुप्रीम कोर्ट हो, कैग हो या आरबीआई, वे संविधान द्वारा बनाई गई हर संस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि इंडिया गठबंधन को संविधान या लोकतंत्र में कोई भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट तक इंडिया गठबंधन के मार्च पर सवाल उठाते हुए फडणवीस ने पूछा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर आकर मार्च में शामिल लोगों से क्यों मिलना चाहिए। अगर कोई जज या मुख्य न्यायाधीश किसी लंबित मामले पर चर्चा करने के लिए कोर्ट से बाहर आते हैं, तो यह संविधान का उल्लंघन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनके समर्थक देश के लोकतंत्र को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं। फडणवीस ने याद दिलाया कि इंदिरा गांधी ने 1975 में इमरजेंसी लगाई थी और संविधान में संशोधन किया था, ताकि मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों को कोर्ट में न ले जाया जा सके। लोग मौलिक अधिकारों के लिए हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकते थे। उस समय पूरे विपक्ष ने संघर्ष किया और डॉ. आंबेडकर के संविधान को बहाल किया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या हालिया विरोध-प्रदर्शनों के पीछे विदेशी ताकतें हो सकती हैं, तो फडणवीस ने कहा कि विदेशी प्लेटफॉर्म एक खास एल्गोरिदम का पालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब उन सभी प्लेटफॉर्म्स को संसदीय समिति के सामने बुलाया गया, तो उन्होंने माना कि पोस्ट किए जा रहे कई संदेशों को पैसे के दम पर बढ़ावा (बूस्ट) दिया गया था। विदेशी प्लेटफॉर्म ने संसदीय समिति के सामने स्वीकार किया कि उस पैसे का स्रोत अज्ञात था। फडणवीस ने दावा किया कि उन्होंने कहा कि यह पैसा विदेश से आया हो सकता है। फडणवीस ने आरोप लगाया कि जब सीजेआई सूर्यकांत ने मिलने से इनकार किया, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता भारत की संस्थाओं, खासकर न्यायिक संस्थाओं को बदनाम करना चाहते हैं और उनमें लोगों का भरोसा कम करने की साजिश रच रहे हैं।

पीएफ निकासी कर छूट के लिए एक ही फॉर्म भरना होगा

एजेंसी

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से निकासी पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से छूट लेने की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। कर वर्ष 2026-27 से ईपीएफ सदस्य टीडीएस छूट के लिए फॉर्म 15जी या 15एच का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इसके स्थान पर फॉर्म 121 जमा करना होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भी अपने सदस्यों को इस बदलाव की जानकारी दी है। नए आयकर कानून के तहत फॉर्म 15जी और 15एच को एक ही फॉर्म में मिला दिया गया है। पहले 60 वर्ष से कम उम्र के पात्र व्यक्ति फॉर्म 15जी और 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक फॉर्म 15एच का इस्तेमाल करते थे। अब उम्र के आधार पर अलग-अलग फॉर्म भरने की जरूरत नहीं होगी। फॉर्म 121 एक टैक्स ईयर के लिए लागू होगा। यानी पात्र सदस्य को संबंधित टैक्स ईयर के लिए नई घोषणा देनी होगी। 1 अप्रैल 2026 से लागू हुए नए आयकर अधिनियम- 2025 के तहत यह संयुक्त घोषणा पत्र लाया गया है। इस फॉर्म का मकसद नया टैक्स लगाना नहीं है, बल्कि प्रक्रिया को आसान बनाना है। यह सुविधा केवल उन पात्र निवासी भारतीय करदाताओं के लिए है, जिनकी अनुमानित कुल वार्षिक आय पर उस वित्त वर्ष में टैक्स देनदारी पूरी तरह शून्य होती है। फॉर्म 121 भरने से ईपीएफ निकासी कर मुक्त नहीं हो जाती। यह केवल ईपीएफओ से टीडीएस न काटने का अनुरोध करने का साधन है। ईपीएफओ के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, फॉर्म 121 जमा करने के लिए सदस्य का वैध पैन होना अनिवार्य है। यदि सदस्य के पास वैध पैन नहीं है या वह गलत दर्ज है, तो यह घोषणा अमान्य मानी जाएगी और नियमानुसार उच्च दर पर टीडीएस काट लिया जाएगा। ईपीएफ से पैसा निकालने पर हर स्थिति में टीडीएस नहीं लगता। सामान्य तौर पर पांच साल की लगातार सेवा पूरी होने से पहले निकासी करने पर टीडीएस का प्रावधान है। नियमों के अनुसार, निर्धारित शर्तों के तहत 50,000 रुपये से अधिक की निकासी पर 10 फीसदी टीडीएस लागू होता है।

पेज एक का शेष

फॉर्म-6 अब तक...

कोर्ट ने इसे मंजूर या नामंजूर किया था।पीठ ने कहा कि इस याचिका पर एसआईआर से जुड़ी दूसरी लंबित याचिकाओं के साथ ही सुनवाई की जाएगी। अदालत ने इन सभी याचिकाओं की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तारीख दी है।

पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध...

और वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा कि सही तरीके से लागू किए बिना प्रतिबंध बेअसर रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों का हर समय हर गली में मौजूद रहना नामुमकिन है।

सपा और शिक्षा कभी...

नाम जप करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सपा शिक्षक हितैषी होने का ढोंग रच रही है। उसे यह बताना चाहिए कि चार बार सपा के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वह शिक्षकों को कैशलेस इलाज क्यों नहीं दे पाई? क्यों नहीं उन्होंने शिक्षा जगत से जुड़ी हुई समस्या का समाधान किया? मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के पीडीए के नारे का वास्तविक अर्थ 'परिवार डेवलपमेंट ऑथोरिटी' और 'पराया धन अपना' बताते हुए कहा कि यह राज्यसभा के चुनाव में भी साबित हुआ। एक प्रत्याशी परिवार डेवलपमेंट ऑथोरिटी से के चचा जान बने तो दूसरे पराया धन अपना फॉर्मूले से मुंबई के एक धन्नासेठ। उनके पीडीए में शेष समाज के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम ने कहा कि सपा के बार गिरगिट की तरह रंग बदलने से आज गिरगिट भी खुश हो रहा होगा कि चलो सपा के रूप में मेरा एक नया साथी मिल गया है जो मेरे साथ कंपटीटर के रूप में काम करेगा। आखिर उसकी तरह रंग बदलने वाला कोई जीव तो चाहिए, वो सपा के रूप में आ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी अगर यह उपदेश करे कि उसके आने पर अमन-चैन आएगा, शांति मिलेगी, सुरक्षा होगी, तो यह वही उसी प्रकार का है जैसे कोई मगरमच्छ पानी के किनारे आकर उपदेश दे रहा हो कि अब मैंने शिकार करना बंद कर दिया है। सीएम ने कहा कि सपा के लोग नौका पार कराने वाले नहीं, नौका डुबाने वाले लोग हैं। इन पर कभी विश्वास करने की आवश्यकता नहीं। ये शिक्षा की नौका को डुबाने वाले हैं, शिक्षकों का अपमान करने वाले हैं, शिक्षा जगत को पूरी तरह कलंकित करने वाले लोग हैं। इन लोगों पर विश्वास कतई नहीं करना है। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह व्यवस्था का संचालन करता है, देश का भविष्य तय करता है। शिक्षकों और उनके हितों के लिए जितना भी किया जाए, वह कम है क्योंकि गुरु ऋण से कोई व्यक्ति कभी उऋण नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु सम्मान की भारत के विशिष्ट परंपरा रही है। श्रीराम और श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को निखारने में उनके गुरुओं महर्षि वशिष्ठ और महर्षि संदीपनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह भारत का स्वर्ण युग तब बनता है, जब किसी चंद्रगुप्त को चाणक्य जैसे गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। सीएम योगी ने कहा कि एक शिक्षक का सम्मान तब होता है जब उसके पढ़ाए छात्र स्वतः शिक्षा के मंदिरों से आगे बढ़कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करता है। तब लोग भी पूछते हैं, कौन इनका गुरु है? कहां से पढ़े हैं, कहां से आए हैं? सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा, शिक्षक, शिक्षण संस्थान और विद्यार्थियों के हित में कार्य केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, क्योंकि भाजपा के एजेंडे में शिक्षा भी है, शिक्षण संस्थान भी है, शिक्षक भी है और छात्र भी हैं। इसके साथ युवा, विकास और विरासत भी भाजपा के एजेंडे के हिस्से हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ कि शिक्षकों की अपेक्षाओं को सरकार ने बिना शिक्षकों के धरना प्रदर्शन किए पूर्ण किया। मांग रही या नहीं रही, उनकी सरकार ने बेसिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक, शिक्षकों से लेकर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी कार्मिकों व उनके परिजनों को पांच लाख रुपये कैशलेश इलाज की सुविधा दी। इसके साथ ही बिना वेतन कटौती शिक्षकों को सुरक्षा बीमा का कवर भी उपलब्ध करवाया गया है। सरकार के द्वारा संचालित या अनुदानित विद्यालय का कोई शिक्षक दुर्भाग्य से यदि दुर्घटना का शिकार होता है, 80 लाख से लेकर के 1 करोड़ 20 लाख रुपये उस परिवार को उपलब्ध करवाने की व्यवस्था कर दी गई। शिक्षामित्रों, अन्य शिक्षकों और रसोइयों को भी सुरक्षा बीमा का कवर उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 और अनुदेशकों का मानदेय 9000 से बढ़ाकर 17,000 रुपये किया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान वर्ष 2004 का एक रोचक संस्करण सुनाया। कहा कि तब एक दिन अपने संसदीय क्षेत्र में जाते वक्त उन्हें साइकिल से जाती एक महिला शिक्षक मिली जो कंधे पर बंदूक लटकाए थी। पूछने पर उसने कहा, 'सरकार कैसी है आप जान रहे हैं, इसलिए मुझे अपनी और स्कूल के बच्चों की सुरक्षा के लिए स्वयं कंधे पर बंदूक लेकर साइकिल जा रही हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान यह है कि शिक्षा व्यवस्था अच्छी हो। सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के और प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत हर विद्यालय के भव्य और अच्छे आलीशान भवन बनाकर उन्हें सुविधा संपन्न करने का काम किया है। अकेले माध्यमिक शिक्षा से जुड़े हुए 2300 राजकीय और अनुदानित विद्यालयों को बिना भेदभाव धनराशि उपलब्ध करवाई गई। सीएम ने कहा कि शिक्षक अच्छे भवन के नीचे बैठें, छात्र अच्छे भवन के नीचे पढ़ें, उन्हें बुनियादी सुविधाएं मिलें, स्मार्ट क्लास बनें, कंप्यूटर लैब बनें, डिजिटल लाइब्रेरी बने ये सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य आगे बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे तब 2005 में उन्होंने न्यू पेंशन स्कीम लागू की थी। वे चाहते तो नहीं लागू करते, लेकिन ये सब मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू वाले हैं। उन्होंने कहा कि सपा आज झूठे वादे इसलिए करती है कि उसे भी पता है कि उसकी सरकार कभी आनी नहीं है, इसलिए कुछ भी बोल दो। सीएम ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी धोखा दे रही है। 2005 में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी ने जब न्यू पेंशन स्कीम लागू की तो उस समय की शर्त थी कि जो भी व्यक्ति न्यू पेंशन स्कीम में आएगा, उसका एक अकाउंट खुलेगा। सरकार का शेयर 10 प्रतिशत, कर्मचारी का प्रतिशत 10 प्रतिशत होगा और दोनों मिलाकर अकाउंट में पैसा जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सपाचट करने वाली पार्टी है। इसने एक भी सरकारी कर्मचारी या शिक्षक का अकाउंट नहीं खोला, एक भी पैसा जमा नहीं किया। जब 2017 में भाजपा की सरकार बनी तो मैंने 2018 में कमेटी गठित की। और, 2019 के प्रारंभ में 10 हजार करोड़ रुपया फिर से अलग से उपलब्ध करवाया और 14 लाख सरकारी कर्मचारियों के अकाउंट खुलवाकर पैसा भेजने का काम किया। मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव भी मुख्यमंत्री बने थे लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों के हित के लिए जो अच्छा होगा, सरकार उस प्रकार का कदम उठाने में कोई हिचक नहीं दिखाएगी। हम आपके साथ हैं, आपके हितों का संरक्षण करेंगे क्योंकि हमारा प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि रेवेन्यू सरप्लस राज्य है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले सफाई सारा पैसा खा जाते थे, लूट-खसोट कर लेते थे। सैफई सिंडिकेट इस प्रकार की अराजकता फैलाता था कि प्रदेश के अंदर विकास चौपट था। नौजवान को नौकरी नहीं मिलती थी। शिक्षा आयोग में सैफई सिंडिकेट ने सारे अपने रिश्तेदार भर दिए थे। सबको पता है कि भर्तियों में क्या होता था। पैसा लेकर सबकुछ सैफई के माध्यम से तय होता था। उन्होंने कहा कि 2017 में जब हम लोग आए तो प्रदेश के अंदर डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली थे। हम लोगों ने नियुक्ति निकाली और फ़ेयर सलेक्शन हुआ, हर जिले से सिलेक्शन हुआ। हर आयोग में हमने शिक्षकों को मेंबर के रूप में रखा है। उन्होंने कहा कि आपने प्रदेश और केंद्र में अच्छी सरकार बनाई बनाई है तो देश विकास कर रहा है। प्रदेश भी अब बीमारू राज्य नहीं है, पहचान के लिए मोहताज नहीं है। अब तो उत्तर प्रदेश का वासी कहीं भी जाता है तो सामने वाला व्यक्ति का चेहरा खिल जाता है, वह उसको गले लगाने के लिए उतावला दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पूर्व अराजकता और उपद्रव के कारण प्रदेश के सामने एक बदनुमा दाग जो लगा था। उस दाग के कारण पहचान का संकट था। पहचान का संकट था तो कोई निवेश भी नहीं करता था, कोई विकास भी नहीं होता था। आज पहचान का संकट नहीं है, आज तो विकास है, विरासत है, निवेश है, रोजगार भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज का जागरूक प्रहरी है।

समंदर में दुश्मन...

और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के केंद्र भी बन गए हैं। आईएनएस मंगरोल के कमांडिंग ऑफिसर यू. शरण कुमार ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई देशों की ओर से पनडुब्बियों की तैनाती में काफी वृद्धि हुई है। नौसेना ने बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित मंगरोल के डिजाइन, निर्माण तथा उन्नत हथियारों और सेंसरों को एकीकृत करने की भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। इस पोत का नाम गुजरात के जूनागढ़ जिले के तटीय शहर और मछली पकड़ने वाले प्रमुख बंदरगाह मंगरोल के नाम पर रखा गया है।

सेना के लिए भारत...

जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल छोटी लग सकती है, लेकिन इससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में राशन पहुंचाने वाले सैनिकों को बहुत राहत मिलेगी। राजनाथ सिंह ने इस बात पर बल दिया कि सैनिकों की परिचालन तत्परता केवल हथियारों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्थिरता, मनोबल और सहनशक्ति पर भी आधारित होती है, खासकर जब वे सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा कर रहे होते हैं। उन्होंने सैनिकों के कल्याण को एक मामूली मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग बताया और कहा कि पौष्टिक भोजन, मजबूत उपकरण और संपूर्ण प्रशिक्षण सैनिकों का मनोबल बढ़ाते हैं, जिससे वे हर चुनौती का सामना करने और राष्ट्र की रक्षा करने के लिए तैयार रहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध में हथियार, उपकरण और प्रौद्योगिकी ही एकमात्र महत्वपूर्ण तत्व नहीं हैं, रसद व्यवस्था भी युद्ध शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज के युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं जीते जाते, बल्कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती, भंडारण क्षमता, परिवहन नेटवर्क, भंडारण अवसंरचना और समय पर आपूर्ति की क्षमता जैसे कारक भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस प्रकार लड़ाकू विमान अब एक्सप्रेसवे पर उतर रहे हैं और सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित सड़कों और पुलों का उपयोग स्थानीय निवासी भी कर रहे हैं, उसी प्रकार एफसीआई के गोदाम अब केवल खाद्य भंडारण तक सीमित नहीं रहेंगे, वे भारतीय सेना की आपूर्ति श्रृंखला का अभिन्न अंग बन जाएंगे। भारत चावल की आपूर्ति जल्द नेफ़ेड के माध्यम से की जाएगी। यह 10 एवं 18 किलो के थैलों में होगा जो उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होगा। इस अवसर पर उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारत चावल पहल की सराहना की और कहा कि देश की रक्षा में अद्वितीय साहस और समर्पण दिखाने वाले सैनिकों को उच्च गुणवत्ता वाला चावल उपलब्ध कराना उनके विभाग के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि देश के रक्षकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना और उनकी जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है।

दुनिया में बढ़ी...

वाले अपने लोगों के प्रतिशत को आधा कर दिया है। इनमें सब-सहारा अफ्रीका के छह देश शामिल थे। यूएनडीपी ने कहा कि सबसे तेजी से तरक्की करने वाले देशों में चीन और वियतनाम शामिल है। पिछले साल की तरह, रिपोर्ट में पाया गया कि सबसे गरीब लोगों की बड़ी संख्या सब-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में है। मिस्र, नेपाल और तजाकिस्तान में गरीबी की दर और गरीब लोगों की कुल संख्या दोनों में कमी आई है। इस इंडेक्स में केवल आय को नहीं, बल्कि बुनियादी सुविधाओं जैसे पक्का मकान, शौचालय, बिजली, रसोई ईंधन, भोजन, पोषण और शिक्षा के अभाव को मापा जाता है।

सीजेआई ने मुलाकात...

महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी मुलाकात पहले से तय नैतिक नियमों और न्यायिक मर्यादा के भी खिलाफ होगी। उन्होंने कहा, 'इस संदर्भ में मैं आपको यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि हमारे संवैधानिक ढांचे के तहत, उच्चतम न्यायालय को आपके पत्र में उठाए गए मुद्दों पर प्रशासनिक रूप से कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। गांधी और खरगे के पत्र के जवाब में प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हालांकि, संविधान के अनुच्छेद 32 और न्यायिक समीक्षा समेत विभिन्न अधिकारों के तहत, हम न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से भारत के नागरिकों को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों पर विचार करने के लिए बाध्य हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नागरिक कानून में निर्धारित प्रक्रिया के तहत किसी भी समय अपने अधिकारों के सिलसिले में अदालत का रुख कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'इसलिए, प्रशासनिक स्तर पर ज्ञापन सौंपने के बजाय आपके लिए उच्चतम न्यायालय की न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करना अधिक उचित होगा।

विपक्ष ने पहली...

करने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पीआईएल में 11 विपक्षी नेताओं को याचिकाकर्ता बनाया गया है। इनमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सौगत रॉय, अखिलेश यादव, तेजस्वी प्रसाद यादव, संजय राउत, एम. ए. बेबी, डी. राजा, महुआ माजी, सुप्रिया सुले और ई. टी. मोहम्मद बशीर शामिल हैं। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। विपक्षी नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं। साथ ही, उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग भी की है।

हरिद्वार में कैबिनेट के 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर, ऋषिकुल में बनेगा प्राच्य शोध संस्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को हरिद्वार में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में विकास से जुड़े 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में कुंभ मेला-2027 की तैयारियों, स्वास्थ्य, आवास और विकास योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कैबिनेट बैठक के बाद सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मीडिया को फैसलों की जानकारी दी।



बैठक का प्रमुख निर्णय हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में प्राच्य शोध संस्थान की स्थापना से जुड़ा रहा। इस संस्थान के माध्यम से भारतीय योग, ध्यान, ज्योतिष और आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। संस्थान का संचालन सोसायटी मोड में किया जाएगा। इसके लिए समिति गठित करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार में कैबिनेट बैठक आयोजित करने का उद्देश्य जनता से जुड़े फैसले जनता के बीच जाकर लेना है। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रियों की भी यही सामूहिक सोच है कि सरकार की निर्णय प्रक्रिया को जनसामान्य के और करीब लाया जाए। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को दी गई विकास योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया गया। कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने हरकी पैड़ी पर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के अवसर पर किया गया। मुख्यमंत्री ने मां गंगा से प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही देश की निरंतर प्रगति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए भी प्रार्थना की। बैठक में कुंभ मेला-2027 की तैयारियों और प्रदेश के विकास से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। आगामी विधानसभा सत्र गैरसैंण अथवा किसी अन्य स्थान पर आयोजित किए जाने से संबंधित प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। कैबिनेट के सभी 13 प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के बाद सरकार ने विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और जनहित से जुड़े निर्णयों पर जोर दिया। बता दें कि मुख्यमंत्री ने हर जिले में कैबिनेट बैठक करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत चंपावत जिले से हो चुकी है। अब दूसरी कैबिनेट बैठक हरिद्वार में हुई है।

त्रिपुरा में हथकरघा पुनरुद्धार के लिए आईआईटी रुड़की और टीआरएलएम में एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। त्रिपुरा में महिलाओं के नेतृत्व वाले हथकरघा उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की और त्रिपुरा ग्रामीण आजीविका मिशन (टीआरएलएम) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



इस अवसर पर त्रिपुरा सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव अभिषेक सिंह और आईआईटी रुड़की के डिजाइन विभाग के प्रमुख प्रो. ए.के. शर्मा मौजूद रहे। एमओयू पर टीआरएलएम के सीईओ तरित कांति चकमा और आईआईटी रुड़की के प्रो. बिभूति रंजन भट्टाचार्य ने हस्ताक्षर किए। तीन वर्ष की इस साझेदारी के तहत उत्तर त्रिपुरा, उनाकोटी और धलाई जिलों की 500 महिला स्वयं सहायता समूह बुनकरों को सशक्त बनाया जाएगा। प्रौद्योगिकी, डिजाइन नवाचार, कौशल विकास, ब्रांडिंग, उद्यमिता और डिजिटल बाजार तक पहुंच को एकीकृत कर पारंपरिक हथकरघा क्षेत्र को टिकाऊ और बाजारोन्मुख आजीविका तंत्र में बदला जाएगा। सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि अनुसंधान को प्रयोगशाला से क्षेत्र तक ले जाना जरूरी है ताकि वास्तविक चुनौतियों का समाधान हो सके। प्रो. ए.के. शर्मा ने कहा कि आईआईटी रुड़की विकास पहलों से जुड़कर स्थाई प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीआरएलएम सीईओ तरित कांति चकमा ने कहा कि ग्रामीण समुदायों तक ज्ञान और नवाचार पहुंचाने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से सहयोग किया जा रहा है। यह सहयोग आईआईटी की डिजाइन और तकनीकी विशेषज्ञता को टीआरएलएम के व्यापक नेटवर्क से जोड़ेगा। पारंपरिक शिल्प को समकालीन डिजाइन से जोड़कर उत्पादकता और बाजार पहुंच बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रो. सौरव अरोड़ा, प्रो. कल्पक कुलकर्णी और टीआरएलएम अधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली में बदला मौसम, सुबह की शुरुआत आंधी-पानी से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह की शुरुआत आंधी-पानी से हुई। दिल्ली-एनसीआर में रात आधीरात हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से मौसम में अचानक बदल गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग का (आईएमडी) पूर्वानुमान है कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान के साथ मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने आने वाले छह दिन तक दिल्ली के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और बारिश न होने का अनुमान लगाया है। अचानक हुई बरसात से मौसम ठंडा हो गया है। आईएमडी के अधिकारियों का कहना है कि पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इससे पहले आईएमडी के रविवार शाम जारी सात दिन पूर्वानुमान के अनुसार, 13 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 14 अक्टूबर को अधिकतम तापमान बढ़कर 33-35 डिग्री सेल्सियस होने की उम्मीद है, जबकि न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 15 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 31-33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 16 अक्टूबर को तापमान अधिकतम 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। 17 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

जनता दर्शन में समस्याओं का अंबार, 20 शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। जिले में जनसमस्याओं के समाधान के लिए आयोजित जनता दर्शन में पेयजल, सड़क, पेंशन और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं फिर सामने आईं। मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 20 शिकायतें दर्ज की गईं।



सीडीओ ने अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए, लेकिन शिकायतों के विवरण से साफ है कि कई मामलों में समाधान के लिए अभी जांच, स्थलीय निरीक्षण, प्राक्कलन या प्रस्ताव की प्रक्रिया आगे बढ़नी है। दुगड्डा विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंजीकरण नहीं होने की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए गए। कांडई गांव में सीवर का गंदा पानी बहने की समस्या पर नगर पालिका को नाली निर्माण जल्द शुरू कराने को कहा गया। वहीं, दोमटखाल मोटर मार्ग पर क्षतिग्रस्त स्कपर से दुर्घटना की आशंका को देखते हुए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए। पेयजल संकट की शिकायतें भी जनता दर्शन में प्रमुखता से उठीं। ग्राम नौली में कनेक्शनों पर जलापूर्ति बाधित होने के मामले में जल निगम को स्थलीय निरीक्षण कर प्राक्कलन प्रस्तुत करने को कहा गया। जामणाखाल पेयजल योजना से जुड़े दुर्गाकोट, कमेड़ा समेत अन्य गांवों में पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल संस्थान को मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए गए। विधवा पेंशन नहीं मिलने की शिकायतों पर संबंधित विभाग को प्रकरणों की जांच कर निस्तारण करने को कहा गया। सहकारी समितियों के सेवानिवृत्त सचिवों की ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़े मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने पर संबंधित विकासखंडों से जांच कराकर लाभार्थियों को वास्तविक स्थिति बताने को कहा गया। यमकेश्वर क्षेत्र में जंगली जानवरों के आतंक से परेशान लोगों की शिकायत पर वन विभाग को आवश्यक स्थानों पर पिंजरे लगाने और नियमित गश्त करने के निर्देश दिए गए। पट्टी कफोलस्यूं में ग्रामीण सड़कों पर झाड़ी कटान का काम सर्वे के बाद आगामी सप्ताह से शुरू करने की जानकारी दी गई। पयासू गांव में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही गई। संगलाकोटी सड़क निर्माण के कारण भूधंसाव से क्षतिग्रस्त पुश्ते और क्षतिग्रस्त पुलिया की समस्या पर भी स्थलीय निरीक्षण कर मरम्मत की कार्रवाई करने को कहा गया। जनता दर्शन में सीडीओ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार और समयबद्ध कार्रवाई की जाए। पूर्व में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। हालांकि, जनता दर्शन की असली कसौटी केवल शिकायतें सुनना और निर्देश देना नहीं, बल्कि प्रभावित लोगों को समय पर राहत पहुंचाना है। अब यह देखना अहम होगा कि इन 20 शिकायतों में से कितनों का निस्तारण तय समयसीमा में हो पाता है।

युवा देश और राज्य के भविष्य के कर्णधार: डॉ. रवींद्र

हरिद्वार। एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज में सोमवार को उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत, विकसित भारत 2047' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 64 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर विकसित भारत और उत्तराखंड के विकास को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी ने कहा कि युवा ही देश और राज्य के भविष्य के कर्णधार हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैचारिक प्रखरता विकसित करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण के प्रति संकल्प और जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत करती हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनील बत्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देश और प्रदेश के विकास के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही, उन्हें विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका समझने का अवसर मिलता है।

पंजाब में पिछड़ा वर्ग के 139 लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए 4.82 करोड़ रुपये के ऋण: बलजीत कौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ बलजीत कौर ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग के 139 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 4.82 करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराए हैं। मंत्री ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि लोगों को अपना कारोबार शुरू करने, पारिवारिक आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने पात्र लोगों से सरकार की स्वरोजगार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

नवगछिया में गंगा का रौद्र रूप: 'कटघुरना' के भंवर में समा रहे पक्के मकान, 30 घरों पर मंडराया खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। गंगा नदी के घटते जलस्तर के साथ ही खरीक प्रखंड के राघोपुर पंचायत में कटाव ने तबाही मचा रखी है। नदी में उठने वाले खतरनाक भंवर, जिसे स्थानीय भाषा में 'घुरना' या 'कटघुरना' कहा जाता है, के कहर से पक्के मकान ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। शुक्रवार की देर शाम से शुरू हुआ यह तांडव रविवार देर रात तक जारी रहा, जिससे छोटी अलालपुर निवासी अविनाश कुमार मंडल और बाल मुकुंद मंडल के मजबूत पक्के मकान देखते ही देखते गंगा नदी में विलीन हो गए। इससे पहले इस विनाशकारी कटाव की चपेट में रेल बांध, ब्रह्म बाबा स्थान और बजरंगबली स्थान भी आ चुके हैं। वर्तमान में राघोपुर, शंकरपुर अलालपुर और छोटी अलालपुर गांवों के करीब 30 घरों पर कटाव का सीधा खतरा मंडरा रहा है,



जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत है। कटाव की रफ्तार इतनी तेज है कि शुक्रवार को पूर्व जिला पार्षद प्रेमशीला देवी, उदय मंडल, पुतुल मंडल, मिथिलेश क्रांति और अनिल मंडल समेत 10 लोगों के आशियाने गंगा में समा गए थे। ग्रामीण रंजीत मंडल, त्रिलोकी नाथ दिवाकर और अविनाश कुमार मंडल ने बताया कि पानी गोल-गोल घूमते हुए किनारे की मिट्टी को अंदर ही अंदर काट देता है। पहले मकान के नीचे की जमीन पूरी तरह खोखली हो जाती है और जैसे ही नींव का सहारा खत्म होता है, आरसीसी से बने मजबूत मकान भी पल भर में जमींदोज हो जाते हैं। विशेषज्ञों और भू-वैज्ञानिक दृष्टि से नदी में उठने वाले इस घूर्णी प्रवाह के पीछे नदी के बहाव और मिट्टी की कमजोरी से जुड़े महत्वपूर्ण कारण हैं। उल्लेखनीय है कि घूर्णी प्रवाह (भंवर) नदी की मुख्य धारा की दिशा, मोड़ और तल की असमान बनावट के कारण भंवर बनता है। यह तेज बहाव किनारे की कमजोर मिट्टी को उखाड़ देता है। खोखली नींव गंगा के तल में रेत, गाद और मिट्टी की परतें होती हैं। भंवर सबसे पहले नीचे की कमजोर परतों को काटता है, जिससे ऊपर की जमीन अचानक धंस जाती है। जलस्तर घटने के दौरान भी कटाव जारी रहने का कारण इंजीनियरिंग में 'रैपिड ड्रॉडाउन' कहलाता है। बाढ़ के समय मिट्टी में पानी सोखने से अंदरूनी दबाव बढ़ जाता है। पानी घटने पर बाहरी सहारा कम हो जाता है, जिससे तट अस्थिर होकर ढह जाते हैं। नदी के मोड़ पर मुख्य धारा का दबाव बाहरी किनारे की ओर बढ़ता है।

जेल में बंदी की पहचान में चूक पर तीन जेलकर्मी निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा, बिहारशरीफ। नालंदा में जेल से बंदी की अनधिकृत रिहाई का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही और चूक पाए जाने पर जेल उपाधीक्षक अरविंद कुमार, जेल सहायक अधीक्षक अमरेंद्र कुमार तथा कक्षपाल सह प्रवेश शाखा सहायक नवीस कुमार को निलंबित कर दिया गया है। तीनों कर्मियों के विरुद्ध संबंधित प्राधिकारी एवं विभाग की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है। जानकारी के अनुसार, 7 और 8 अक्टूबर 2026 को सूचना मिली कि अस्थावां थाना कांड संख्या 203/26 एवं 201/26 के विचाराधीन बंदी सतीश चौहान उर्फ सतीश बिंद, पिता नागो बिंद उर्फ नागो चौहान, निवासी सोयवापर, थाना अस्थावां, जिला नालंदा के स्थान पर अस्थावां थाना कांड संख्या 362/25 के दूसरे विचाराधीन बंदी चंद्रदीप चौहान उर्फ चंद्रदीप बिंद, पिता नागो बिंद उर्फ नागो चौहान, निवासी सोयवापर, थाना अस्थावां, जिला नालंदा को अनधिकृत रूप से जेल से रिहा कर दिया गया था। यह घटना 24 सितंबर 2026 से संबंधित बताई गई है। मामला संज्ञान में आने के बाद जेल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सतीश चौहान उर्फ सतीश बिंद को 2 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न में जेल से मुक्त कर दिया। वहीं, अनधिकृत रूप से रिहा हुए चंद्रदीप चौहान उर्फ चंद्रदीप बिंद ने भी 2 अक्टूबर 2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

पौड़ी में रामलीला का 126वां मंचन शुरू, राम लक्ष्मण सहित चारों भाइयों का जन्म प्रसंग मंचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। श्री रामलीला मंचन एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित पौड़ी की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ हो गया। पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष यशपाल बेनाम, रामलीला समिति के संरक्षक आशुतोष नेगी और जिला स्काउट गाइड सचिव केसर सिंह असवाल ने संयुक्त रूप से रामलीला का उद्घाटन किया। इस दौरान भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने के साथ ही धार्मिक और पौराणिक परंपराओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि यशपाल बेनाम ने कहा कि धार्मिक और पौराणिक महत्व के आयोजनों को संरक्षित रखने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पौड़ी की रामलीला का 126वां मंचन इस बात का प्रमाण है कि यहां की



सांस्कृतिक परंपराएं निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, धर्म और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समिति के उपाध्यक्ष मनोज रावत अंजुल ने जनता से रामलीला के आयोजन में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समिति को मिलने वाला सहयोग कलाकारों का उत्साह बढ़ाने के साथ ही पौड़ी की ऐतिहासिक रामलीला को मजबूती प्रदान करता है। रामलीला के पहले दिन की शुरुआत 'गाइए गणपति जग वंदन' की स्तुति से हुई। इसके बाद कैलाश पर्वत पर शिव-पार्वती संवाद के अंतर्गत 'जब नीच निशाचर पाप करे' प्रसंग का मंचन किया गया। इसके बाद रावण दरबार में शुक्राचार्य द्वारा राक्षसों को ऋषि-मुनियों को सताने और उनसे कर वसूलने के लिए प्रेरित करने के प्रसंग ने कथा को आगे बढ़ाया। अयोध्या में राजा दशरथ की सभा, दशरथ-सुमंत संवाद, पुत्रेष्टि यज्ञ और भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के जन्म की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद जनक दरबार में प्रजाजनों के आग्रह पर राजा जनक द्वारा हल जोतने और इसी दौरान माता सीता के प्राकट्य का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। दशरथ-सुमंत संवाद में राजा दशरथ की व्याकुलता को दर्शाता गायन 'मेरे पुत्र नाहीं, पुत्र नाहीं, पुत्र नाहीं जी' विशेष रूप से मार्मिक रहा। वहीं, राजा जनक की भूमिका में गोपाल नेगी के गायन 'तुम कौन कहां से आये' और रावण की भूमिका में आशुतोष नैथानी के गायन 'मैं रावण हूं, दशानन हूं' को दर्शकों ने खूब सराहा। दशरथ के पात्र के लिए दिनेश रावत 'टिन्नू' ने पार्श्व गायन किया।

मां का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति : राजन चमन, मां दुर्गा के दरबार में तीसरे वर्ष भी सेवा का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। मां दुर्गा के प्रति अटूट आस्था और सेवा भाव के साथ हरदी स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में सार्थक ग्रुप की ओर से लगातार तीसरे वर्ष निःशुल्क शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर चल रहे इस सेवा कार्यक्रम के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और शरबत ग्रहण किया।

आयोजन के माध्यम से मां के दरबार में आने वाले भक्तों की सेवा के साथ सामाजिक सहयोग, समर्पण और सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है। सार्थक ग्रुप के निदेशक राजन चमन अपनी पूरी टीम के साथ सेवा कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हैं। ग्रुप के सहयोगी श्रद्धालुओं को शरबत वितरित कर रहे हैं। मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों के बीच इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। लगातार तीसरे वर्ष इस परंपरा को आगे बढ़ाना आयोजन से जुड़े लोगों की धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस अवसर पर सार्थक ग्रुप के निदेशक राजन चमन ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा, मां दुर्गा के आशीर्वाद से ही मैं जीवित हूं और जीवन में कुछ कर पा रहा हूं। मेरे जीवन में मां की कृपा ही सबसे बड़ी शक्ति है। कठिन परिस्थितियों में भी मां के प्रति मेरी आस्था और लोगों का स्नेह मुझे आगे बढ़ने का हौसला देता है। उन्होंने कहा कि मां के दरबार में श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था से जुड़ा भावनात्मक संकल्प है। उनका प्रयास है कि नवरात्र के दौरान मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सेवा और सहयोग का अनुभव मिले। राजन चमन ने कहा कि निःशुल्क शरबत वितरण कार्यक्रम किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं है। इसके पीछे सार्थक ग्रुप के कर्मवीर सहयोगियों की अथक मेहनत, अभिभावकों का अटूट विश्वास और हरदी ग्रामवासियों का स्नेह एवं सहयोग है। उन्होंने इस सेवा कार्य में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक पहल को निरंतर जारी रखने के लिए सामूहिक सहयोग और आपसी विश्वास जरूरी है। साथियों के समर्पण और ग्रामीणों के सहयोग से ही यह सेवा परंपरा लगातार तीसरे वर्ष आगे बढ़ रही है। मां के दरबार में श्रद्धालुओं की सेवा से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। सार्थक ग्रुप की ओर से आयोजित निःशुल्क शरबत वितरण कार्यक्रम कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक जारी रहेगा। इस दौरान मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े लोगों का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063